# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026
















## रसोई गैस का संकट : घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का समय लगभग ढाई दिन

# एलपीजी के प्रोडक्शन में 25% की 'बढ़ोतरी' सरकार बोली- पैनिक बुकिंग की जरूरत नहीं


नवी मुंबई में रेस्टोरेंट बंद

*पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि वे घबराएं नहीं। उनको सही वक्त पर गैस सिलेंडर मिलता रहेगा*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर भारत समेत कई देशों पर दिख रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संकट को देखते हुए एक इंटर-मिनिस्ट्रियल मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया। सरकार ने साफ किया है कि सप्लाई में रुकावट को मैनेज करने के लिए घरेलू एलपीजी प्रोडक्शन में 25% की बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने कंज्यूमर्स को भरोसा दिलाया कि सिलेंडर की पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है। आम तौर पर घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का समय लगभग ढाई दिन है। फिलहाल मांग को संभालने के लिए सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। किसी भी तरह की कमी के जोखिम को कम करने के लिए सरकार ने देश की रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया है। 8 मार्च को सरकार ने रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों से कहा कि वे अपनी एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाएं। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

**युद्ध से करीब 47.4 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन गैस की सप्लाई प्रभावित**


महाराष्ट्र के शोलापुर में सिलेंडर लेने उमड़ी भीड़

***सरकार ने रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों से कहा कि वे अपना एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाएं***

***रसोई गैस संकट को लेकर कांग्रेस ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया***

### कांग्रेस बोली- झूठी बातें कर रही सरकार बढ़ा पैनिक

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कि सरकार एलपीजी की कमी पर झूठ बोल रही है। सरकार की ओर से गैस एजेंसियों को साफ हिदायत दी गई है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई न करें। ढाबे, रेस्तरां और होटल बंद होने की कगार पर हैं। इस मामले पर कांग्रेस ने सदन के बाहर भी प्रदर्शन किया। इसमें सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल रहीं। विपक्ष ने कहा कि यह सरकार एलपीजी गैस के संकट से निपटने में विफल रही है।

**दो बड़े असर देखिए**

### 1 ट्रेन के सफर में ले जाएं घर का खाना

भारतीय रेलवे अपनी ट्रेनों में पका हुआ भोजन परोसना अस्थायी रूप से बंद कर सकता है। जिन यात्रियों ने टिकट बुक करते समय भोजन पहले से बुक किया था, उन्हें रिफंड भी जारी किया जा सकता है। इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि स्थिति अभी गंभीर है और आने वाले दिनों में और बिगड़ सकती है। ट्रेनों में खानपान सेवाएं आईआरसीटीसी के बेस किचन में तैयार किए गए भोजन पर निर्भर करती हैं। हालांकि ट्रेनों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 2 गैस की ऑनलाइन बुकिंग लगभग बंद

**भोपाल।** बुधवार को एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग बंद हो गई। एजेंसी संचालकों को अनुसार एचपीसीएल का साफ्टवेयर क्रैश हो गया। जिसके एचपी गैस उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग नहीं हो रही है और बार-बार कॉल करने पर ओटीपी का मैसेज नहीं पहुंच रहा है। यही दिक्कत ▸▸ शेष पेज 4 पर

***एचपीसीएल का साफ्टवेयर क्रैश आईओसी और बीपीसीएल में भी दिक्कत***

**अमेरिका इजराइल व ईरान युद्ध से तेल संकट**

*समुद्र में रूस के 'मायलो' और 'सारा' तेल जहाजों को नहीं मिल रहे थे खरीदार*

# सिंगापुर जाते जहाज भारत आएंगे भारत खरीदेगा 3 करोड़ बैरल तेल


एआई फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत अब करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदने की तैयारी में है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी भारतीय कंपनियों ने रूस से तेल खरीदने के समझौते किए हैं। इंडियन ऑयल ने लगभग 1 करोड़ बैरल और रिलायंस ने भी करीब 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा, जबकि बाकी तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियां खरीदेंगी। कुछ रूसी तेल टैंकर, जो पहले सिंगापुर की ओर जा रहे थे, उन्होंने अब अपना रास्ता बदलकर भारत की तरफ कर लिया है। इनमें 'मायलो' और 'सारा' जैसे बड़े जहाज शामिल हैं। ये जहाज ▸▸ शेष पेज 4 पर

- *फारस की खाड़ी में 28 भारतीय ध्वजवाहक जहाज परिचालन कर रहे*
- *इंडियन ऑयल ने लगभग 1 करोड़ बैरल, रिलायंस करीब 1 करोड़ बैरल जबकि बाकी तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियां खरीदेंगी*
- *जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से की बात, तेल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बनी सहमति*

*एर्दोगन ने इजराइल-यूएस को दी वॉर्निंग*

### ईरान पर हमले नहीं रोके तो गंभीर परिणाम

तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया। अगर अमेरिकी नेतृत्व में हो रहे हमलों को नहीं रोका गया तो क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तुर्की अपने देश और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है।

**पुतिन बोले**

### हम करेंगे आपूर्ति लेकिन...खरीदारी लगातार करनी होगी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस यूरोप को तेल और गैस की आपूर्ति के लिए तैयार है, लेकिन इसके साथ कुछ शर्तों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर यूरोपीय कंपनियां और खरीदार लंबे समय तक स्थिर सहयोग चाहते हैं तो रूस कभी मना नहीं करेगा। ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

**खबर संक्षेप**

### सेंसेक्स 1,000 अंक लुढ़का डूब गए 2.50 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** मंगलवार को जब शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी, तब ट्रंप ने ईरान वॉर



जल्द खत्म होने के संकेत दिए थे। लेकिन बुधवार को एक बार फिर से शेयर बाजार में गिरावट आई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र के दौरान 1000 अंकों से ज्यादा नीचे दिखाई दिया। जिसकी वजह से निवेशकों को 2.50 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### अब सोना ही नहीं, चांदी भी दिलाएगी 'लोन'

**नई दिल्ली।** मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब चांदी भी काम आएगी। आरबीआई



ने एक अप्रैल से चांदी के बदले लोन देने के नए नियमों को मंजूरी दे दी है। अभी तक बैंक और फाइनेंस कंपनियां मुख्य रूप से सोने पर ही लोन देती थीं, लेकिन अब बैंकों व फाइनेंस कंपनियों में चांदी गिरवी रखकर भी नकदी प्राप्त की जा सकेगी।

**माता-पिता गए थे मजदूरी करने**

# कुए में मिले 3 बच्चों के शव इनमें 20 दिन का नवजात भी



**पुलिस पता कर रही है कि घर से कुए तक कैसे पहुंचे?**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

सनावद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलगांव और भोमवाड़ा के बीच एक खेत के कुए से तीन बच्चों के शव बरामद हुए हैं। घटना के वक्त बच्चों के माता-पिता मजदूरी करने गए हुए थे। मलगांव निवासी मुकेश भमोरिया के खेत में एक परिवार मजदूरी करने के लिए आया था और यहीं रहता था। घटना के समय बच्चों के परिजन मजदूरी पर गए हुए थे और तीनों बच्चे घर पर थे। खेत में पहुंचे अन्य लोगों ने कुए में बच्चों के शव देखे, जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मृतकों में करण (4), अर्जुन (2.5), एक 20 दिन का शिशु शामिल है। सूचना मिलते ही बड़वाह एसडीओपी अर्चना रावत और सनावद टीआई धर्मेंद्र यादव घटनास्थल पर पहुंचे। तहसीलदार केसी सोलंकी भी मौके पर मौजूद रहे। शवों को कुए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सनावद अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना के सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

**पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

# अंजना हत्याकांड की अब सीबीआई करेगी जांच.. सुप्रीम कोर्ट का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सागर जिले (बरोदिया नौनागिर) के बहुचर्चित अंजना हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मध्य प्रदेश पुलिस की जांच थ्योरी को नकारते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने यह आदेश जारी किया है। इस फैसले के बाद पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीड़ित परिवार शुरूआत से ही यह आरोप लगाता रहा है कि आरोपियों को पूर्व मंत्री और स्थानीय रसूखदारों का सीधा राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है, जिसके कारण पुलिस ने कभी निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की। इसी रसूख के चलते जब 2019 में अंजना के ▸▸ शेष पेज 4 पर

**अदालत ने मप्र पुलिस की जांच थ्योरी को नकार दिया**




### अंजना की मौत को बताया था हादसा

सबसे बड़ी लापरवाही तब सामने आई जब मुख्य गवाह अंजना की मौत हुई। चाचा राजेंद्र का शव एंबुलेंस से लाते समय अंजना की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे गाड़ी से गिरना बताकर केस रफा-दफा करने की कोशिश की। जबकि पीएम में शरीर पर 14 गंभीर चोटें और सिर की हड्डी में 9 सेमी का बड़ा फ्रैक्चर मिला था।

## वे एक स्पेशल चाइल्ड थीं, लंबे समय से बीमार थीं

**मुखाग्नि भाई वरद ने दी, पंचतत्व में विलीन हुईं सुरभि**

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पुत्री शोक, हृदय गति रुकने से निधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रितु खंडेलवाल की पुत्री सुरभि खंडेलवाल (30 वर्ष) का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। बेटी के निधन की खबर मिलते ही हेमंत खंडेलवाल भोपाल से बैतूल पहुंचे। बुधवार शाम करीब पांच बजे बैतूल गंज स्थित निवास से सुरभि की अंतिम यात्रा निकाली गई। इसके बाद कोठी बाजार मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजन, रिश्तेदार ▸▸ शेष पेज 4 पर


इनसेट में सुरभि

### इलाज के बाद हो रहा था हालत में सुधार

आचार्य विवेक जैन ने बताया कि वे सुरभि खंडेलवाल को काफी समय से एक्यूपंक्चर और नेचुरोपैथी दे रहे थे। सुरभि के शरीर में लगातार अकड़न रहती थी, जिसका इलाज नेचुरोपैथी और एक्यूप्रेशर से किया गया। इलाज के बाद उनकी हालत में कुछ सुधार भी हुआ था। वे चलने-फिरने लगी थीं। उन्होंने बताया कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने जताया शोक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा कि सुरभि खंडेलवाल का बीमारी के कारण निधन अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल ▸▸ शेष पेज 4 पर




हिंदू नववर्ष पर 'कर्मश्री' के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का 25वां वर्ष

# भारतीय संस्कृति के गौरव का उत्सव है 'कर्मश्री' कवि सम्मेलनः रामेश्वर

**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में हिंदू नववर्ष के स्वागत को लेकर 'कर्मश्री' संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का इस बार 25वां वर्ष मनाया जा रहा है। कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि पिछले ढाई दशकों से यह आयोजन भोपाल की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए हजारों नागरिक एक साथ एकत्र होकर काव्य, संस्कृति और परंपरा का उत्सव मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल कवि सम्मेलन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के गौरव का उत्सव है। रामेश्वर शर्मा ने बताया कि हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार 18 मार्च को रात आठ बजे से अटल पथ टीटी नगर में यह भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दीप प्रज्जलवन कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर संतगण, धर्मगुरुओं सहित मंत्रीगण और अन्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।


प्रेस कांफ्रेंस करते शर्मा।

### कुमार विश्वास सहित कई नामचीन कवि करेंगे काव्यपाठ

*शर्मा ने बताया कि कवि सम्मेलन में राष्ट्रवादी कवि एवं श्रीराम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास भी शामिल होंगे। विश्वास के साथ मंच पर देश के प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से दिनेश बावरा, सुदीप भोला, कुशल कुशलेंद्र, अजय अंजम, सान्या राय सहित जैसे कवि शामिल होंगे। कवि सम्मेलन में लगभग 50 हजार से अधिक श्रोताओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए विशेष तैयारी की जा रही है ताकि सभी नागरिक सहजता से कार्यक्रम का आनंद ले सकें। बैठक व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की गई है।*

मंत्री सारंग ने किया रचना टॉवर का दौरा

# रचना टॉवर में होगा सौंदर्यीकरणः पार्क, ओपन जिम खुलने के साथ परिसर में लगेगी पोल लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री सारंग।

मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा के रचना टॉवर परिसर का निरीक्षण कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। नागरिकों द्वारा क्षेत्र में बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं और सौंदर्यीकरण की मांग को ध्यान में रखते हुए सारंग ने अधिकारियों को रचना टॉवर के समक्ष स्थित पेविंग के समीप सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्थान को व्यवस्थित और आकर्षक रूप देने के लिए यहां पार्क का विकास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। सारंग ने निर्देश दिए कि पार्क के साथ ही यहां ओपन जिम की भी व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्र के नागरिक नियमित रूप से व्यायाम कर सकें और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती आबादी को देखते हुए इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क और ओपन जिम क्षेत्र की फेंसिंग कर उसे सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जाए। सारंग ने क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रचना टॉवर के समक्ष पोल लाइट लगाने के भी निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नेत्र स्वास्थ्य पर संगोष्ठी आज सेः नेत्र स्वास्थ्य पर चर्चा करेंगे विशेषज्ञ

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में 12 और 13 मार्च को नेत्र स्वास्थ्य पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर के आयुर्वेद विशेषज्ञ, चिकित्सक और शोधकर्ता भाग लेकर आयुर्वेदिक नेत्र चिकित्सा की आधुनिक संभावनाओं और उपचार पद्धतियों पर चर्चा करेंगे। 'एडवांसमेंट इन आयुर्वेडिक मेनेजमेंट ऑफ ऑपथालमिक डिसऑर्डरः ट्रेडिशन टाइम-टेस्टेड प्रेक्टिस टू एविडेंस बेस्ड प्रोटोकॉल' विषय पर होने वाली इस संगोष्ठी में आयुर्वेदिक नेत्र चिकित्सा की परंपरागत और आधुनिक पद्धतियों पर चर्चा होगी। संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला के अनुसार संगोष्ठी में देशभर से आयुर्वेदिक चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिक्षाविद और शोधकर्ता भाग लेकर अपने अनुभव साझा करेंगे। यह संगोष्ठी विद्यार्थियों, शोधार्थियों और चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी। विशेषज्ञ आयुर्वेद के माध्यम से नेत्र रोगों की रोकथाम, उपचार और आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न समस्याओं के समाधान पर अपने विचार रखेंगे।

### सरकारी छात्रावासों में प्रवेश के लिए 30 मार्च तक आवेदन

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद सीट्स रिक्त रहने की स्थिति में द्वितीय चरण के आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। यह 06 अप्रैल 2026 से 10 जून 2026 तक चलेगी। छात्रावास में प्रवेश के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह आवेदन एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेन्टर के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जाकर करना होगा। छात्रावासों में लक्ष्य के अनुसार 50, 100, 150, 175, 200, 220 तथा 275 सीटें उपलब्ध हैं। राज्य शिक्षा केंद्र अंतर्गत प्रदेश में कुल 597 छात्रावास संचालित है।

### नेशनल टीचर्स इलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा 28 अप्रैल को

**भोपाल।** मध्यप्रदेश समेत देशभर के इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन आयुर्वेद, यूनानी तथा होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में टीचर बनने के लिए नेशनल टीचर्स इलिजिबिलिटी टेस्ट (एनटीईटी 2026) राष्ट्रीय परीक्षा देशभर में एक साथ 28 अप्रैल को आयोजित होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। आवेदक 11 मार्च से 2 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा में स्नातकोत्तर पीजी कर चुके नवीन डॉक्टर्स सम्मिलित हो सकते हैं जिन्हें परीक्षा पास करने के बाद ही आयुष कॉलेजों में बतौर चिकित्सा शिक्षक माना जाएगा और एनसीआईएसएम व एनसीएच टीचरकोड भी अलॉट करेगा।

14 मार्च तक देश भर में 500 से ज्यादा डिस्ट्रिक्ट में होगी महिलाओं की सुनवाई

# महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुनी महिलाओं की व्यथा, दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि नौ महीने पहले भोपाल से जनसुनवाई की शुरुआत की थी। आज फिर दोबारा मुझे यहां आने का मौका मिला है। रहाटकर ने बताया कि महिला आयोग पूरे देश में जनसुनवाई कर रहा है। इसकी शुरुआत 9 मार्च से 14 मार्च तक चलेगी जहां पूरे देश में 500 से ज्यादा डिस्ट्रिक्ट में सुनवाई होगी। रहाटकर ने कहा कि पूरे देश में 20 हजार से अधिक मामले है, 50 प्रतिशत मामलों की सुनवाई 14 मार्च तक हो जाएगी। जिन राज्यों में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष नहीं हैं, वहां राष्ट्रीय महिला आयोग के पदाधिकारी पहुंचकर महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर बुधवार को भोपाल पहुंची, एमएलबी कॉलेज में बेंच लगाई गई। राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में आई पीड़ित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ में पदस्थ एक महिला भृत्य ने शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि संघ में पदस्थ उपयंत्री प्रवीण माथुर पिछले 9 वर्षों से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस में भी शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विभाग के मुख्य अभियंता, स्थापना अधिकारी और निजी सहायक भी उपयंत्री का बचाव कर रहे हैं। महिला का कहना है कि शिकायत के बाद आंतरिक परिवाद समिति और विभागीय जांच में प्रवीण माथुर को दोषी पाया गया है, इसके बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वह काफी परेशान हैं। महिला के अनुसार प्रवीण माथुर अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उन्हें आशंका है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण वे कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं।


जनसुनवाई में मौजूद महिलाएं। इनसेट में राष्ट्रीय अध्यक्ष।

### कोई पीछा कर रहा, पुलिस नहीं सुन रही

आयोग की बेंच के समक्ष एक साल का बच्चा लेकर पहुंची एक महिला ने कहा कि वर्ष 2025 से कोई मेरा पीछा कर परेशान करता है। इसकी शिकायत पुलिस से की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। आयोग ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। करोंद क्षेत्र के सुधीर राय की पत्नी बेंच के सामने उपस्थित हुईं और बताया कि उनका विवाद सुलझ गया है। पुलिस को सूचना भी दे दी, लेकिन आयोग को की गई शिकायत से उनका नाम नहीं कटा है, इसलिए आना पड़ा। आयोग की अध्यक्ष ने गुलदस्ता दिलाकर विवाद खत्म कराया।

### नेशनल लोक अदालत 14 को, 10 लाख तक के लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

**भोपाल।** मप्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को समझौते करने के लिए ही लागू रहेगी।

### 50 मामलों की सुनवाई करेगी बेंच

*विजया रहाटकर ने बताया कि भोपाल में महिलाओं से जुड़े करीब 50 मामलों की सुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर, संबंधित थानों के अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहते हैं, जिससे कई मामलों का समाधान मौके पर ही हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने महिला आयोग की बेंच के समक्ष आए 50 मामलों की सुनवाई शुरू कर दी। मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष का पद फिलहाल खाली है। इस संबंध में वे उचित मंच पर अपनी बात रखेंगी।*

### समय से पहले पहुंचे अधिकारी

*आयोग की अध्यक्ष की सुनवाई के लिए पहुंचने से पहले ही भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और उनकी पूरी टीम पहुंच गई थी। दरअसल, पिछले साल आयोग अध्यक्ष की सुनवाई के दौरान कलेक्टर देर से पहुंचे थे, इस दौरान आयोग अध्यक्ष ने जमकर नाराजगी जताई थी और कहा था कि कलेक्टर ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया है। इसलिए इस बार ऐसी स्थिति नहीं बनने दी गई और कलेक्टर तथा उनकी पूरी टीम राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष के सुनवाई स्थल पहुंचने के पहले ही उनके वेलकम के लिए पहुंच गए।*

### पुलिस मामले की नए सिरे जांच करती है इसलिए लगता है समय

*हरिभूमि की टीम ने जब विजया रहाटकर से सवाल पूछा कि देश में 20 हजार से ज्यादा मामले लंबित हैं। इसका मतलब यह है कि पुलिस अपना काम ठीक से नहीं कर रही है। इसके जवाब में रहाटकर ने कहा कि पुलिस किसी भी मामले की नए सिरे से जांच कर कार्रवाई करती है। इसलिए इसमें समय लगता है। जो भी मामले हैं, उनका जल्द कार्रवाई कर निपटारा किया जाएगा।*

उपभोक्ताओं ने जमा किए 1062.45 करोड़ रुपए, योजना की अवधि अब 31 मार्च तक

# समाधान योजना - 22.14 लाख बकायादारों को राहत, 392.28 करोड़ का सरचार्ज माफ


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का लाभ अब तक 22.14 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने उठाया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं ने 1062.45 करोड़ रुपए की मूल राशि जमा की है, जबकि 392.28 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया जा चुका है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि योजना के दूसरे और अंतिम चरण की अवधि अब 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है। पहले यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। यह योजना 3 नवंबर 2025 से शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को राहत देना है। योजना के तहत 13 माह से अधिक समय से बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है। एकमुश्त भुगतान करने पर 70 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है, जबकि किस्तों में भुगतान करने पर 50 से 60 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार मध्य क्षेत्र में 6.48 लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। यहां 624.89 करोड़ रुपए मूल राशि जमा हुई है और 286.78 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। पूर्व क्षेत्र में 8.22 लाख उपभोक्ताओं ने 229 करोड़ रुपए जमा किए, जबकि 74.57 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ हुआ है। वहीं पश्चिम क्षेत्र में 7.44 लाख उपभोक्ताओं ने 208.56 करोड़ रुपए जमा किए और 30.93 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। सरकार का मानना है कि योजना से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को राहत मिली है और बिजली कंपनियों की बकाया वसूली भी बढ़ी है। इसलिए अंतिम चरण में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ लेने की अपील की गई है।

## विष्णु राजोरिया की स्मृति में लगे रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ 59 यूनिट रक्त



रक्तदान शिविर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रखर पत्रकार, अग्रणी शिक्षाविद मध्यप्रदेश शासन में मंत्री रहे मध्यप्रदेश भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के पूर्व कमिश्नर स्व. विष्णु राजोरिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार 11 मार्च को कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। करियर ग्रुप के अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने बताया कि कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, हमीदिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक भोपाल और नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में लगभग 59 यूनिट रक्त का दान कर इस पुनीत कार्य में बड़ी संख्या में फैकल्टी मेंबर्स अस्पताल स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## 10वीं पास अब साढ़े सात वर्षीय एकीकृत आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर बन सकेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी नइर् दिल्ली 10वीं कक्षा के बाद साढ़े सात वर्षीय एकीकृत आयुर्वेद पाठ्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। यह संस्कृत के छात्रों के हित में है और अब वे भी बीएएमएस आयुर्वेद डॉक्टर बन सकते हैं। इस आयुर्वेद गुरुकुलम प्रोग्राम का उद्देश्य है कि संस्कृत पृष्ठभूमि वाले छात्रों को पहले 2 वर्ष का प्रीआयुर्वेद पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा, फिर साढ़े पांच वर्षीय बीएएमएस डिग्री अध्यापन कार्य होगा इसमें एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप शामिल रहेगी। इस प्रकार साढ़े सात वर्ष में वे आयुर्वेदिक डॉक्टर बन सकेंगे। सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय) नई दिल्ली ने आयुर्वेद गुरुकुलम के लिये एक संबद्धता पोर्टल भी प्रारंभ किया है जिससे अन्य संस्थान भी जुड़ सकेंगे। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि इस साढ़े सात वर्षीय प्रीआयुर्वेद बीएएमएस डिग्री के अंतर्गत चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, अष्टांगहृदय समेत समस्त विषय होंगे। एनसीआईएसएम व केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की पहल का स्वागत है। समस्त राज्यों में आयुर्वेद गुरुकुलम होना चाहिये। अब संस्कृत पृष्ठभूमि वाले छात्र भी डॉक्टर बन सकेंगे। इसमें 10वीं के बाद प्रवेश हेतु नीट के समकक्ष ही पीएपी नीट परीक्षा होगी।

राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चे में नियुक्तियां

## अनिल वाजपेई कार्यकारी अध्यक्ष तो रवि और भैंरो बने सलाहकार


अनिल वाजपेयी।


भैरव रजक।


एम रवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियां कर उन्हें मोर्चा में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई गई।

राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे, महामंत्री श्याम सुंदर शर्मा और संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि बुधवार को मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पदाधिकारियों ने मोर्चा में वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से संघर्ष मोर्चा की राष्ट्रीय इकाई में अनिल बाजपेई को कार्यकारी अध्यक्ष, एम रवि और भैरव सिंह रजक को कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। साथ ही संतोष जैन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सम्मानित सदस्य बनाया गया है। कर्मचारी संघर्ष में मोर्चा में वरिष्ठ पदाधिकारियों को नियुक्ति पर वीर सिंह गुर्जर, आर गुर्जर, धर्मेश जोशी, प्रदीप मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी ने बधाई दी है।

## निगमायुक्त संस्कृति ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की


टीएल बैठक में निगमायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने समय सीमा प्रकरणों व निगम के अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सम्पत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, लीज रेंट सहित अन्य करों व शुल्कों की वसूली और अधिक प्रभावी ढंग से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार निगम के कचरा वाहनों में जिंगल आदि नियमित रूप से प्रसारित कर करदाताओं को सूचित करने के निर्देश दिए।

पुराने शहर के व्यस्ततम बाजारों में निगम की कार्रवाई

## दुकानों के बाहर पक्के निर्माण तोड़े किरण नगर में बंद रास्ता खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को पुराने शहर के व्यस्ततम बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर पक्का निर्माण तोड़ा। इसी तरह किरण नगर में लंबे समय से बंद रास्ते का खुलवाया गया।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते के दलों ने भवानी चौक, चौकी इमामबाड़ा, पुराना डाकघर, आजाद मार्केट, जुमेराती, जनकपुरी, पीरगेट, सिंधी कालोनी आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाया और एक ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जब्त किया। इसके अलावा निगम कोलार बीमाकुंज ओम अपार्टमेंट, डीमार्ट, ललिता नगर, महाबली, भदभदा रोड, नीलबढ़, सैर सपाटा, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, चेतक ब्रिज कस्तूरबा, आईएसबीटी, अयोध्या बायपास कल्पना नगर, रत्नागिरी चौराहा, खजूरी रोड गोपाल नगर, किरण नगर, प्रभात चौराहा, परिक्रमा पार्क, अशोका गार्डन दशहरा मैदान, चांदबढ़, सेमरा, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद डीमार्ट, इतवारा, आजाद मार्केट आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

जिम्मेदारों की लापरवाही, लोगों की जान-माल से हो रहा खिलवाड़

# हमीदिया के गेट पर खुला गटर, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल के मेन गेट के पास फुटपाथ पर बने गटर के ढक्कन टूटे और कई जगह पूरी तरह खुले पड़े हैं। गटर में कचरा भरा हुआ है और लोहे के ढक्कन गायब होने के कारण यहां से गुजरने वाले मरीजों, उनके परिजनों और राहगीरों के लिए हर समय हादसे का खतरा बना हुआ है। अस्पताल परिसर के गेट पर रोजाना हजारों लोग इलाज के लिए आते-जाते हैं। इसके बावजूद फुटपाथ की इस खराब व्यवस्था पर जिम्मेदार विभाग का ध्यान नहीं जा रहा है। खुले नाले के कारण यहां आने वाले लोगों को काफी सावधानी से चलना पड़ता है, खासकर बुजुर्ग मरीजों और बच्चों के लिए यह स्थिति ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से गटर के ढक्कन टूटे पड़े हैं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। गटर में जमा कचरे से दुर्गंध भी फैल रही है। अस्पताल आने वाले लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति पैर फिसलने या अंधेरे में चलते समय गटर में गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है।



क्षतिग्रस्त गटर के ढक्कन।


क्षतिग्रस्त गटर के ढक्कन।

### जल्द ही ढक्कन लगाए जाएंगे...

*हमने अधिकारियों से खुलें नालों पर ढक्कन लगवाने की बात की है जल्द ही गटर के ढक्कन लगाए जाएगें। साथ ही नालों की सफाई की जाएगी।*

*आसिफ नजीर, एएचओ, जोन 5 नगर निगम भोपाल*

भोपाल
गुरुवार, 12 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 339
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ऐतिहासिक फैसला

13 साल से कोमा में रहने वाले 32 साल के हरीश राणा केस में फैसला सुनाते भावुक हो गए सुप्रीम कोर्ट के जज पारदीवाला

# पहली बार 'इच्छामृत्यु' की मंजूरी, पिता की गुहार पर लाइफ सपोर्ट हटाया जाएगा

- सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी
- यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी है। यह फैसला पिछले 13 साल कोमा में रह रहे एक शख्स के लिए आया है। गाजियाबाद के रहने वाले 32 साल के हरीश राणा की जिंदगी सिर्फ मशीनों और ट्यूबों के सहारे चल रही थी, लेकिन अब कोर्ट ने उनके पिता की गुहार पर जीवन-रक्षक इलाज (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) हटाने की इजाजत दे दी। यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित है, जिसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर



हरीश राणा की पहले की फोटो, दूसरे में कोमा के दौरान की तस्वीर

## पिता को मजबूरन मांगनी पड़ी बेटे की मौत

हरीश के पिता ने सालों से अपने बेटे की हालत देखी और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। 2024 में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। फिर सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया। कोर्ट ने प्राइमरी और सेकंडरी मेडिकल बोर्ड बनवाए, जिसमें एम्स के एक्सपर्ट्स शामिल थे। दोनों बोर्डों ने एकमत से कहा कि हरीश की हालत अपरिवर्तनीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कोर्ट के मुख्य निर्देश क्या- क्या हैं?

- हरीश को दिए जा रहे सभी जीवन-रक्षक इलाज, जिसमें सीएएन शामिल है, तुरंत बंद या रोका जाए।
- एम्स अपने पेलिएटिव केयर सेंटर में हरीश को भर्ती करे और घर से वहां शिफ्ट करने की पूरी सुविधा दे।
- इलाज हटाने का प्लान ऐसा हो कि मरीज की गरिमा बनी रहे।
- उच्च न्यायलयों को निर्देश है कि वे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट्स को मेडिकल बोर्ड के फैसले की जानकारी दें।
- केंद्र सरकार सुनिश्चित करे कि हर जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर के पास सेकंडरी मेडिकल बोर्ड के लिए रजिस्टर्ड डॉक्टरों की पैनल हो।
- कोर्ट ने केंद्र सरकार से सिफारिश की कि इस मामले में एक व्यापक कानून बनाया जाए।

### जज ने शेक्सपीयर का किया जिक्र

*न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला ने कहा, 'होना या न होना... यह निर्णय अब 'मरने का अधिकार' के संदर्भ में हमें मार्ग दिखाता है. उन्होंने कहा कि यह वाक्य अदालत के सामने जीवन बनाम गरिमा का प्रश्न सामने आया है. एक अन्य उद्धरण, 'भगवान किसी से नहीं पूछते कि क्या वह जीवन स्वीकार करता है... आपको इसे अवश्य लेना चाहिए.' उन्होंने कहा कि यह पंक्ति तब महत्वपूर्ण है जब न्यायालय पूछता है कि किस व्यक्ति को जन्म का अधिकार हो सकता है?*

### दुनिया के किन-किन देशों में इच्छामृत्यु की इजाजत?

दुनिया के 11 देश हैं, जहां इच्छामृत्यु की कानूनी इजाजत है। यहां पैसिव यूथेनेशिया नहीं, बल्कि एक्टिव यूथेनेशिया की बात कर रहे हैं, जिसमें लोगों को जहरीले इंजेक्शन के जरिए मरने की इजाजत होती है। इन देशों में स्विट्जरलैंड, अमेरिका,नीदरलैंड, बेल्जियम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, लक्जमबर्ग, कोलंबिया, इक्वाडोर, ऑस्ट्रिया हैं।

## खबर संक्षेप

### कार और बोलेरो की टक्कर 3 की मौत, दुल्हन कोमा में



**अशोकनगर।** जिले में शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मंगलवार को नईसराय रोड पर एक बोलेरो और अर्टिगा कार के बीच हुई भिड़ंत ने तीन लोगों की मौत हो गई, इस हादसे में शादी के लिए गंजबासौदा जा रही दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें सिर में 36 टांके आने के बाद कोमा की स्थिति में भोपाल रेफर किया गया है। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। घटना नईसराय-शाढ़ौरा मार्ग पर बरखेड़ा गांव के पास हुई।

### पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को रौंदा




**शहडोल।** बुढार थाना क्षेत्र में एक बेकाबू पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी 13 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे का सबसे भावुक मंजर तब दिखा, जब घायल मासूम बच्ची खून से लथपथ अपने माता-पिता के शवों के पास बैठकर घंटों बिलखती रही। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया।

### मोनालिसा ने मुस्लिम लड़के से रचाई शादी



**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ से वायरल गर्ल मोनालिसा ने केरल में फरमान खान के साथ शादी कर ली है। एक वीडियो सामने आया है, जो एक मंदिर का है। यह रिश्ता मोनालिसा के परिवार को मंजूर नहीं है। मोनालिसा ने अपने परिवार से ही अपनी जान को खतरा बताया है। मोनालिसा ने केरल पुलिस से सुरक्षा की मांग की। वहीं फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने कहा कि ये लव जिहाद है जिसका वो शिकार चुकी है।

स्पीकर ओम बिरला को हटाने का विपक्ष का प्रस्ताव खारिज, लोकसभा में ध्वनिमत से फैसला

# गृह मंत्री शाह बोले- सदन कोई 'मेला' नहीं, नियमों के अनुसार चलना पड़ेगा

*शाह ने कहा कि यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफसोसजनक घटना है, क्योंकि अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनिमत से गिर गया। कांग्रेस के सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद ने एक दिन पहले सदन में स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव पेश किया था। इस पर डिबेट के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया था। एक दिन पहले ही कांग्रेस की ओर से तरुण गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की थी। भाजपा की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले वक्ता थे। बुधवार को चर्चा का दूसरा दिन था। इसके बाद विपक्ष के हंगामे के बीच ही ध्वनिमत से मतदान हुआ और यह अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। चर्चा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। अपने कहा कि संविधान ने स्पीकर को मध्यस्थ की भूमिका दी है। आप उसी मध्यस्थ पर शक कर रहे हैं। 75 वर्षों में दोनों सदनों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को पाताल से भी गहरा किया है। विपक्ष ने उस गहरी नींव की प्रतिष्ठा पर सवाल खड़ा किया है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक बाद एक बार फिर लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास ▶▶ शेष पेज 4 पर

शाह-चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ कांग्रेस ने एमओयू किया, वह घोषित करें कि क्या था?



अमित शाह



राहुल गांधी

***कांग्रेस के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने एक दिन पहले सदन में स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव पेश किया था***

***इस पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया था***

### अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं

यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफसोसजनक घटना है, क्योंकि अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्थापित परंपरा के अनुसार इस सदन की कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर होती है। स्पीकर एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में काम करते हैं, जो सरकार और विपक्ष दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शाह ने कहा कि लोकसभा के लिए विशेष नियम बनाए गए हैं, जिनके अनुसार स्पीकर को सत्र चलाना चाहिए। यह सदन कोई बाजार नहीं है। सदस्यों से उम्मीद की जाती है कि वे इसके नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार बोलें और भाग लें।

### राहुल गांधी बोले- संसद भारत की जनता की आवाज, मुझे बोलने से रोका जाता है

राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में बोलते हुए कहा कि कई बार सदन में उन्हें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि सदन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और स्पीकर की भूमिका पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार उनका नाम लेकर उनके बारे में गलत बातें कही जाती हैं, लेकिन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### किरेन रिजिजू बोले...

### फुटेज दिखा देंगे तो विपक्ष मुंह छिपाता फिरेगा



किरेन रिजिजू

केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अध्यक्ष ओम बिरला के हाथ बांध दिए हैं, जिससे उन्हें सत्तारूढ़ दल की इच्छा के अनुसार काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वेणुगोपाल की इस टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के पिछले चरण में लगभग कांग्रेस के 25 से 30 सांसद अध्यक्ष के कमरे में गए और उन्होंने जो व्यवहार किया, वैसा व्यवहार कभी देखा नहीं गया। मंत्री ने कहा यदि सीसीटीवी कैमरे ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरलम में पीएम मोदी ने राहुल पर बोला हमला

# फंसे भारतीयों की सुरक्षा में जुटी सरकार, कांग्रेस कर रही है राजनीति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- ***कांग्रेस के राजकुमार केरलम और भारत के युवाओं की सोच को नहीं समझते***
- ***भारत अपने नागरिकों को कहीं भी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ता***

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में भाजपा की जीत का जिक्र किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा की यह सफलता अब पूरे केरलम में फैलेगी। पीएम ने कहा कि केरलम में एलडीएफ और यूडीएफ के बारी-बारी शासन करने के पुराने तरीके को बदलना अब बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खाड़ी देशों का जताया आभार

इसके साथ ही पीएम ने खाड़ी देशों का भी आभार जताया जो विषम परिस्थिति में फंसे लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि गल्फ के हमारे सभी मित्र देशों की सरकारें भी हमारे देश के नागरिकों का पूरा ध्यान रख रही हैं। मैं उन सभी सरकारों का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आत्मनिर्भर भारत जरूरी

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की महत्ता भी समझाई। गल्फ में चल रहे युद्ध ने हमें आत्मनिर्भरता का महत्व फिर से समझाया है। एनर्जी हो या अन्य सेक्टर भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है ये हमने कोरोना के दौर में देखा है। यूक्रेन संकट के दौरान देखा है और वर्तमान संकट ने एक बार फिर से सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है।

मंदिर समिति ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

## बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक संप्रदाय को अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

## देश के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में 'पहली' गिरफ्तारी

20,000 करोड़ का गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाला



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। सीबीआई के अनुसार आयुष वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में 38 मामलों पर हुई सुनवाई

## मुझे नींद की गोली देकर पति सगी बहन से बनाता था संबंध

ससुर भी संबंध बनाने के लिए मुझ पर डालता था दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय महिला आयोग पूरे देश में जनसुनवाई कर रहा है। इसकी शुरूआत 9 मार्च से हुई है और 14 मार्च तक सुनवाई चलेगी। जिन राज्यों में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष नहीं हैं, वहां राष्ट्रीय महिला आयोग के पदाधिकारी पहुंचकर महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर बुधवार को भोपाल पहुंची और एमएलबी कॉलेज में बेंच लगाई गई। जनसुनवाई में रोशनपुरा से आई एक पीड़ित ▶▶ शेष पेज 4 पर

- पुलिस के पास गई लेकिन वहां मेरी रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई



जनसुनवाई में अधिकारीगण शिकायतों को सुनते हुए

महू में बड़े जुआ रैकेट का खुलासा

## आईएएस के फार्महाउस को चौकीदार ने कर दिया था जुआरियों के 'हवाले'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

18 लोग पकड़े गए, 13 लाख नकद 30 मोबाइल फोन और दो कारें जब्त



महू में एक आईएएस के फार्म हाउस पर छापा मारकर पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़ा है, जिनमें ज्यादातर संभ्रांत परिवारों के हैं। यह फार्म हाउस एक महिला आईएएस का है, जो इंदौर में भी पदस्थ रह चुकी हैं। फार्म हाउस के चौकीदार ने मुख्य जुआरी को फार्म हाउस पार्टी के लिए दिया था और वहां पर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने छापे के बाद जब महिला आईएएस अधिकारी को इसकी जानकारी दी तो वे भी चौंक गईं। महू के समीप अलवीपुरा में आईएएस वंदना वैद्य का फार्म हाउस है। उनके पति अंबरीश वैद्य भी सहकारिता विभाग के बड़े अधिकारी रहे हैं। वैद्य फिलहाल वित्त विकास निगम इंदौर की प्रबंध संचालक हैं। पुलिस ने छापा मारकर 18 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल, इंदौर-उज्जैन में भी बढ़ी गर्मी, 15 मार्च से गिरेगा पारा

# रतलाम-नर्मदापुरम तपे, 40 डिग्री उछला दिन का तापमान

**राहत की बात... अब तक मार्च में लू का असर नहीं देखा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मार्च का दूसरा सप्ताह भी तप रहा है, जिससे गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। इस वजह से रतलाम 40 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके साथ नर्मदापुरम 39.9 और धार 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इधर भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्मी बढ़ी है।

मौसम विभाग ने 15 मार्च के बाद गर्मी के तेवर में कमी होने का अनुमान लगाया है। बुधवार को रतलाम में पारा सबसे ज्यादा 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सागर में 39.9 डिग्री, धार में 39 डिग्री, नर्मदापुरम में ▶▶ शेष पेज 4 पर



भोपाल के करोंद क्षेत्र में तपिश से बचने के लिए महिला छाता लेकर जाते हुए

### हवा की रफ्तार ने बढ़ाई गर्मी

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि वर्तमान में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी कम है। साथ ही रेगिस्तानी इलाकों से प्रदेश में पहुंचती है। यह अपने साथ गर्मी ला रही हैं, जिसकी वजह से तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। गर्म हवाओं की वजह से दिन के समय में गर्मी अधिक महसूस हो रही है, जबकि रात में पारा सामान्य रहने से लोगों को राहत बनी हुई है।

### 15 के बाद बादल-बारिश से गिरेगा पारा

मौसम विभाग ने 15 मार्च के बाद मौसम में बदलाव होने का अनुमान लगाया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूर्वी-दक्षिणी हिस्से में हल्की बूंदाबांदी और बादल छाए रह सकते हैं। राहत की बात यह है कि अब तक मार्च में लू का असर नहीं देखा गया है, जबकि अप्रैल-मई में लू चलने की संभावना बनी हुई है। 15 से 20 दिन तक लू चल सकती है।






### सुबह 9 बजे से दुकानदार परेशान थे, जब किसी ने नहीं सुनी तो रोड पर उतरे

## ज्योति कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में घुटनों तक सीवेज, गुस्साए दुकानदारों ने ज्योति टॉकीज चौराहे पर बंद किया यातायात


बेसमेंट में भरा गंदा पानी।

**जेसीबी से फूटी सीवेज लाइन, चेतक ब्रिज की ओर आ रहे वाहन चालकों को रोका, बहस-कहासुनी**

**मौके पर पहुंची पुलिस, नगर निगम के अधिकारी, पानी निकालने पहुंचे निगम के वाहन**


ज्योति टॉकीज चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर स्थित ज्योति कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में घुटनों तक सीवेज का पानी भरने से बुधवार को दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज दुकानदारों ने ज्योति टॉकीज चौराहे पर जाम लगा दिया और चेतक ब्रिज की ओर से आने वाले वाहनों को रोक दिया। करीब दो घंटे तक चले इस जाम के कारण इलाके में यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस और नगर निगम के अधिकारी के के पर पहुंचे और पानी निकालने की व्यवस्था शुरू होने के बाद जाम समाप्त हुआ।

दरअसल बोर्ड ऑफिस चौराहे से ज्योति टॉकीज चौराहे तक इन दिनों सड़क के मेंटेनेंस का काम चल रहा है। सड़क की खुदाई के दौरान जेसीबी से सीवेज लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गंदा पानी पास स्थित ज्योति कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में भर गया। बुधवार सुबह करीब 9 बजे जब दुकानदार दुकानें खोलने पहुंचे तो बेसमेंट में घुटनों तक सीवेज का पानी भरा मिला। इससे दुकानदारों में नाराजगी फैल गई।

### बेसमेंट में सीवेज होने से आधा दिन तक दुकानें नहीं खोल पाए कारोबारी



**बेसमेंट में 55 दुकानें**
ज्योति कॉम्प्लेक्स में करीब 55 दुकानें हैं, जिनमें अधिकांश मोबाइल और एसेसरीज की दुकानें संचालित होती हैं। बेसमेंट में पानी भरने से कई दुकानों के अंदर भी गंदा पानी पहुंच गया।

*दुकानदारों ने तुरंत नगर निगम और प्रशासन को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज व्यापारी दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सड़क पर उतर आए और ज्योति टॉकीज चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान वाहन चालकों और प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों के बीच बहस और कहासुनी भी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन व्यापारी तब तक जाम हटाने को तैयार नहीं हुए जब तक निगम के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। उनका कहना था कि बेसमेंट में पानी भरने से मोबाइल दुकानों को भारी नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि लाखों रुपए के मोबाइल और उनके एसेसरीज दुकानों में रखे हुए हैं। दुकानदार आधा दिन बीत जाने के बाद भी अपनी दुकानें नहीं खोल पाए। दोपहर बाद नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सीवेज का पानी निकालने के लिए निगम के वाहन बुलाए। इसके बाद दुकानदारों ने जाम समाप्त किया।*

#### दुकानदार बोले...

सुबह दुकान खोलने आए तो बेसमेंट में घुटनों तक सीवेज का पानी भरा था। कई बार शिकायत करने के बाद भी समय पर कोई अधिकारी नहीं आया, इसलिए हमें मजबूर होकर जाम लगाना पड़ा।
**यश मालवीय, दुकानदार**

कॉम्प्लेक्स में ज्यादातर मोबाइल की दुकानें हैं। लाखों रुपए का सामान रखा रहता है। सीवेज का पानी भरने से बड़ा नुकसान हो सकता है, इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। हमें मुआवजा भी दिया जाए।
**पवन मालवीय, दुकानदार**

सड़क निर्माण के दौरान लापरवाही से सीवेज लाइन टूट गई। सुबह से परेशान थे, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो हमें रोड पर उतरना पड़ा।
**राजीव सेन, दुकानदार**

---

LPG संकट की आहट

### एक हजार सिलेंडर प्रतिदिन बुकिंग वाले शहर में 50 सिलेंडर भी नहीं हो रहे बुक

## पांचवें दिन भी बुकिंग ठप, घरेलू सिलेंडर ब्लैक में दो हजार रुपए में बिक रहा

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक लगाने के साथ ही पिछले पांच दिनों से इंडेन, एचपी और भारत कंपनी के गैस सिलेंडरों की बुकिंग ठप पड़ी हुई है, जिसकी वजह से शहर में कमर्शियल के साथ घरेलू सिलेंडरों का क्राइसिस भी बढ़ गया है। हालात यह है कि शहर में रोजाना करीब एक हजार सिलेंडरों की बुकिंग की जाती थी, जो अब 40 से पचास पर आ गई है।

सबसे ज्यादा परेशानी इंडेन कंपनी के उपभोक्ताओं को हो रही है। जिसको देखते हुए शहर में सिलेंडरों की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। हालात यह हैं कि 910 रुपए में मिलने वाला घरेलू सिलेंडर लोगों को पंद्रह सौ से दो हजार रुपए तक में लेना पड़ रहा है। इसी तरह कमर्शियल सिलेंडर 1790 रुपए की जगह 2400 रुपए में मिल रहा है। इधर कालाबाजारी को रोकने के लिए बुधवार को अपर कलेक्टर सुमित पांडे, फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन सहित अफसरों की टीम ने बैरागढ़ क्षेत्र में गुरुनानक इंडेन, कुकवेल भारत, मंशाराम कुटुमल एचपीसीएल एजेंसी और गोडाउन की जांच की गई, जहां रिकार्ड दुरुस्त मिलने का दावा किया गया है।

अपर कलेक्टर ने एजेंसी संचालकों से स्टॉक और आवक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एजेंसी संचालक को हिदायत देते हुए कहा कि बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडरों की डिलीवरी दी जाए।

### गोदामों की जांच करने पहुंची टीम, बुकिंग के लिए बढ़ी भीड़



#### बुकिंग स्टेटस पर सिलेंडरों का स्टॉक

एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस कंपनियां बुकिंग स्टेटस के हिसाब से सिलेंडरों की सप्लाई दे रही हैं, जिसकी वजह से डिलीवरी में भी देरी हो रही है। इधर 20 फीसदी अतिरिक्त सिलेंडर देना भी बंद कर दिया गया है। ऐसे में सिलेंडरों की किल्लत हो रही है।

#### अशोका गार्डन में छोटू सिलेंडर में गैस रिफलिंग, पांच सिलेंडर पकड़ाए

टीम ने बुधवार को अशोका गार्डन स्थित अस्सी फीट रोड पर आशा गैस चूल्हा सेंटर की जांच की, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों से पांच किलो के छोटू सिलेंडरों में गैस रिफलिंग पकड़ी गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मयंक द्विवेदी ने मौके से पांच घरेलू गैस सिलेंडर, एक छोटा गैस सिलेंडर सहित गैस रिफलिंग की बंसी बरामद की है। संचालक पर केस दर्ज कर लिया गया है।


अफसरों की टीम ने एचपीसीएल एजेंसी और गोडाउन की जांच की।

**बेसमेंट में 55 दुकानें**
ज्योति कॉम्प्लेक्स में करीब 55 दुकानें हैं, जिनमें अधिकांश मोबाइल और एसेसरीज की दुकानें संचालित होती हैं। बेसमेंट में पानी भरने से कई दुकानों के अंदर भी गंदा पानी पहुंच गया।

### अफसरों को खुद नहीं पता, कब शुरू होगा बुकिंग सॉफ्टवेयर

#### एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के दुकानदारों को मिलेंगे सिलेंडर

सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रोकने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से जिले में कमर्शियल सिलेंडरों की खपत डिमांड का ब्यौरा मांगा है, जिसमें कहा गया है कि एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर 15-15 वेंडर्स की डिमांड दी जाए, जिससे उन्हें समय पर सिलेंडर मुहैया कराए जा सकें। इन वेंडर्स का रिकार्ड गैस कंपनियों को पेश करना पड़ेगा।

#### मंत्री, अफसरों के यहां से भी सिलेंडरों की डिमांड

शहर में सिलेंडरों का शार्टेज होने के साथ मंत्रियों, आईएएस और आईपीएस अफसरों के यहां से भी घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड आ रही है। बुधवार को जिले में खाद्य अधिकारियों के दिन भर सिलेंडरों को लेकर फोन घनघनाते रहे।

#### सबसे बड़ी दिक्कत शादी समारोह में आ रही

शहर में सबसे बड़ी दिक्कत शादी समारोह में देखने मिल रही है। मैरिज गार्डन संचालकों ने जिला आपूर्ति नियंत्रक को सिलेंडर देने की डिमांड रखी है, लेकिन उन्हें सप्लाई को लेकर आश्वासन नहीं मिला है। ऐसे में शादी समारोहों में खाना लकड़ी पर ही बनाना पड़ेगा।

**चेंबर अध्यक्ष गोयल ने लिखा पत्र**

### गैस कंपनियों को गैस का कोटा 80% करने के निर्देश देने की मांग

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पत्र लिखकर कमर्शियल गैस की आपूर्ति पर गैस कंपनियों द्वारा लगाई गई रोक को तत्काल प्रभाव से



बहाल करने की मांग की। गोयल ने पत्र में उल्लेख किया कि कमर्शियल गैस आपूर्ति बाधित होने से उद्योग, अस्पताल, कॉलेज, स्कूल, होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग आदि अपना भोजन एवं नाश्ता और भोपाल तैयार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल, मध्यप्रदेश सहित पूरे भारत में कंपनियों की इस व्यवस्था से व्यावसायिक गतिविधियों पर दुष्प्रभाव पड़ा है। शादी, ब्याह में होने वाले प्रसंग में भी कमर्शियल गैस का संकट खड़ा हो गया है, वे भोजन आदि का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। गोयल ने कहा कि संगठन का सुझाव है कि कमर्शियल एवं घरेलू गैस का कोटा 80 फीसदी करने के लिए कंपनियों को निर्देशित करें। जिससे घरेलू गैस के उपभोक्ता एवं व्यावसायिक गतिविधियों में गैस के उपयोग में थोड़ी बचत आसानी से हो पाएगी। यदि देश में या भोपाल में 100 फीसदी कमर्शियल गैस प्रतिबंधित हो जाएगी तो उद्योग, हॉस्पिटल, कॉलेज, स्कूल, कैटरिंग, होटल आदि कैसे चल पाएंगे। अतः आग्रह है कि इस बारे में कुछ ऐसी नीति बनाएं कि घरेलू गैस एवं कमर्शियल गैस के वितरण का कार्य थोड़ी बचत के साथ व्यवस्थित चले और देश में आने वाले या देश के अंदर जाने वाले व्यापारी, पर्यटन, अधिकारियों आदि को असुविधा नहीं हो। जनता को भी गैस आपूर्ति की सुविधा निरंतर और सहज मिल सके।

### एलपीजी उपभोक्ताओं को नहीं होगी परेशानी, जमाखोरी-कालाबाजारी रोकने कलेक्टरों को सख्त निर्देश



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में एलपीजी उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में वितरक स्तर पर एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। मंत्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण आयात में आई रुकावट को देखते हुए भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति प्राथमिकता से घरेलू उपभोक्ताओं को ही की जाए।

#### कालाबाजारी रोकने 25 दिन बाद बुकिंग

तेल कंपनियों द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वितरण प्रणाली में कुछ बदलाव किए गए हैं। अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है, ताकि कालाबाजारी और अफरा-तफरी की स्थिति न बने और उपभोक्ताओं को समान रूप से गैस मिल सके। इसके साथ ही वर्तमान परिस्थितियों में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, औद्योगिक इकाइयों और फैक्ट्रियों को फिलहाल कॉमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी।

#### नियमित बैठक के निर्देश

खाद्य मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वे खाद्य विभाग, ऑयल कंपनियों के अधिकारियों और एलपीजी वितरकों के साथ नियमित बैठक कर घरेलू व वाणिज्यिक सिलेंडरों की उपलब्धता की समीक्षा करें। बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उपलब्ध स्टॉक का उचित उपयोग करने की सलाह दें।

---

## राजधानी में हालात सामान्य, लेकिन पेट्रोल पंपों पर वाहनों के टैंक फुल कराने वालों की बढ़ी संख्या

देशभर में घरेलू सिलेंडरों को लेकर मची आपाधापी के बीच शहर के पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य है। बुधवार को हरिभूमि की टीम ने शहर के कई पेट्रोल पंपों पर जाकर स्थिति देखी तो आम दिनों की तरह की हालात रहे। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बताया कि जिस तरह रोजाना पेट्रोल पंप पर लोग आते हैं उसी तरह ही पेट्रोल पंप पर लोग आ रहे हैं। इतना जरूर है कि पेट्रोल टैंक फुल करवाने वाले लोगों की संख्या जरूर बीते कुछ दिनों मे अधिक हुई है, लेकिन कोई दिक्कत या घबराहट वाली बात नहीं है। लिंक रोड नंबर-1, एमपी नगर, जिंसी रोड, रायसेन रोड पर पेट्रोल पंपों पर आम दिनों की तरह की लोग अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाते नजर आए।



निशातपुरा देवकी नगर में स्थित पेट्रोल पंप पर लोग आम दिनों की तरह वाहनों में पेट्रोल भरवाने पहुंचे।

#### नारद सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर स्थिति सामान्य

राजधानी के निशातपुरा क्षेत्र के देवकी नगर स्थित इंडियन ऑयल के नारद सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर स्थिति सामान्य नजर आई। यहां दोपहर के करीब 1 बजे लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। हालांकि सामान्य दिनों के मुकाबले लोगों की भीड़ ज्यादा थी। इस दौरान यहां पेट्रोल-डीजल लेने के लिए पहुंचे लोगों ने बताया कि आम दिनों की तरह ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हो रहा है। हालांकि अफवाहों के चलते भीड़ थोड़ी ज्यादा है, ऐसे में थोड़ा समय लग रहा है।


काजी कैंप में पेट्रोल पंप पर स्थिति सामान्य रही।

# प्रदेश में पहली बार 17 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ मोहन सरकार का महिला-पुरुष अधिकारियों पर भरोसा एक-साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य के 55 जिलों में से 17 जिलों की कमान महिला आईएएस अधिकारियों के हाथों में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार में सबसे ज्यादा महिला आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने का मौका मिला है। राज्य में कुछ ऐसे जिले भी हैं जहां पिछले दो-तीन कार्यकाल से लगातार महिला अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जा रहा है। वहीं एक संभाग की जिम्मेदारी भी महिला आईएएस अधिकारी के पास है। हालांकि अभी भी करीब एक दर्जन जिले ऐसे हैं जहां आज तक किसी महिला



आईएएस की पोस्टिंग कलेक्टर के रूप में नहीं हुई, जिनमें भोपाल और इंदौर जैसे बड़े जिले भी शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2011 से 2017 बैच तक की करीब 45 महिला आईएएस अधिकारियों में से एक दर्जन को पहली बार कलेक्टर बनने का अवसर मिल सकता है।

वर्तमान में वर्ष 2016 बैच के अधिकारियों को कलेक्टर बनाने का क्रम चल रहा है, जिनमें तीन महिला आईएएस शामिल हैं। सबसे ज्यादा संख्या 2014 बैच की है। इस बैच की दस में से आठ महिला अधिकारी अलग-अलग जिलों की कलेक्टर हैं।

**इन जिलों में महिला कलेक्टर:** राज्य में वर्तमान में सिवनी, झाबुआ, शाजापुर, खरगोन, मैहर, आलीराजपुर, डिंडोरी और निवाड़ी सहित कई जिलों की जिम्मेदारी महिला कलेक्टर संभाल रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शीतला पटले (सिवनी), नेहा मीना (झाबुआ), ऋजु बाफना (शाजापुर), भव्या मित्तल (खरगोन), रानी बाटड (मैहर), नीतू माथुर (आलीराजपुर), अंजू पवन भदौरिया (डिंडोरी) और जमुना भिड़े (निवाड़ी) शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### डीई में वीसी से शामिल हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी

**भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से जुड़े विभागीय जांच मामलों में अब बड़ी सुविधा दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमों में संशोधन कर दिया है। इसके तहत अब शासकीय कर्मचारी विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी शामिल होकर अपना पक्ष रख सकेंगे। इस नई व्यवस्था से विभागीय जांच से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही कर्मचारियों को हर बार जांच अधिकारी के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की बाध्यता से राहत मिलेगी। अब जांच अधिकारी संबंधित शासकीय कर्मचारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दे सकेंगे। इससे दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को भी आसानी होगी। विभागीय जांच से जुड़े आदेश, सूचना और नोटिस अब ई-मेल के जरिए भी भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भी सूचना देने का प्रावधान रहेगा।

■ दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को मिलेगा इसका लाभ

इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया को मान्यता

विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ी कई प्रक्रियाएं अब इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संचालित की जा सकेंगी। विभागीय पोर्टल के जरिए दस्तावेज और कार्यवाही ऑनलाइन पूरी की जा सकेगी।

### जल संसाधन विभाग में चल रहा टेंडर सिंडिकेट, चुनिंदा फर्मों को मिल रहे ठेके

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को जल संसाधन विभाग में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार के नेटवर्क का खुलासा किया है। पटवारी ने दस्तावेजों के साथ आरोप लगाया कि प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर केवल 'ठेकेदारी और कमीशन' का खेल चल रहा है। उन्होंने सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जांच नहीं हुई, तो कांग्रेस सबूतों के साथ सीबीआई के पास जाएगी। पटवारी ने तंज कसते हुए कहा- सरकार इसे 'कृषि वर्ष' कह रही है, जबकि यह 'कमीशन वर्ष' है। कल ही सरकार ने 5800 करोड़ का कर्ज लिया है, लेकिन यह पैसा किसानों के पास नहीं, बल्कि चहेते ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। पटवारी ने कहा कि बड़े टेंडरों में केवल फलोदी और गुप्ता कंस्ट्रक्शन जैसी कंपनियां ही दिखती हैं। यह रोटेशन सिस्टम है, जहां कभी एक कंपनी एल1 (सबसे कम बोली) बनती है तो कभी दूसरी।

## हटा में 405.58 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का सीएम डॉ. यादव ने किया भूमि-पूजन

# हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के रूप में इसे मिलेगी पहचानः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हटा श्री श्री 1008 देवश्री गौरीशंकर की नगरी है, इसलिए अब इसे शिवकाशी के रूप में ही जाना जाएगा। यह हटावासियों की बहुत पुरानी मांग भी है। डॉ यादव बुधवार को दमोह जिले के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर दमोह जिले के लिए कई सौगातों की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपए से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रूपए की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है।

*हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के नाम से जाना जाएगा*


सभा संबोधित करते सीएम।

### टीका लगवाने वाली बेटियों को सौंपे प्रमाण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विगत वर्ष बुंदेलखंड क्षेत्र के वैश्विक पर्यटन स्थल खजुराहो में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग कर सरकार ने 27 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हाल में ही सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी 14 वर्ष से अधिक उम्र कीबेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं और दूसरे लोगों को भी ऐसा ही करने के लिए जागरूक करें। डॉ यादव ने एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली हटा की 8 बेटियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कीं कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हटावासियों को और भी कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हटा में नवीन आईटीआई भवन बनाया जाएगा। हटा में सर्वसुविधायुक्त नवीन नगर पालिका भवन एवं भव्य गीता भवन भी निर्मित किया जाएगा। कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्य का दायरा बहुत विस्तृत है, इसलिए हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन संकाय/विषय भी पढ़ाए जाएंगे। हटा के शासकीय पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में इंडोर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पटेरा में नया महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

### हमारा देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा हैः सीएम डॉ. यादव

भारत में मातृ सत्ता प्रधान संस्कृति है। दुनिया में केवल भारतीय संस्कृति है, जिसने अपने मूल्यों के आधार पर ज्ञान की धारा को तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का समय बदला है। अब हमारा देश आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। यह बात सीएम सागर में ज्ञानवीर विवि के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राहतगढ़ और जेसीनगर में श्रमिकों के बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा के आधुनिक मंदिर बुंदेलखंड के युवाओं के सामर्थ्य को नई ऊंचाई देगा।



### वर-वधु को आशीर्वाद....


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

## तीन एससीएस की कमेटी तैयार करेगी मसौदा

# कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के 12 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राज्य सरकार समग्र स्वास्थ्य योजना बना रही है। इसको लेकर कई दौर की बैठक के बाद अब अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों की एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को पेश करेगी। इसके बाद योजना में बदलाव के साथ कैबिनेट में अनुमोदन के लिए इसे रखा जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस समिति के गठन के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य होंगे जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा समिति के सदस्य-सचिव होंगे।

### मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा

निर्देशों में कहा गया है कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श करने का काम समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद योजना के प्रस्तावित खाका को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। यह समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक मामलों पर डिस्कसन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसमें योजना के लिए पात्रता, कवरेज, वित्तीय माडल, क्रियान्वयन संरचना तथा कर्मचारियों के सुझावों को शामिल कर योजना दस्तावेज समिति तैयार करेगी, जिसे मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### पहले भी हो चुकी हैं कई बैठकें

कर्मचारियों और पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने को लेकर राज्य सरकार पहले भी कई दौर की बैठकें कर चुकी है। इसको लेकर कर्मचारी संगठनों के साथ भी बैठक कर सुझाव लिए जा चुके हैं। अब एक बार फिर सरकार ने इसके लिए समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की रिपोर्ट की समय सीमा तय नहीं की गई है।

# गर्मी में पानी की किल्लत से निपटने बनेगा प्लान, विधायकों ने रखी बात

भोपाल संभाग के डेवलपमेंट प्लान पर एसीएस ने रखी बैठक


संभाग स्तरीय बैठक लेते अपर मुख्य सचिव शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी के साथ ही गांवों और शहरों में पानी की किल्लत को देखते हुए बुधवार को अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने पानी की किल्लत से निपटने और विकास योजनाओं को लेकर संभाग स्तरीय बैठक रखी, जिसमें भोपाल, रायसेन और नरसिंहगढ़ के विधायक शामिल रहे।

विधायकों ने पानी की किल्लत को लेकर अभी से सतर्कता बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएचई और नगरीय निकाय चौबीस घंटे निगरानी रखें, जिससे आम लोगों को पानी की दिक्कत नहीं हो। बैठक में एसीएस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नल-जल योजना और जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला कलेक्टर्स जिलों में अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ियों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने कहा कि शहरों के विस्तार को देखते हुए बाहरी सीमाओं पर विकास कराए जाएं। बैठक में दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा और बैरसिया विधायक विष्णु खत्री मौजूद रहे।

## राजधानी के रवीन्द्र भवन में आयोजित हुआ 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम

# भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशाओं को हासिल कर रहाः रहाटकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रवीन्द्र भवन में बुधवार को 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सरकारी नीतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि आज का भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशा प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में सैनिक परिवारों के कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विशेष चर्चा हुई। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर आर्मी पर्सनल की पत्नियों और वीर नारियों के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग की योजनाएं संचालित करने की पहल की है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया।



शक्ति संवाद कार्यक्रम।

मप्र राज्य महिला आयोग और स्काई सोशल संस्था के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा

*राज्य महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने बताया कि जल्द ही झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज में फैली कुप्रथाओं को चिन्हांकित कर इसके समाधान और कानून के लिए लॉ यूनिवर्सिटी के साथ कार्य किया जा रहा है।*

## डीजीपी मकवाणा की महिला आयोग अध्यक्ष से भेंट, जागरुकता अभियानों पर विस्तार से हुई चर्चा

कैलाश मकवाणा, पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहटकर से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़ी पहलों, शिकायतों के त्वरित निराकरण और जागरूकता अभियानों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विजया राहटकर ने मध्यप्रदेश पुलिस के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि "हेल्पिंग हैंड" जैसी योजना को देशभर में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने महिला और बालिका सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियानों को प्रभावी बताया। मध्यप्रदेश पुलिस ने आयोग को बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर 16 जुलाई 2024 को पुलिस मुख्यालय स्तर पर एनसीडब्ल्यू पोर्टल सक्रिय किया गया था। इसके बाद 7 नवंबर 2025 की समीक्षा बैठक के बाद प्रदेश के सभी जिलों को भी इस पोर्टल से जोड़ दिया गया है। इससे अब जिला स्तर पर ही शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड कर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। बैठक में गुम नाबालिग बालिकाओं की तलाश के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान की जानकारी भी दी गई। वर्ष 2021 से 2025 के बीच इस अभियान के तहत 55,803 बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। वहीं नवंबर 2025 के विशेष अभियान में 1,906 बालिकाओं को खोजा गया और 13,109 स्कूलों में 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। महिलाओं के भरण-पोषण से जुड़े न्यायालयीन समंस और वारंट की तामीली के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत वर्ष 2025 में 16,703 समंस और वारंट की तामीली की गई।


डीजीपी और महिला आयोग अध्यक्ष की भेंट।




## प्रदेश में 22,500 पद खाली, पुलिस मुख्यालय में सरकार को भेजा प्रस्ताव

# सिंहस्थ के आयोजन से पहले होगी 7500 पुलिस आरक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रशासनिक संवाददाता प्रदेश में पुलिस बल की कमी को दूर करने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने सरकार को बड़ा प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश में खाली पड़े 22,500 पुलिस आरक्षक पदों में से पहले चरण में 7,500 आरक्षकों की भर्ती की जाएगी।

यह भर्ती सिंहस्थ से पहले कराने की योजना बनाई गई है, ताकि बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2026 में 7,500 आरक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रदेश में सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन से पहले पुलिस बल में रिक्त पदों को भरना प्राथमिकता माना जा रहा है।




### 2025 की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में

इस बीच पुलिस भर्ती-2025 की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा पूरी हो चुकी है और अब अंतिम परिणाम का इंतजार है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि नई भर्ती के साथ-साथ हर साल होने वाली नियमित नियुक्तियों से बल में रिक्त पदों की संख्या धीरे-धीरे कम की जा सकेगी। पुलिस विभाग के अनुसार हर वर्ष करीब 4 हजार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जिससे लगातार नए पद खाली होते रहते हैं।

### 2027 तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य

सिंहस्थ अप्रैल 2028 में प्रस्तावित है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय का लक्ष्य है कि अगस्त 2027 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि नए चयनित आरक्षकों का प्रशिक्षण भी समय पर पूरा हो सके। प्रदेश की पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं में वर्तमान में लगभग 8 हजार प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की क्षमता है, जिससे बड़ी संख्या में नए आरक्षकों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

### भर्ती बोर्ड गठन के बाद तेज होगी प्रक्रिया

नई भर्ती के लिए बोर्ड गठन की प्रक्रिया भी जारी है। पुलिस मुख्यालय ने इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास विचार के लिए भेजा है। बोर्ड के गठन के बाद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित कराई जा सकती है।

### बदलाव और विचार के प्रस्ताव

पुलिस भर्ती की प्रक्रिया के संबंध में हमने कुछ बदलाव और विचार के साथ-साथ प्रस्ताव दिया है। गृह विभाग को यह पुलिस मुख्यालय की तरफ से दिया गया है। कोशिश यही है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं तो उसे तय सीमा के अंदर भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। इस संबंध में पूरा प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है।

**आदर्श कटियार**, स्पेशल डीजी, एडमिनिस्ट्रेशन

## चिंतन

# इच्छा मृत्यु पर कानून बनाए जाने की जरूरत

भारत में इच्छामृत्यु का सवाल लंबे समय से कानूनी, नैतिक और मानवीय बहस का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी इच्छामृत्यु की अनुमति देकर एक महत्वपूर्ण और मानवीय फैसला दिया है। यह निर्णय केवल एक व्यक्ति की पीड़ा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक प्रश्न को भी सामने लाता है कि असाध्य बीमारी और असहनीय पीड़ा झेल रहे व्यक्ति को क्या सम्मानपूर्वक मृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक बार फिर यह जरूरत रेखांकित कर दी है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाया जाए, ताकि ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक और चिकित्सीय प्रक्रिया स्पष्ट हो सके। हरीश राणा की कहानी बेहद मार्मिक है। दिल्ली में जन्मे हरीश चंडीगढ़ स्थित पंजाब में बीटेक के छात्र थे। वर्ष 2013 में हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे कोमा में चले गए। डॉक्टरों ने उन्हें क्वाड्रिप्लेजिया से पीड़ित बताया, जिसमें मरीज के चारों अंग काम करना बंद कर देते हैं और वह पूरी तरह लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हो जाता है। पिछले 13 वर्षों से वे वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवन जी रहे हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने से उनके शरीर पर गंभीर घाव बन गए हैं और उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के लिए यह स्थिति मानसिक पीड़ा के साथ-साथ भारी आर्थिक बोझ का कारण भी बन चुकी है। इस मामले में शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए, ताकि मरीज की गरिमा बनी रहे। देश में इच्छामृत्यु को लेकर न्यायिक आधार पहले से मौजूद है। वर्ष 2011 में मुंबई की नर्स अरुणा रामचंद्र शानबाग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को सीमित रूप में मान्यता दी थी। इसके बाद 2018 में एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए पैसिव यूथेनेशिया को वैध ठहराया और 'लिविंग विल' को भी मान्यता दी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, इसलिए आवश्यक है कि संसद इस विषय पर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाए। दुनिया के कई देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अलग-अलग व्यवस्था है। दूसरी ओर कई बड़े देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अभी भी कड़े प्रतिबंध हैं। अमेरिका में संघीय स्तर पर एक्टिव यूथेनेशिया अवैध है, हालांकि कुछ राज्यों में डॉक्टर की सहायता से मृत्यु की सीमित अनुमति है। चीन और रूस जैसे देशों में इच्छामृत्यु पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे कानूनन अपराध माना जाता है। इसी तरह पाकिस्तान में भी धार्मिक और कानूनी आधारों पर इच्छामृत्यु को पूरी तरह गैरकानूनी माना गया है। इन अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुनिया के अलग-अलग देशों ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे के अनुसार इस विषय पर अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। भारत में भी कानून बनाते समय मानवीय संवेदना और कानूनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक बोझ, पारिवारिक दबाव या संपत्ति विवाद के कारण किसी मरीज को जबरन इच्छामृत्यु की ओर न धकेला जाए।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# जितनी लंबी जंग, उतने व्यापक दुष्परिणाम

**मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं।**

जाहिर है, जंग एकतरफा नहीं हो सकती। इसलिए मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। 28 फरवरी को पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत 40 प्रमुख लोगों को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं। जाहिर है, राजनीति की तरह कूटनीति में भी माहौल बनाने के लिए बहुत कुछ कह दिया जाता है, जिसका सच से कोई वास्ता नहीं होता। इजराइल के खुफिया सूचना तंत्र की बदौलत खामेनेई समेत शीर्ष नेतृत्व के चालीस सदस्यों को पहले ही दिन मार गिराये जाने के बाद अमेरिका को लगा होगा कि ईरान में कठपुतली सरकार बनवाना बस एक-दो दिन का काम है, लेकिन 11 दिन से जारी जंग और विश्व पर उसके व्यापक असर से साफ हो गया कि वह आकलन गलत था। आर्थिक और सैन्य महाशक्ति अमेरिका से जीत की गलतफहमी ईरान को नहीं होगी, लेकिन उसकी संप्रभुता एवं अस्तित्व रक्षा की जंग लंबी चल सकती है।

कम आबादी के बावजूद इजराइल की उन्नत रक्षा तकनीक और सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं है, लेकिन दोनों मिल कर भी ईरान पर काबू तो दूर, उसके जवाबी हमलों से बच तक नहीं पा रहे। 18-20 लाख रुपये लागत वाले ईरानी ड्रोन को मार गिराने के लिए अमेरिका को 35-37 करोड़ रुपये की मिसाइल चलानी पड़ रही है। अमेरिका का औसत युद्ध खर्च आठ हजार करोड़ रुपये प्रतिदिन आ रहा है। युद्ध के अन्य असर अलग हैं। जंग जितनी लंबी चलेगी, आर्थिक रूप से भी अमेरिका को भारी पड़ेगी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि जंग चार-पांच सप्ताह चल सकती है तो कभी जल्द समाप्त होने की भविष्यवाणी कर कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग बुझाने की कोशिश करते हैं। उधर, ईरान छह महीने की तैयारी की बात कह रहा है। हालांकि ऐसी जंग के बीच मृतकों की सही संख्या बता पाना मुश्किल होता है। फिर भी मान लें कि ईरानी बहुत ज्यादा संख्या में मारे जा रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि अपने सैनिकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। जंग जारी रही और जमीन पर भी उतरी तो ताबूत में स्वदेश लौटने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ेगी ही। इजराइल की जंग में अवांछित अग्रणी भूमिका के विरोध में जारी प्रदर्शन, अपने सैनिकों की मौत से न सिर्फ और भड़केंगे, बल्कि ट्रंप को उसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। व्यापारी मूलतः धैर्यवान माने जाते हैं, पर ट्रंप का उतावलापन किसी से छिपा नहीं है। ज्यादा पुरानी घटना नहीं है, जब ट्रंप ने फोर्स वन भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया और खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति भी सोशल मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया। खामेनेई के खात्मे के बाद



उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। किसी दूसरे देश का नेतृत्व खुद चुनने की सोच तानाशाही का मुंह बोलता प्रमाण ही है, लेकिन विश्व समुदाय मौन रहा। फिर भी जो हुआ, वह सबके सामने है। ट्रंप की धमकियों के बावजूद ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना और मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले भी बदस्तूर जारी हैं। बेशक इससे मध्य पूर्व के ये इस्लामी देश ईरान के विरुद्ध हो जाएंगे, लेकिन वे तो पहले से ही अमेरिका का सैन्य अड्डा बने हुए हैं। वैसे खेद जताते हुए भी ईरान ने स्पष्ट कर दिया कि अगर वे उस पर हमलों के लिए लांचिंग पैड बनेंगे तो जवाबी हमले जारी रह सकते हैं। जाहिर है, इन देशों में अमेरिका ने सैन्य ठिकाने बनाये ही लांचिंग पैड की तरह इस्तेमाल के लिए हैं। अब इन देशों की सुरक्षा का दबाव अमेरिका पर अवश्य बढ़ रहा है। चीन और रूस द्वारा ईरान की मदद के अमेरिकी दावों का सच पता कर पाना आसान नहीं, लेकिन अगर अप्रत्यक्ष रूप से भी ऐसा हुआ तो जंग लंबी खिंचना तय है। ईरान ने जिस तरह चीन और रूस के अलावा शेष विश्व के लिए होर्मुज जल डमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया है, उसके दो संदेश साफ हैंः एक, चीन और रूस के प्रति उसका मित्रताभाव। जाहिर है, ऐसी रियायत न मिलना भारत की कूटनीति पर सवाल भी खड़े करता है। दूसरा, इससे अन्य देशों की ऊर्जा चुनौतियां बढ़ेंगी, जो अमेरिका पर जंग समाप्ति का दबाव बना सकते हैं। 11 दिन की जंग में ही कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत तथा आसमान छूती कीमतें भविष्य के गंभीर संकट का संकेत ही हैं। विश्व भर की ऊर्जा जरूरतों की लगभग एक-चौथाई आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग से ही होती है, जिस पर ईरान का नियंत्रण है। खुद कभी भी और किसी भी देश पर हमला करना अपना अधिकार समझने वाले ट्रंप अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर किसी का अधिकार न होने का तर्क देते हुए ईरान को और भी 20 गुना ज्यादा ताकत से हमले की धमकियां तो दे रहे हैं, पर उनका असर होने की उम्मीद नहीं दिखती। इराक और अफगानिस्तान समेत कई देशों में अमेरिकी सैन्य आक्रमण में भागीदार बनने वाले नाटो सदस्य देश इस बार ईरान पर हमले में साथ नहीं हैं। कुछ देशों ने तो अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल तक नहीं करने दिया। इसे विश्व व्यवस्था में अमेरिका के अलग-थलग पड़ने का संकेत भी माना जा रहा है। बेशक अहमन्यता और साम्राज्यवाद अमेरिकी चरित्र का हिस्सा रहा है, लेकिन ट्रंप जिस तरह दुनिया को खुलेआम धमका रहे हैं, उसे वैश्विक व्यवस्था के लिए ही खतरे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इसलिए यह युद्ध चाहे-अनचाहे नई वैश्विक व्यवस्था की भूमिका भी लिखने जा रहा है। शायद यही कारण है कि भारत समेत कुछ देश जल्दबाजी में अपने पत्ते नहीं खोलना चाहते। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र तथा आर्थिक एवं सैन्य महाशक्ति अमेरिका की हैसियत डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल के बाद भी बरकरार रह पाएगी- इस पर अब संदेह और सवाल गहराने लगे हैं। गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर केवल इन देशों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि दुनिया के कई देश इसके दायरे में आ चुके हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव से गैस आपूर्ति का खतरा मंडरा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी इसका असर दिखाई दे सकता है। आने वाले समय में ये संकट और बड़ा हो सकता है। स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के बंद होने से जहाज फंसे हैं, जिसके कारण शिपिंग और फर्टिलाइजर के दाम बढ़ने की आशंका है। हालांकि इन चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अभियान
बलकार सिंह पूनियां



# महिला नेतृत्व से सुदृढ़ होता जमीनी लोकतंत्र

भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी वास्तविक शक्ति गांवों और स्थानीय समुदायों में स्थित पंचायती राज संस्थाओं में निहित है। जब स्थानीय स्तर पर शासन व्यवस्था मजबूत होती है, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं और विकास अधिक समावेशी बनता है। इसी दृष्टि से पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में पंचायतों की चुनी हुई महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन का केंद्रीय संदेश है-"सशक्त महिला, सशक्त पंचायत।" इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को अधिक समावेशी बनाना तथा ग्रामीण शासन में महिला नेताओं की भूमिका को सामने लाना है। यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक वर्ष की उस प्रेरणादायी यात्रा का उत्सव है, जिसकी शुरुआत 4 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ग्राम पंचायतों में, विशेष रूप से महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए क्षमता निर्माण और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। देश में पंचायती राज संस्थाओं में 14 लाख से अधिक महिला निर्वाचित प्रतिनिधि कार्य कर रही हैं। कई राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है, जिससे महिला नेतृत्व का विस्तार और अधिक हुआ है। उल्लेखनीय बात यह भी है कि बिहार सहित कई राज्यों में महिलाएं आरक्षित सीटों के अतिरिक्त अनारक्षित सीटों पर भी निर्वाचित होकर सामने आ रही हैं, जो ग्रामीण राजनीति में बढ़ते आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। पिछले एक वर्ष में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 6,81,758 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त "चैंपियनिंग ऑफ चेंजः स्थानीय शासन में महिला नेत्रियों का सशक्तिकरण" नामक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से 1,21,512 महिला प्रतिनिधियों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, निर्णय-निर्माण और स्थानीय शासन के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना था। इसी क्रम में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल 744 मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों का चयन किया है। प्रत्येक जिले में एक ग्राम पंचायत को इस रूप में चिन्हित किया गया है ताकि वे महिला-केंद्रित शासन की मिसाल बन सकें। इन मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 310 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो सरपंचों, पंचायत सचिवों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। हालांकि पंचायतों में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई स्थानों पर महिला प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों और दायित्वों के निर्वहन में सामाजिक और संस्थागत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की समस्या भी कई राज्यों में देखी जाती है, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेते हैं।

इसी समस्या को ध्यान मं रखते हुए पंचायती राज मंत्रालय ने "से नो टू प्रोक्सी सरपंच" नामक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है, जो 8 से 18 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। यह सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहकर्मी-अधिगम और श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही उत्कृष्ट महिला पंचायत नेत्रियों को 'बीकन महिला नेत्री' के रूप में सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके कार्यों से अन्य प्रतिनिधियों को प्रेरणा मिल सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' भारत के जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तो शासन अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और समावेशी बनता है। पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों को वास्तविक अधिकार और अवसर प्रदान करना केवल लैंगिक समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विकास की अनिवार्य शर्त है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिला नेतृत्व के माध्यम से सशक्त पंचायत और सशक्त ग्रामीण भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

(लेखक सहायक प्रोफेसर इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सच बोलना सबसे बड़ी तपस्या



संकलित
**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं। राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

## समर्पण ही सच्ची भक्ति



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार परमहंसदेव अपने शिष्यों को कुछ उपदेश दे रहे थे। वह शिष्यों को अवसर की महत्ता बता रहे थे । वह बोल रहे थे कि मनुष्य अक्सर अपने जीवन में आये सुअवसरों को ज्ञान और साहस की कमी के कारण खो देता है। अज्ञान के कारण मनुष्य या तो अवसर को समझ ही नहीं पाता और कोई समझ भी जाये तो उसका लाभ उठाने के अनुरूप उसमें साहस नहीं होता। जब उन्होंने देखा कि बात शिष्यों को समझ नहीं आ रही है तो उन्होंने सामने ही बैठे नरेंद्र से कहा– नरेंद्र ! मान ले अगर तू एक मक्खी है और तेरे सामने अमृत का एक कटोरा भरा पड़ा है। अब बता तू उसमें कूद पड़ेगा या किनारे बैठकर उसे छूने की कोशिश करेगा? नरेंद्र बोला- किनारे बैठकर छूने की कोशिश करूंगा। बीच में कूद पड़ा तो प्राण संकट में आ सकते है । इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि किनारे बैठकर खाने की कोशिश की जाये। पास में बैठे दुसरे शिष्यों ने विवेकानंद के तर्क की खूब सराहना की । किन्तु परमहंसजी हँसे और बोले- मुर्ख! जिस अमृत को पीकर तू अमर होने की कल्पना करता है, उसमें भी डूबने से डरता है। जब अमृत में डूबने का सुअवसर मिल रहा है तो फिर मृत्यु का भय क्यों? तब शिष्यों को बात समझ में आई। चाहे आध्यात्मिक उन्नति हो या भौतिक, जब तक पूर्ण समर्पण नहीं होता, सफलता संदिग्ध है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-विजया राजपूत, भिलाई

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वधर्म, स्वराज एवं राष्ट्ररक्षा हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान मराठा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रधर्म की वेदी पर उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में वीरता, त्याग एवं स्वाभिमान का स्वर्णिम अध्याय है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सिविक सेंस



कुछ लोग जब सदन के अंदर आते हैं तो सिविक सेंस, कॉन्स्टिट्यूशनल सेंस और कॉमन सेंस बाहर ही छोड़ कर आते हैं। राहुल गांधी को लगता है कि नियम उनके लिए नहीं है, नियम उनसे है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

### रसोई गैस संकट



देश में रसोई गैस आपूर्ति पर गहराता संकट बेहद चिंताजनक है। मोदी सरकार इस संभावित राष्ट्रीय संकट को लेकर भी हमेशा की तरह लापरवाह और असंवेदनशील बनी हुई है। समय रहते स्थिति का आकलन ना कर पाना केंद्र सरकार का स्पष्ट 'कलेक्टिव फेलियर' है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### कच्चे माल की सुरक्षा



भारत को ऐसे युद्ध के प्रतिकूल परिणामों का सामना करते देखना दुखद है, जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है, खासकर कच्चे माल की सुरक्षा के संदर्भ में। हमें अपने तेल, तांबे, सोने या किसी अन्य धातु संसाधन का आयात नहीं करना पड़ता।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को उस समय अटकलें तेज हो गईं जब ईरान के राष्ट्रपति के बेटे ने उनके 'घायल होने' संबंधी समाचार सुनने की बात कही। मोजतबा (56) इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं। ईरान में मोजतबा लंबे समय से एक रहस्यमय शख्सियत रहे हैं। उनके पिता एवं पत्नी की 28 फरवरी को इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई थी और उसी हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ। इसके बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं और सोमवार को सर्वोच्च नेता बनने के बाद से उन्होंने कोई बयान भी नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बेटे यूसुफ पेजेश्कियन ने टेलीग्राम ऐप पर रात में एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा , मैंने मोजतबा के घायल होने की खबरें सुनीं। मैंने उनके संपर्क में रहे मित्रों से इसके बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि 'अल्लाह का शुक्र है, वह स्वस्थ हैं और कोई समस्या नहीं है।

## ऑफ बीट

# 'भारत टैक्सी' का जल्द ही सभी बड़े शहरों में विस्तार



सरकार ने बुधवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र की परिवहन सेवा 'भारत टैक्सी' का अगले दो से तीन वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सहकारी समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े पूरक सवालों के जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि 'भारत टैक्सी' की शुरुआत ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, इसकी बुकिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। इसमें सुरक्षा की पूरी गारंटी और पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी संबद्ध किया गया है। मंत्री ने बताया कि 'भारत टैक्सी' फिलहाल दिल्ली-एनसीआर के अलावा गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा, अगले दो या तीन वर्षों में इस सेवा को सभी बड़े शहरों और तालुका तक पहुंचाया जाएगा। अब तक इसके साथ चार लाख ड्राइवर पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले महीने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'भारत टैक्सी' सेवा की शुरुआत की थी, जो सहकारी आधार पर संचालित देश का पहला 'राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म' है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर रार बोले-रविशंकर

# नेहरू-1954 के उदाहरण पर भिड़ा पक्ष-विपक्ष, प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकार को संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए



*भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन को ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता। इस दौरान नियमों का भी हवाला भी दिया गया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा सांसद मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि स्पीकर को हटाने के इस प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकार को संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने दुख जताया कि सदन को आज ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता।

उन्होंने संसदीय नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत सोच-समझकर बोलना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने फिर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारतीय संसद, संविधान और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले इन्हीं संस्थाओं के तहत कई चुनाव जीते हैं, लेकिन अब वह इन्हीं पर निशाना साध रही है।

### इंदिरा के पोते के ज्ञान पर मैं तो सन्न रह गया

रविशंकर ने कहा कि राहुल आरोप लगाते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया। आखिर वे बोलते क्या हैं? इनका कहना है कि तपस्या से गर्मी आती है। मैं तो सन्न रह गया कि आत्मा से परमात्मा का मिलन है तपस्या। आखिर इंदिरा जी के पोते का इस पर क्या ज्ञान है? इस पर मुझे हैरानी हुई। रविशंकर ने कहा कि इस तरह का मुद्दा सदन में उठना दुखद है। समस्या यह है कि विपक्ष इसे समझना नहीं चाहते।

**'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला**

### शब्दों के चयन में सावधानी रखनी चाहिए

प्रसाद ने 'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बोलते समय अपने शब्दों का चयन सावधानी से करना चाहिए। रविशंकर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान संसद, संविधान और चुनाव आयोग का मजाक उड़ाते रहे हैं।

### विपक्ष बोला था-भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल की है

रविशंकर ने कहा कि विपक्ष पर तंज करते हुए कहा पता नहीं विपक्ष को सेना से क्या प्यार है, वे उनकी शहादत पर सबूत मांगते हैं। मेरे पास राहुल की सभी टिप्पणियों की लिस्ट है। रविशंकर ने राहुल के आचरण पर कहा कि विपक्ष के नेता आंख मारते हैं, ये क्या व्यवहार है। पीएम के गले पड़ते हैं और कहते हैं कि हमें सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और राहुल गांधी सदन को अराजकता में बदलना चाहते हैं कि यह स्वीकार नहीं है। यह संसद सर्वोच्च है। स्पीकर के खिलाफ प्रायोजित, उत्तेजित प्रस्ताव लाया गया है। हम इसे खारिज करेंगे। राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत से यह भी कह दिया कि भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल हैं।

### प्रोपेगैंडा नेता सदन के सारे नियम तोड़ रहेः अनुराग



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग इस सदन में 'माइनस ट्रिपल सी' के साथ प्रवेश करते हैं। कोई सिविक सेंस (नागरिक समझ) नहीं, कोई कॉमन सेंस (सामान्य समझ) नहीं, और कोई संवैधानिक समझ नहीं। जब हम लोकसभा के सदस्य बने थे, तो हमें बताया गया था कि सदन के अंदर कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन एक व्यक्ति इन सभी नियमों को तोड़ता है, और वह है प्रोपेगैंडा (दुष्प्रचार) का नेता। यह 'फोमो गांधी' हैं। उन्हें सुर्खियों में न रहने का डर सताता है। अनुराग ठाकुर का कहना है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी को बोलने का मौका दिया है, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

### सत्ता पक्ष ने बिरला का किया बचाव



सत्ता पक्ष (एनडीए) ने ओम बिरला का बचाव किया। सरकार ने कहा कि विपक्ष यह प्रस्ताव सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए लाया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि स्पीकर पूरी तरह निष्पक्ष हैं और सांसदों के खिलाफ कार्रवाई उनके खराब व्यवहार की वजह से हुई थी। संविधान के अनुसार स्पीकर चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रह सकते हैं, लेकिन ओम बिरला ने मंगलवार की कार्यवाही से दूर रहने का फैसला किया। इस चर्चा का अंत बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के साथ हुई।

### जयराम ने 1954 के दस्तावेज साझा किए



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रिजिजू के इन दावों पर तुरंत पलटवार किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर 1954 की बहस के कुछ दस्तावेज साझा किए। रमेश ने बताया कि 18 दिसंबर 1954 को प्रधानमंत्री नेहरू खुद पूरी बहस के दौरान सदन में बैठे थे और उन्होंने चर्चा में हिस्सा भी लिया था। नेहरू ने खुद डिप्टी स्पीकर से अनुरोध किया था कि चर्चा का ज्यादातर समय विपक्ष को मिलना चाहिए। नेहरू का कहना था कि सरकारी पक्ष को ज्यादा समय नहीं लेना चाहिए ताकि विपक्षी सदस्य अपनी बात विस्तार से रख सकें।जयराम ने एक और बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1954, 1966 और 1987 में जब भी स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तब सदन में डिप्टी स्पीकर मौजूद थे। लेकिन 2019 के बीच से लोकसभा में कोई डिप्टी स्पीकर नहीं है। रमेश ने इसे संविधान का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 1954 में कांग्रेस के पास 489 में से 364 सांसद थे, फिर भी नेहरू ने विपक्ष की आवाज को महत्व दिया था।

### यह गांधी परिवार का वंशवादी विशेषाधिकार बना



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, मैं इस सदन के संरक्षक (स्पीकर) का समर्थन करना अपना राजनीतिक, संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य मानता हूं। इस तरह के प्रस्ताव का मुख्य कारण कांग्रेस और विशेष रूप से गांधी परिवार की सभी के साथ समान व्यवहार को स्वीकार करने में अक्षमता है। जो लोग वंशवादी विशेषाधिकारों के आदी हैं, उन्हें समानता अन्याय लगेगी। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि गांधी परिवार कोई गलती कर ही नहीं सकता।

### नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाताः वेणुगोपाल



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष संसदीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और जब वे सदन में खड़े होकर बोलते हैं तो उन्हें सुना जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी नेता प्रतिपक्ष बोलने के लिए खड़े होते हैं, उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही न दिया जाए?

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा होनी चाहिएः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है।

### एलपीजी के हालात देखिएः प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि जनता कितना बर्दाश्त करेगी। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और अब देखिए कि सरकार की नीतियों की वजह से एलपीजी से उन्हें कितना नुकसान हो रहा है। बेहतर होता कि इस पर पार्लियामेंट में चर्चा होती, कम से कम हम लोगों के मुद्दे तो उठा पाते।

---

**खबर संक्षेप**

### जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### सीबीआई की अर्जी को दूसरी बेंच के पास भेजें



**नई दिल्ली।** आबकारी मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को बुधवार को पत्र लिखा गया है। इसमें मांग की गई है कि सीबीआई की ओर से दायर की गई याचिका को जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा की बेंच से किसी और बेंच के पास भेज दिया जाए।

### मंडी में चलती बस के पीछे लटका मासूम



**मंडी।** जिला मंडी के जोगिंद्रनगर उपमंडल से वीडियो सामने आया है। स्कूल पहुंचने की जिद में बच्चा एचआरटीसी के जोगिंद्रनगर डिपो की चलती बस के पीछे लगी सीढ़ी पर लटक कर सफर करता हुआ दिखाई दे रहा है। बुधवार को वायरल हुए इस वीडियो ने लोगों की सांसें रोक दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अब दिल्ली के नए उपराज्यपाल बने संधू



**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। यह समारोह लोक निवास में आयोजित किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएम रेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---

पीएम मोदी ने केरलम में 10 हजार 800 करोड़ के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश की हो रही प्रशंसा



**रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने से लाखों नागरिकों को मिल रहा लाभ**



एजेंसी ▶▶ एर्नाकुलम

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल दौरे पर पर 10 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल को केरलम कहकर पुकारा। केरल के एर्नाकुलम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान बुधवार को प्रधानमंत्री ने कहा आज दुनिया आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे निवेश के लिए भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है। बजट में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिकॉर्ड फंड रखा गया है। इस निवेश का बहुत अधिक फायदा केरलम को मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत शोरनूर जंक्शन, कुट्टि-पुरम और चंगनासेरी रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया गया है। शोरनूर–नीलांबुर रेल लाइन के एक बड़े सेक्शन का विद्युतीकरण भी पूरा किया गया है। पालक्कड़-पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत भी हुई है। इससे केरलम और तमिलनाडु, दोनों राज्यों के लोगों को और अधिक सुविधा होगी। आज कोच्चि रिफाइनरी में पॉली-प्रोपाइलीन यूनिट के शिलान्यास के पीछे भी यही लक्ष्य है।

**पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत**

### एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश आगे बढ़ा

*उन्होंने कहा कि भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा है। एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश तेजी से प्रगति कर रहा है। ऐसे हर काम के लिए, ज्यादा एनर्जी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा ग्रीन और क्लीन एनर्जी की आवश्यकता है। और भारत सोलर पावर के मामले में दुनिया के टॉप के देशों में से एक बन चुका है। हमारा प्रयास है कि केरलम भी सोलर पावर जनरेशन में और आगे बढ़े। इसी मकसद से आज वेस्ट कल्लाडा, उसमें 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। केरलम में तो बहुत बड़ी संख्या में वॉटर बॉडीज हैं। यहां फ्लोटिंग सोलर पावर क्षेत्र में बहुत पोटेंशियल भी है।*

### सिक्स लेन की सड़क बनने से कनेक्टिवटी बेहतर होगी

पीएम मोदी ने कहा कि केरलम के कई महत्वपूर्ण रोड प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। सिक्स लेन की सड़क बनने से अलीक्कल पोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सिक्स लेन के कोजिकोड बाइपास से जाम की समस्या कम होगी और इससे ट्रैवल टाइम भी बहुत बच सकेगा। इन सारे प्रोजेक्ट्स से केरलम के किसानों को लाभ होगा, यहां टूरिज्म और दूसरी इंडस्ट्री को बल मिलेगा। ये जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, इनसे केरलम के हजारों नौजवानों को नए रोजगार मिलने वाले हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि ये सभी प्रोजेक्ट विकसित केरलम के हमारे संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### मछुआरों के लिए 1,400 करोड़ का प्रावधान किया

पीएम मोदी ने कहा कि हमें मत्स्य पालन में नई संभावनाओं को साकार करने और मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है। एनडीए सरकार उनकी प्रगति और क्षमताओं को असीमित स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा-एनडीए सरकार ने ही मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केरल के लिए लगभग 1400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समुद्र में जाने वाले मछुआरों की सुरक्षा भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। पहले हमारे मछुआरे भाई-बहन खुले समुद्र में जाते थे, तो उनके घरवाले उनके वापस आने तक चिंता और डर में डूबे रहते थे, क्योंकि समुद्र में मौसम को लेकर हमेशा आशंकाएं बनी रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। हमने सैटेलाइट के जरिए समुद्र में जाने वाले मछुआरे भाई-बहनों की सुरक्षा को और मजबूत किया है। तकनीक भी मछुआरा समुदाय की एक ताकत है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

---

तमिलनाडु में 5,650 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

## 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई राज्य को भविष्य के लिए खास बताया



**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री ने केरल दौरे के बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए खास है। आज शुरू किए गए प्रोजेक्ट्स लोगों को काफी फायदा पहुंचाएंगे। तमिलनाडु में एक ऐसा शहर है जहां दो रेलवे स्टेशन एक-दूसरे से मुश्किल से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, फिर भी अब तक, उनमें से कोई भी अपने लोगों को झारखंड के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रदान नहीं कर सका था। वह शहर कोयंबटूर है। लेकिन अब यह स्थिति बदलने वाली है, जब प्रधानमंत्री मोदी तिरुचिरापल्ली से 'पोदानूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। दक्षिण के करघा-नगरों से लेकर पूरब के कोयला-खदानों से घिरे पठारों तक, भारतीय रेल ने उस मांग को पूरा किया है जिसे यह क्षेत्र दशकों से संजोए हुए था। पोदानूर जंक्शन कोयंबटूर का दूसरा सबसे बड़ा रेलवे केंद्र है और शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित है, यह इस नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' का शुरुआती स्टेशन है। इसके कुछ ही मिनटों बाद कोयंबटूर जंक्शन आता है, जो इसका पहला कमर्शियल हॉल्ट (ठहराव) है। ये दोनों स्टेशन मिलकर कोयंबटूर के लाखों लोगों को ऐसी रेलगाड़ी तक पहुंचने के दो रास्ते उपलब्ध कराते हैं, जो सीधे धनबाद तक जाती है।

### यह पूर्वी भारत को 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ेगी

*पहले इस यात्रा में चेन्नई या विजयवाड़ा के लिए ट्रेन पकड़ना, वहां घंटों इंतजार करना, और फिर दूसरी ट्रेन पकड़ना; जिससे पहले से ही लंबे इस सफ़र में एक पूरा दिन और जुड़ जाता था। नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ने इस पूरे समीकरण को ही बदल दिया है। यह साप्ताहिक सेवा है। यह हर शनिवार सुबह पोदानूर से रवाना होगी और सोमवार तड़के धनबाद पहुंच जाएगी, जबकि वापसी की सेवा हर सोमवार को धनबाद से चलेगी। यह दक्षिण भारत के औद्योगिक केंद्र को पूर्वी भारत की 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ता है।*

### पहले होता था 2,000 किमी का सफ़र

*एक विशेष तरह की थकान को सिर्फ़ वही लोग जानते हैं जिन्हें घर जाने के लिए 2,000 किलोमीटर का सफ़र तय करना पड़ता है। तिरुप्पुर का वह कपड़ा मज़दूर जिसका परिवार धनबाद के बाहर किसी गांव में रहता है। कोयंबटूर का वह मशीन चलाने वाला, जिसके बच्चे झारखंड में उसके बिना ही बड़े हो रहे हैं। वह जवान लड़की जिसने बोकारो छोड़कर कोयंबटूर की कताई मिलों की छांव में कपड़े सिलने का काम शुरू किया। उनके लिए, घर का सफ़र सिर्फ़ एक परेशानी नहीं थी, बल्कि एक हिसाब-किताब भी था। क्या मैं इसके लिए समय निकाल सकता हूँ? क्या मैं ट्रेन बदलने की झंझट, भीड़-भाड़ वाले प्लेटफ़ॉर्म और अनिश्चितता को झेल सकता हूं?*

---

मुंबई में गहराया एलपीजी संकट

## कमर्शियल गैस आपूर्ति हुई ठप होटल उद्योग पर बंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां एलपीजी गैस की किल्लत ने वाणिज्यिक क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है, खासकर होटल और रेस्टोरेंट उद्योग को। कालबा देवी गैस एजेंसी के एक कर्मचारी धनाजी कदम के अनुसार 6 अप्रैल से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है. पहले जहां रोजाना 100 से 150 वाणिज्यिक सिलेंडर आते थे, अब वे बिल्कुल नहीं आ रहे हैं। इस अप्रत्याशित कटौती के कारण मुंबई के होटल संचालकों के पास अब केवल 20% एलपीजी स्टॉक बचा है।



### कई राज्यों में गैस की किल्लत

*यूपी-बिहार से लेकर तेलंगाना तक देशभर के लोग इन दिनों रसोई गैस सप्लाई के संकट से जूझ रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई में आई इस रुकावट ने आम लोगों के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। होटल रेस्ट्रोरेंट वालों का कहना है कि उनके पास बस दो दिन का सिलेंडर बचा है।*

---

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी को सभी किताबों की समीक्षा का निर्देश दिया

## सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो बेहतर, पाठ्यक्रम का रिव्यू जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाए अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमेटी बनाता तो अच्छा होता। कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। कोर्स की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा।

### एसजी मेहता बोले- सभी किताबों की समीक्षा की जाएगी



### अब पहले विशेषज्ञों की मंजूरी लेंगेः एसजी

*मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है।*

### कोर्ट ने वितरण पर लगाई थी पूरी तरह रोक

26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

### परिषद ने 9वीं की नई अंग्रेजी की किताब में सिलेबस कम किया

*राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा 9 के लिए जारी नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में कई भारतीय लेखकों की रचनाएं शामिल की गई हैं। इनमें तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती, लेखिका और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, नागा लेखिका टेमसुला आओ, प्रसिद्ध कवि रवींद्रनाथ टैगोर और असमिया उपन्यासकार मित्रा फुकन जैसे लेखकों की रचनाएं शामिल हैं। पहले किताबों में कुल 29 रचनाओं में से 15 रचनाएं विदेशी लेखकों की थीं।*

युद्ध के 12वें दिन ईरान की आईआरजीसी की अमेरिका और इजराइल को कड़ी चेतावनी

# अगला लक्ष्य टेक कंपनियां, बैंक और इंफ्रास्ट्रक्चर, लोगों को 1 किमी दूर रहने की सलाह




एजेंसी ▶▶ तेहरान

## गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल

## ईरान का आरोप इन कंपनियों की तकनीक का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा

मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने अब इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक लक्ष्यों को निशाना बनाना शुरू किया है। ईरानी मीडिया ने रिपोर्ट किया है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई अमेरिकी टेक कंपनियों के ऑफिस और इंफ्रास्ट्रक्चर ईरान के नए हमले की सूची में शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने इन कंपनियों की सूची जारी की है, जिन्हें ईरान के नए लक्ष्य बताया गया है। इस सूची में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इनके ऑफिस इजराइल के कई शहरों और कुछ खाड़ी देशों में स्थित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कंपनियों की तकनीक का इस्तेमाल इजराइल के सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। तस्नीम ने लिखा कि क्षेत्रीय युद्ध के दायरे में इंफ्रास्ट्रक्चर युद्ध शामिल होने के साथ ईरान के वैध लक्ष्यों का दायरा भी बढ़ रहा है। ईरान ने अमेरिका और इजराइल से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को भी निशाना बनाने की चेतावनी दी है। खातम अल-अंबिया मुख्यालय (जिसे संयुक्त राष्ट्र आईआरजीसी से जुड़ा बताता है) के प्रवक्ता ने कहा कि दुश्मन ने हमें अमेरिका और जायोनी शासन से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को निशाना बनाने की खुली छूट दे दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र के लोगों को ऐसे बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे में नहीं रहना चाहिए। टेक कंपनियों के मिडिल ईस्ट में ऑफिस, जैसे गूगल का दुबई में मुख्यालय और माइक्रोसॉफ्ट का यूएई में प्रमुख कार्यालय, अब खतरे में हैं।


इजराइल का लेबनान की राजधानी बेरुत पर मिसाइल से हमला, इमारतें और वहां खड़ी कारें क्षतिग्रस्त

### हम पर हमले हो रहे, मध्यस्थ नहीं बन सकते: कतर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कतर के विदेश मामलों के राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने साफ कहा है कि मौजूदा हालात में वह ईरान और पश्चिमी देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता। उन्होंने कहा हम पर हमले हो रहे हों तो हम मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकते। ईरान को यह समझने की जरूरत है। क्षेत्र के देश ईरान के दुश्मन नहीं हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि ईरान इस बात को नहीं समझ रहा।



पेंटागन का खुलासा

### ईरान युद्ध में 140 अमेरिकी सैनिक घायल, स्थिति गंभीर नहीं



अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने मंगलवार को बड़ा खुलासा किया। विभाग के अनुसार इस युद्ध में अब तक करीब 140 अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि घायल हुए अधिकांश सैनिकों की स्थिति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सैनिक इलाज के बाद फिर से अपनी ड्यूटी पर लौट चुके हैं।

अमेरिका का दावा

### ईरान की 16 माइन बिछाने वाली नौकाएं नष्ट कीं




अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की 16 ऐसी नौकाओं को नष्ट कर दिया गया है, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। यह कार्रवाई रणनीतिक रूप से बेहद अहम हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की गई। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वह होर्मुज स्ट्रेट में समुद्र के अंदर माइन (बारूदी सुरंग) न लगाए। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी ऐसी कोई पक्की रिपोर्ट नहीं है लेकिन ऐसा है तो उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। अगर ईरान माइन हटा देता है, तो यह सही दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम होगा।

## दुबई एयरपोर्ट के पास दो ड्रोन गिराए, एक भारतीय समेत 4 लोग घायल

दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए गए हैं। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल 4 लोग घायल हो गए। सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुबई प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना के बावजूद एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।


हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य रूप से जारी है


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### सरकार पीड़ित परिवारों की मदद कर रही, स्थिति पर नजर: विदेश मंत्रालय

वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद कर रही है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने भारतीयों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक खास कंट्रोल रूम भी बनाया है। यह कंट्रोल रूम लगातार काम कर रहा है। यहां भारतीयों की सुरक्षा को लेकर कई फोन आ रहे हैं और अधिकारी लोगों को जरूरी सलाह दे रहे हैं। खाड़ी देशों में भी कुछ भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। दुबई में घायल हुए एक भारतीय नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय दूतावास इन सभी लोगों के साथ लगातार संपर्क में है।

### हमलावारों को पहचानें: इटली

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने ईरान के मीनाब शहर में प्राथमिक स्कूल पर हुए मिसाइल हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में कम से कम 170 लोगों की मौत हुई, जिनमें ज्यादातर 7 से 12 साल की छात्राएं थीं। इटली की सीनेट में बोलते हुए मेलोनी ने कहा कि वह मीनाब के स्कूल में लड़कियों के नरसंहार की कड़ी निंदा करती हैं। इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान जल्द से जल्द की जानी चाहिए और उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।


जॉर्जिया मेलोनी


बद्र अब्देलात्ती

### तनाव कम करें: मिस्र

मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलात्ती ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत कर क्षेत्र में तनाव कम कराने में मदद की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में स्थिरता के लिए संवाद जरूरी है।

### यूएन प्रमुख ने जताई गहरी चिंता

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध पर चिंता जताई। उन्होंने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने और नागरिक ठिकानों पर हमले से बचने की अपील की।

### युद्ध बजट खर्च नहीं, निवेश है: इजराइल

इजराइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने कहा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए बनाया जा रहा विशेष बजट कोई खर्च नहीं बल्कि भविष्य की सुरक्षा में निवेश है।



पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ जारी वीडियो संदेश में उन्होंने बताया कि सरकार का मंत्रिमंडल जल्द ही इस विशेष युद्ध बजट को मंजूरी देने के लिए बैठक करेगा। स्मोट्रिच ने कहा कि देश की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए जरूरी आर्थिक संसाधन जुटाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध के हालात में मजबूत अर्थव्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उनके मुताबिक यह बजट इजराइल की रक्षा क्षमता को और मजबूत करेगा।

### इजराइल का दावा- ईरान ने क्लस्टर बमों से किया हमला

इजराइल ने सनसनीखेज दावा किया है कि ईरान इस युद्ध में बेहद खतरनाक क्लस्टर म्यूनिशन यानी क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रहा है। इन हथियारों के कारण इजराइल की पहले से ही दबाव में चल रही एयर डिफेंस प्रणाली के सामने अतिरिक्त चुनौती पैदा हो गई है और आम नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने हमले का वीडियो जारी किया है। वीडियो में दिख रहा है कि क्लस्टर बम इजराइल के आसमान में फटता है और इसके अंदर से कई छोटे बम अलग-अलग जगह गिरते हैं। आईआरआईबी ने बताया कि ईरान ने यह हमला अमेरिका और इजराइल के आक्रमणों के जवाब में किया। इस हमले में दक्षिणी तेल अवीव के हेइला उपग्रह संचार केंद्र, बेयर याकोव, पश्चिमी यरूशलम और हाइफा में मौजूद सैन्य केंद्रों को निशाना बनाया गया।





### ईरान ने इराक, बहरीन और इजराइल को बनाया निशाना

ईरानी सेना ने भारी और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलों की नई खेप दागने का वीडियो जारी किया है। इन मिसाइलों को इराक, बहरीन और इजराइल की दिशा में छोड़ा गया बताया गया है। ईरान का कहना है कि यह हमला अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया गया है। वीडियो में कई मिसाइलों को एक साथ लॉन्च होते देखा जा सकता है। ईरानी सेना के मुताबिक इन मिसाइलों में मल्टी-वॉरहेड तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे एक ही मिसाइल से कई लक्ष्य साधे जा सकते हैं। इस हमले के बाद पूरे पश्चिम एशिया में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया है और कई देशों की वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। बहरीन की सेना ने कहा है कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 106 मिसाइल और 176 ड्रोन को मार गिराया गया है। सेना के मुताबिक ये हमले नागरिक ठिकानों और निजी संपत्ति को निशाना बना रहे थे, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

---

खबर संक्षेप

### भारत ने मेडागास्कर को भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को मेडागास्कर को 12 टन मेडिकल मदद और 18 टन आपदा राहत का सामान भेजा।



यह जानकारी इस साल की शुरुआत में ट्रॉपिकल साइक्लोन फिटिया और गेज़ानी से हुई भारी तबाही के बाद दी गई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत मुश्किल समय में मेडागास्कर के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

### पूर्व सीएम अब्दुल्ला पर फायरिंग की कोशिश

**जम्मू।** जम्मू में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार देर शाम फायरिंग की कोशिश की गई है।



अब्दुल्ला ग्रेटर कैलाश इलाके में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। तभी हमलावर कमल सिंह जम्वाल ने पीछे से आकर अब्दुल्ला पर गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचा लिया और हमलावर को पकड़ लिया। जांच शुरू हो गई है।

### लाल किला विस्फोट में आरोपियों की हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के निकट विस्फोट की साजिश में कथित तौर पर शामिल दो आतंकियों की हिरासत में पूछताछ की अवधि बुधवार को पांच दिनों के लिए बढ़ा दी।



विशेष न्यायाधीश पीतांबर दत्त ने बंद कमरे में सुनवाई के बाद जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट की सुनवाई की।

पीएम मोदी की 'एनर्जी डिप्लोमेसी' के सामने अमेरिका ने घुटने टेके

# राजदूत गोर बोले- पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर रखने में भारत की 'महत्वपूर्ण' भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की 'एनर्जी डिप्लोमेसी' के आगे अमेरिका ने घुटने टेक दिए हैं। अभी कुछ हफ्ते पहले तक भारत का रूस से तेल खरीदना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहुत ही ज्यादा खटकता था। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ भी इसी बहाने से लगाया था। लेकिन, ईरान से युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका का रंग-ढंग ही बदल गया है।

अब अमेरिका ने औपचारिक तौर पर भारत के रूस से तेल खरीदने का समर्थन किया है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अब सार्वजनिक तौर पर कहा है कि अमेरिका न सिर्फ तेल की वैश्विक कीमतों को स्थिर बनाए रखने में भारत की भूमिका को मानता है, बल्कि इसका समर्थन भी करता है। बता दें, ईरान युद्ध के बीच में अमेरिका ने हाल ही भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की छूट दी है।


पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप फाइल फोटो

### बाजार की स्थिरता के लिए सहयोग

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ईरान युद्ध के बीच बहुत बड़ा कूटनीतिक संदेश देते हुए एक्स पर अपने पोस्ट में कि पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर बनाए रखने में भारत एक ग्रेट पार्टनर है। अमेरिका मानता है कि रूस से लगातार तेल खरीदना इसी प्रयास का हिस्सा है। भारत तेल के सबसे बड़े कंज्यूमरों और रिफाइनरों में से एक है और अमेरिका और भारत के लिए यह आवश्यक है कि अमेरिकियों और भारतीयों के लिए बाजार को स्थिर बनाए रखने के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करें।



### भारत हमारा अच्छा साथी, वहां के लोग अच्छे : लेविट

बुधवार को व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका ने भारत को पहले से समुद्र में मौजूद रूसी तेल खरीदने की अनुमति इसलिए दी, क्योंकि भारत के लोग अच्छें हैं। दूसरी बात यह है कि भारत अमेरिका का अच्छा साथी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही अमेरिका की शर्तों का पालन किया और रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया। इसी वजह से अमेरिका ने भारत को यह विशेष छूट दी। लेविट के अनुसार, इस निर्णय का मकसद दुनिया में तेल की अस्थायी कमी को पूरा करना है, जो ईरान के कारण पैदा हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत को यह तेल खरीदने की इजाजत इसलिए दी गई क्योंकि यह तेल पहले से समुद्र में था और इससे रूस को कोई खास वित्तीय फायदा नहीं होगा।



### ईरान ने अमेरिका की ऊर्जा प्रभुत्व नीति की कड़ी निंदा की

ईरान ने अमेरिका की ऊर्जा प्रभुत्व रणनीति की तीखी आलोचना की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि हाल ही में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के पीछे वास्तविक आर्थिक मकसद साफ हो गया है। बघाई ने व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लिविट के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका और इजराइल की हालिया आक्रामकता का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेल संसाधनों पर कब्जा करना है। उन्होंने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने ईरान के ऊर्जा संसाधनों को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रभुत्व की अंतिम कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि ईरान का विरोध केवल अपनी सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय और ग्लोबल साउथ के हितों की रक्षा के लिए भी है।



गुजरात के कांडला बंदरगाह आ रहा था

## होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई जहाज 'मायुरी नारी' पर हमला, 3 लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिकी और इजराइली हमला अब 12वें दिन में प्रवेश कर चुका है। बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक थाई रजिस्टर्ड मालवाहक जहाज 'मायुरी नारी' पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज में भीषण आग लग गई। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा बंदरगाह से निकलकर भारत के गुजरात स्थित कांडला बंदरगाह की ओर जा रहा था। हमले के बाद जहाज पर काला धुआं उठता दिखा और चालक दल को जीवन राफ्ट के जरिए जहाज छोड़ना पड़ा। रॉयल थाई नेवी ने बताया कि जहाज थाई कंपनी प्रेशियस शिपिंग का है, जो 178 मीटर लंबा बल्क कैरियर और लगभग 30,000 टन का है।

जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। ओमानी नौसेना ने बचाव अभियान चलाया, जिसमें अब तक 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है। तीन नाविक अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है।




### समुद्री जहाज सतर्कता बरतें: ब्रिटेन

यूके समुद्री संगठन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूएई के रास अल खैमा से उत्तर-पश्चिम में 25 समुद्री मील दूर यह हमला हुआ। जहाज पर आग लगने के बाद चालक दल ने जहाज छोड़ दिया। उसके अनुसार, एक कंटेनर जहाज के मास्टर ने बताया कि जहाज को किसी अज्ञात प्रक्षेप्य से नुकसान पहुंचा है। नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हुआ है और इसे जहाज के चालक दल द्वारा जांचा जा रहा है। जहाज पर सभी चालक दल सुरक्षित हैं और उनकी संख्या पूरी है। यूकेएमटीओ ने कहा कि समुद्री जहाजों को सतर्कता बरतते हुए यात्रा करने की सलाह दी जाती है।

थाईलैंड के फुकेट में टला बड़ा हादसा

## एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान- एएक्सबी938 ने हैदराबाद से उड़ान भरी थी। विमान निर्धारित समय से पहले फुकेट हवाई अड्डे पर पहुंचा और लैंडिंग के समय खराबी आ गई। विमान की लैंडिंग का निर्धारित समय 11:40 बजे था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतार लिया गया। विमान में चालक दल के 7 सदस्य, 131 यात्री और दो शिशु सवार थे। फुकेट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने द्वारा प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान की हार्ड लैंडिंग होने के कारण लैंडिंग गियर के साथ-साथ सामने वाले हिस्से में भी नुकसान पहुंचा है। हार्ड लैंडिंग के समय विमान की गति तेज थी। राहत की बात ये रही कि विमान में सवार किसी को भी चोट नहीं लगी है। तकनीकी खराबी के बावजूद, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने 12:08 बजे से शाम 6:00 बजे तक रनवे को अस्थायी रूप से बंद किया।


लैंडिंग गियर का हिस्सा क्षतिग्रस्त

पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच..., ट्रंप बोले 'थैंक्यू इंडिया'

# यूएस में 50 साल बाद भारत के निवेश से खुलेगी रिफाइनरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि उनके देश में 50 साल बाद एक नई तेल रिफाइनरी स्थापित की जाएगी। जिसमें भारत की रिलायंस इंडस्ट्री निवेश करेगी और इसके लिए हमारे बीच ऐतिहासिक समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारी ये परियोजना अमेरिकी प्रशासन की 'अमेरिका सबसे पहले' वाले एजेंडे के तहत ही सफल हुई है। रिफाइनरी के लिए टेक्सास के ब्राउंसविले बंदरगाह का चयन किया गया है और इससे जुड़े निवेश की कुल धनराशि 300 बिलियन डॉलर की होगी। जिसके लिए मैं भारत की ऊर्जा से जुड़ी हुई निजी क्षेत्र की एक सबसे बड़ी कंपनी और वहां पर हमारे साझेदारों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर बीते मंगलवार को यह जानकारी दी।

### रिलायंस के साथ 20 साल का करार, 300 बिलियन डॉलर का निवेश




ट्रंप ने कहा कि यह नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों की ईंधन संबंधी जरूरतें पूरी करेगी, ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका असली एनर्जी दबदबे की ओर लौट रहा है! आज मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमेरिकी ऑयल रिफाइनरी खोल रहा है। यह एक ऐतिहासिक 300 बिलियन डॉलर की डील है, जो अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी डील है। यह अमेरिकी वर्कर्स, एनर्जी और साउथ टेक्सास के महान लोगों के लिए एक बड़ी जीत है! इस जबरदस्त इन्वेस्टमेंट के लिए भारत में हमारे पार्टनर्स और उनकी सबसे बड़ी प्राइवेट एनर्जी कंपनी, रिलायंस का धन्यवाद।

### ईरान बिना शर्त सरेंडर करे

ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी उनका सैन्य अभियान तभी बंद होगा। जब हमारे द्वारा तय किए गए सभी लक्ष्यों की पूर्ति हो जाएगी और ईरान बिना शर्त आत्मसमर्पण कर देगा। उनके तेल रिफाइनरी खोलने के उक्त फैसले को बीते वक्त में ट्रंप द्वारा दौरान दुनिया में तेल आपूर्ति को चुनौतीपूर्ण समय में भी बरकरार रखने से जुड़े हुए विकल्पों की तलाश के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

### वैश्विक निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

ट्रंप ने कहा कि हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और टैक्स कम करने की वजह से है, जिससे हमारे देश में अरबों डॉलर की डील्स वापस आ रही हैं। ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, यूएस मार्केट्स को बढ़ावा देगी, हमारी नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करेगी, अमेरिकी एनर्जी प्रोडक्शन को बढ़ावा देगी, अरबों डॉलर का इकोनॉमिक असर डालेगी, और यह दुनिया की सबसे साफ रिफाइनरी होगी। यह वैश्विक निर्यात को बढ़ावा देगा और उस इलाके में हजारों नौकरियां और ग्रोथ लाएगा जो इसके लायक है। अमेरिकन एनर्जी डोमिनेंस ऐसा ही दिखता है। अमेरिका फर्स्ट, हमेशा!'

# पुजारी को हनीट्रैप में फंसाकर साढ़े आठ लाख की अड़ीबाजी, पचास हजार ट्रांसफर कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने पुजारी का अपहरण कर उसे वाजपेयी नगर मल्टी में रखकर मारपीट करने और पचास हजार रुपए ट्रांसफर कराने वाले आरोपी आकाश उर्फ हड्डी और उसके गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। भूरा हड्डी गैंग के सदस्य भूरा की शादी के लिए रकम जुटा रहे थे।

उन्होंने पुजारी का अपहरण किया और बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए पुजारी के भाई से पचास हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। घटना दो दिन पहले की है। दरअसल, आरोपी अपने सरगना भूरा की शादी के लिए रकम जुटा रहे थे। पुलिस ने मंगलवार रात भूरा हड्डी को शादी के मंडप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**आदतन बदमाश भूरा हड्डी ने अपनी शादी के लिए की वारदात, कोहेफिजा पुलिस ने किया गिरफ्तार**

### आरोपियों ने बलात्कार के झूठे केस में जेल भेजने की धमकी दी



पुलिस के अनुसार 25 साल के पुजारी ने पुलिस शिकायत की थी। शिकायत में उसने बताया कि आकाश उपाध्याय पुजारी का काम करता है। लिहाजा उससे पहचान है। आकाश उपाध्याय ने उसे दो दिन पहले अपने किराए के कमरे में बुलाया। उसके कमरे में एक युवती बैठी हुई थी। आकाश ने पुजारी से कहा कि मैं अभी आता हूं। इसके बाद वह पुजारी की एक्टिवा लेकर निकल गया। कुछ ही देर बाद भूरा हड्डी अपने साथियों के साथ आकाश के कमरे में पहुंचा। वहां उसने पुजारी को डराया कि तू यहां युवती के साथ गलत काम कर रहा है तुझे बलात्कार के केस में फंसा देंगे। आरोपी पुजारी को अपने साथी मल्टी वाजपेयी नगर लेकर पहुंचे। वहां उसके साथ मारपीट की। आरोपी उसे जान से खत्म करने की धमकी देने लगे और बलात्कार के झूठे केस में जेल भेजने की धमकी देने लगे। आरोपियों के कहने पर पुजारी ने अपने भाई को बुलाया। भाई ने आकाश उपाध्याय के खाते में पचास हजार रुपए ट्रांसफर किए, तब जाकर आरोपियों ने पुजारी को छोड़ा।

### आठ लाख की रकम लेनी थी बाकी

पचास हजार रुपए लेने के बाद आरोपी पुजारी से आठ लाख रुपए की अड़ीबाजी कर रहे थे। हड्डी गैंग ने पुजारी को उस समय छोड़ा जब उसने विश्वास दिलाया कि वह जल्द ही आठ लाख रुपए की व्यवस्था कर देगा। पुलिस ने आकाश उपाध्याय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि भूरा हड्डी की शादी के लिए गैंग रकम जुटा रही थी। पचास हजार रुपए भूरा हड्डी को उसने ट्रांसफर किए है। पुलिस को पता चला कि भूरा हड्डी अभी मंडप में है और शादी की तैयारी कर रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी भूरा हड्डी को दबोच लिया।

### मामले में प्रेमिका को भी बनाया आरोपी

भूरा हड्डी ने पूरी ब्लैकमेलिंग में अपनी प्रेमिका और होने वाली पत्नी को चारा बनाया था। नतीजतन पुलिस ने उसकी प्रेमिका को भी आरोपी बनाया है। भूरा की गिरफ्तारी के बाद उसकी प्रेमिका वरिष्ठ अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटती रही, वह कहती रही कि मेरी भूरा से शादी होने वाली है। मामला गंभीर होने के कारण अधिकारियों ने उसकी एक नहीं सुनी और आरोपी भूरा हड्डी सहित आकाश उपाध्याय सहित राम ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को प्रकरण में तौफीक शूटर की तलाश है।

### वल्लभ भवन के रिटायर्ड कर्मचारी से सवा 3 लाख की ठगी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित नूर महल रोड पर रहने वाले वल्लभ भवन के रिटायर्ड कर्मचारी से साइबर जालसाज ने सवा तीन लाख रुपए ठग लिए। हैरानी की बात तो यह है कि न ही उनसे ओटीपी पूछा गया और न ही किसी प्रकार का लिंक भेजी गई। बावजूद इसके उनके खाते से तीन लाख 17 हजार 307 रुपए कट गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अशोक कॉलोनी नूर महल रोड निवासी सईद उल हक (32) के पिता रियाज उल हक वल्लभ भवन के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। पिता का बैंक ऑफ इंडिया की विंध्याचल भवन शाखा भोपाल में बचत खाता है। उनकी पेंशन प्रतिमाह बैंक खाते में आती है। वह जरूरत के हिसाब से बैंक जाकर पैसे खाते से निकालते रहते हैं। जनवरी 2025 में उनके खाते से तीन लाख 17 हजार 307 रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी ट्रांजेक्शन कर निकाल लिए। यह ट्रांजेक्शन परिवार के किसी भी सदस्य ने नहीं किया। कुछ दिन बाद जानकारी मिलने पर फरियादी सईद उल हक बैंक पहुंचे तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने खाते से रकम निकालकर खातों में ट्रांसफर की है।

## खबर संक्षेप



### आरती यादव को दी जन्मदिन की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद आरती यादव का जन्मदिन पर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी के कार्यालय में केक काटकर मनाया गया। जन्मदिन पर आरती यादव को विधायक सुरेंद्र पटवा, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, वचन लोधी, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, इंग्लैश यादव, माखन सेन, पदम चौहान, सपना रैकवार, सुलेखा चौहान, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

### भारत निहाल के पुनः अध्यक्ष बनाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज प्रेस क्लब के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। बुधवार को प्रेस



क्लब के वरिष्ठ सदस्य सुनील सेरिया ने बताया कि प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य भारत निहाल को पुनः अध्यक्ष बनाया जाए एवं उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब का संविधान बने। नियम और कानून लागू हो, जिससे प्रेस क्लब में मजबूती आएगी और संगठित रहेगा।

### तामोट पंचायत के विकास की मांग

**तामोट।** तामोट पंचायत क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत है। जनपद सदस्य सुरेखा चौहान, पूर्व सरपंच संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल, रामपाल, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, अरुण जैन, अरविंद जैन आदि ने तामोट के विकास के लिए मांग उठाई है। तामोट में अस्पताल रोड शीघ्र बने, शासकीय अस्पताल का निर्माण तेजी से हो। हर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। स्कूल अच्छा एवं सुंदर बने। स्ट्रीट लाइट पूरी जले।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2750 | | |
| दिनः | 445 | 30 | 370 |
| रातः | 140 | 53 | 139 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 145 | 02 | 390 |
| रातः | 159 | 55 | 249 |

**करीब छह महीने पहले नाबालिग मंगेतर ने लगाए थे रेप के आरोप, जमानत पर आया था बाहर**

# बालश्री पुरस्कार से सम्मानित म्यूजिक टीचर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया स्थित कोकता मल्टी में म्यूजिक टीचर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालाश्री पुरस्कार से सम्मानित म्यूजिक टीचर नाबालिग मंगेतर से दुष्कर्म के आरोप में जेल से जमानत पर छूटकर आए थे। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में मंगेतर के बारे में लिखा है कि मैंने तुमसे प्यार किया, लेकिन तुमने मुझे फंसा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक को बाल कलाकार के रूप में राष्ट्रपति का बालश्री पुरस्कार मिला था।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से सलकनपुर, जिला सीहोर निवासी विवेक तिवारी (24) कोकता मल्टी में परिवार के साथ रहते थे। वह बचपन से ही संगीत के क्षेत्र से जुड़े थे और खासतौर से हारमोनियम वादन और गायन के क्षेत्र में उनकी पहचान बनी थी। वह म्यूजिक की क्लास भी लेते थे। बिलखिरिया क्षेत्र में रहने वाले एक परिचित की 17 साल की बेटी से विवेक की सगाई हुई थी। दोनों परिवारों के बीच तय हुआ था कि बेटी के बालिग होने के बाद ही शादी होगी। इस बीच सितंबर 2025 में नाबालिग मंगेतर ने आरोप लगाया कि विवेक तिवारी घुमाने के बहाने उसे अपने साथ ले गया और कार में दुष्कर्म किया। बेटी ने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। तब माता-पिता विवेक के घर पहुंचे। आरोप है कि कृत्य की शिकायत करने पर विवेक, उसकी मां व बहन ने पीड़िता के माता-पिता से अभद्रता कर गाली-गलौज और मारपीट की थी। अपनी बेटी को लेकर माता-पिता बिलखिरिया थाने पहुंचे और विवेक तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म और उसकी मां व बहन के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### मैंने तुमसे प्यार किया, तुमने फंसा दिया



पुलिस ने बताया कि विवेक तिवारी को करीब 20 दिन पूर्व रेप के मामले में जमानत मिली थी। वह करीब छह माह जेल में बंद रहे। जेल से बाहर आने के बाद विवेक ने लोगों से मिलना-जुलना छोड़ दिया था। उसे लग रहा था कि गांव में रहने वाले उसके पुजारी पिता की प्रतिष्ठा उसकी वजह से धूमिल हुई है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे परिजनों ने विवेक तिवारी को फांसी के फंदे पर लटका देखा। फौरन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन पूर्व में ही मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें माता-पिता से माफी मांगते हुए मंगेतर को परेशान न करने की बात लिखी है। मंगेतर के बारे में लिखा है कि मैं तुमसे प्यार करता हूं, लेकिन तुमने मुझे फंसा दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट जांच के लिए भेज दिया है।

### पत्नी को कॉल कर कहा मैं जा रहा हूं, अब सब खत्म और लगा ली फांसी

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित मांडवा बस्ती में मंगलवार देर रात एक युवक ने मायके गई पत्नी को कॉल करने के बाद फांसी लगा ली। पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर दो घंटे पहले ही मायके गई थी। कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आपसी घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मांडवा बस्ती निवासी राकेश खातेकर (24) प्राइवेट काम करता था। आपसी अनबन के चलते मंगलवार रात करीब दस बजे राकेश की पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। रात करीब सवा 12 बजे उसने पत्नी को कॉल कर कहा कि मैं जा रहा हूं, अब सब खत्म है। इतना कहकर उसने कॉल काट दिया। पत्नी ने फौरन घर के पास रहने वाले परिचित को जानकारी दी। कुछ लोग राकेश के घर पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। दरवाजा तोडा पर वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

### पत्नी को मैसेज कर किसान ने खेत में लगाई फांसी

नजीराबाद पुलिस ने बताया कि ग्राम हिनोतिया जागीर निवासी धनवीर सिंह राजपूत (39) खेती-किसानी करते थे। रोजाना की तरह मंगलवार 10 मार्च को भी वह खेत पर चले गए थे। दोपहर करीब दो बजे उन्होंने पत्नी के मोबाइल पर वाट्सएप मैसेज किया कि मैं फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा हूं। मैसेज देखते ही पत्नी ने अपने बच्चों व अन्य परिजन को मैसेज दिखाया। इसके बाद खेत पहुंचे। वहां धनवीर सिंह आम के पेड़ पर फंदे पर लटके मिले।

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दादलानी का स्वागत**

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की जनकल्याण योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लक्ष्य को करूंगा पूराः विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत नगर के युवा नेता विनय (मोनू) दादलानी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ख़ासकर युवाओं में उत्साह है। विनय के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद यहां पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा उनके स्वागत का सिलसिला जारी है। इसी तारतम्य में भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विनय दादलानी का सर्राफा एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश तोलानी, जवाहर मूलचंदानी, प्रकाश दादलानी, सुरेश संभवानी, माधू दादलानी, राजा बेलानी व किशोर लालवानी सहित कई सर्राफ़ा व्यापारी मौजूद थे।



विनय का स्वागत करता सर्राफा एसोसिएशन।

### सर्राफा एसोसिएशन ने किया विनय का सम्मान

अपने स्वागत के परिप्रेक्ष्य में नव नियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी ने कहा कि यह स्वागत भाजपा के हर कार्यकर्ता का है, पार्टी में जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उसका कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन कर पार्टी को और अधिक क्षेत्र में मजबूत बनाऊंगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जन कल्याण की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करना मेरा उद्देश्य है। वहीं इससे पूर्व पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी एवं राकेश कुकरेजा को जिला मंत्री बनाए जाने पर पंचायत द्वारा स्वागत किया गया।

## मिनी ट्रक ने बाइक सवार 70 साल के बुजुर्ग को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जुबली गेट के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवार 70 साल के बुजुर्ग को कुचल दिया। मिनी ट्रक का पहिया उनके शरीर से गुजरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मिनीट्रक का चालक मिनी ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मिनी ट्रक जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार प्रह्लाद सिंह साहू (70) बी सेक्टर चांदबाड़ी में रहते थे। मंगलवार सुबह वह घर से सवा 8 बजे बाइक लेकर निकले थे। करीब 15 मिनट बाद उनके बेटे के पास कॉल आया कि प्रह्लाद सिंह का एक्सीडेंट हो गया है। बेटा मौके पर पहुंचा तो पिता सड़क के साइड में पड़ी मिले, जबकि कुछ दूरी पर उनकी बाइक थी। बेटा उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि प्रह्लाद सिंह साहू सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनकी बाइक को मिनी ट्रक ने टक्कर मारी थी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए और मिनी ट्रक का बाएं तरफ का पिछला टायर उनके शरीर से होता हुआ गुजर गया।

## डॉ. नागर ने किया हर्राई में अटल पंचायत भवन के लिए भूमिपूजन



भूमिपूजन करते डॉ. नागर ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व, मार्गदर्शन में औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राई में लगभग 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नवीन अटल पंचायत भवन का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस भवन के निर्माण से आम जनता को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। भूमि पूजन पटवा के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ अशोक यादव, कन्हैया नंदवंशी, गजेंद्र नागर, माधव यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया सहित पंचायत सचिव सरपंच आदि मौजूद रहे।

**नजीराबाद में एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम**

## शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (विकासखंड बैरसिया) के सेक्टर क्रमांक 3 की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को ग्राम पंचायत भवन नजीराबाद में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भोपाल जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी रहीं।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, जैविक कृषि, गोसंवर्धन, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। विकासखंड समन्वयक टीना शर्मा ने समितियों गठन, उद्देश्यों की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते अतिथि।

### बीएसडब्ल्यू और एमएमसडब्ल्यू की जानकारी दी

जनपद सदस्य व सभापति (सिंधोडा) कैलाश अहिरवार, डॉ. भगवती श्रीवास, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि नितेश धाकड़, परामर्शदाता केआर अहिरवार और इंटर्न विंदा मेहर ने भी पर्यावरण व जल संरक्षण सहित समग्र ग्रामीण विकास पर अपने विचार साझा किए। युवाओं को बीएसडब्ल्यू और एमएमसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा के अवसरों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जगमेरी के अध्यक्ष सुनील अहिरवार व सचिव राजेंद्र सिंह, कड़ियां कला के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत तथा पतलापानी के अध्यक्ष हेमराज नायक व सचिव खेमचंद सहित अन्य समितियों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## चैतीचांद पर विशाल शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से होगी फूलों की वर्षा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन को महानगर नव वर्ष मेला समिति ने आमंत्रित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को महानगर नव वर्ष मेला समिति द्वारा टीटी नगर दशहरा मैदान में 19 मार्च से 18 अप्रैल तक चलने वाले मेले का आमंत्रण दिया गया। इसके अलावा 20 मार्च को सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेतीचाँद उत्सव के अवसर पर सिंधु समाज द्वारा संत नगर में आयोजित भव्य शोभा यात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करवाने का आग्रह किया। इस मौके पर उमाशंकर गुप्ता (पूर्व गृह मंत्री ), सुशील वासवानी (पूर्व आवास संघ अध्यक्ष ), कैलाश मिश्रा (पूर्व नगर निगम अध्यक्ष) एवं अजय अग्रवाल ( पूर्व अध्यक्ष न्यू मार्केट व्यापारी

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



विदाई समारोह में मौजूद अतिथि एवं विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

सतलापुर स्थित स्कॉलर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर पुष्पा लोहानी एवं प्राचार्य नितिन लोहानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की यादों को साझा किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर पुष्पा लोहानी ने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## गांवों में बकाया बिलों के लिए बिजली कंपनी लगा रही कैम्प



विशेष शिविर में मौजूद बकायादार एवं अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

बिजली कंपनी बिल बकायादारों के लिए ग्रामीण अंचल में विशेष कैम्प लगा रही हैं, जिसमें समाधान योजना एवं धारा 135 व 126 के प्रकरणों में शासन द्वारा प्री लोक अदालत में जो छूट दी रही है, उसमें राशि जमा कराई जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिल रही है।

वसूली के लिए खुद विद्युत कंपनी के कनिष्ठ अभियंता अनुराग सोनकर एवं कनिष्ठ यंत्री गौरव चावड़ा प्रत्येक ग्राम जाकर कैम्प लगा कर समाधान योजना की जानकारी देकर राशि जमा करा रहे हैं एवं शासन द्वारा जो भी छूट दी जा रही है, वह कुल बिल से कम करके राशि जमा कराई जा रही है।

कनिष्ठ यंत्री गौरव चावड़ा ने उपभोक्ताओं से कहा है कि सभी कैम्प में आकर मिल रही छूट एवं सुविधा का लाभ उठाएं तथा अस्थाई विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई से बचे।

**एक माह बीते एक सप्ताह में प्रस्तुत करना था रिपोर्ट**

# नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार की जांच ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप नगर पालिका में हुए सालों पहले भ्रष्टाचार को लेकर नगर की मीडिया हाउस द्वारा विगत माह 6 सूत्रीय अनियमितताओं को लेकर जिला कलेक्टर रायसेन अरुण कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें नपा के अलग अलग विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत पत्र दिया गया।

कलेक्टर ने जिला परियोजना अधिकारी सुरेखा जाटव, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमंत शर्मा, सीएमओ औबेदुल्लागंज, एसडीओ लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सीएमओ मंडीदीप प्रशांत जैन को अलग अलग विभागों के जांच का जिम्मा दिया और जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा, परन्तु एक माह बाद भी जांच का पता नहीं और न ही भ्रष्ट कर्मचारी पर किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं। नगर के लोगों का कहना है जांच ठंडे बस्ते में पड़ गई।

### विभागीय भ्रष्ट कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज




जैसे ही रिपोर्ट कलेक्टर रायसेन को जाएगी, संभावना जताई जा रही नपा के उन भ्रष्ट कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है, जिन्होंने पिछले कई सालों में नियम विरुद्ध योजनाओं का लाभ और साठगांठ कर अपात्र को भी पात्र बना दिया।

### तीन दिन में रिपोर्ट देंगे कलेक्टर को

कई विषयों की जांच रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। एक या दो जांच की रिपोर्ट आना बाकी है। संभवतः दो से तीन दिन में रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव**
एसडीएम गौहरगंज

### नपा के इन विषयों पर होनी थी जांच

- कायाकल्प 01,02, पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर।
- नगर में चल रही तहबाजारी का प्रतिदिन की वसूली पर पैसे का बंदरबांट।
- नपा में घर बैठे कर्मचारियों को पैसा देने सम्बन्धी एवं फर्जी कर्मचारियों को लेकर ।
- अमृत टू योजना में पहले की मुख्यमंत्री पेयजल योजना का समीलियन किस नियम से हुआ। और नहीं हुआ तो पहले के पैसे का क्या हुआ।
- सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण में हुई अनियमितता।

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'इल्हाम' का मंचन

# केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लगातार मन में चलने वाली विचार यात्रा है 'इल्हाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'इल्हाम' अपने शीर्षक की तरह ही एक आंतरिक जागृति और आत्मबोध की कहानी है, जिसमें मानवीय संबंधों की जटिलता, अकेलेपन की अनुभूति और जीवन के अर्थ की तलाश को संवेदनशील ढंग से जब मंच पर उकेरा गया तो र्शक देखते रह गए। वहीं पूर्व रंग में पारुल सिंह व साथी द्वारा कथक नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी गई।

अपने भीतर की गहरी अनुभूति को उजागर करता नाटक 'इल्हाम' का मंचन बुधवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। मानव कौल द्वारा लिखित और डॉ. प्रदीप वर्मा द्वारा निर्देशित इस नाटक में मानवीय सोच और परिकल्पना की गहरी छाप दर्शकों पर छोड़ी। नाटक के संवादों में समकालीन जीवन की बेचैनी, रिश्तों में उपजी दूरियां और आत्म-खोज की छटपटाहट स्पष्ट रूप से दिखाई दी। दर्शकों ने न केवल इसे एक प्रस्तुति के रूप में देखा, बल्कि एक अनुभव के रूप में महसूस किया। कई दर्शकों ने कहा कि इल्हाम केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक विचार यात्रा है, जो प्रस्तुति समाप्त होने के बाद भी मन में चलती रहती है।



मंच पर अभिनय करते कलाकार।

### नाटक की कहानी

मानव कौल द्वारा रचित नाटक 'इल्हाम' एक मध्यमवर्गीय बैंक कर्मचारी भगवान की कहानी है, भगवान अपनी पत्नी पूनम और बेटी पिंकी के साथ एक सामान्य, साधारण जीवन जीता है। अचानक, उसे एक गहरा आध्यात्मिक अनुभव या इल्हाम प्राप्त होता है, जिससे उसके सोचने का नजरिया पूरी तरह बदल जाता है। इल्हाम के बाद, भगवान अपने दैनिक जीवन से अलग होने लगता है और उसे लगने लगता है कि उसके मन का कुंआ प्रदूषित हो गया है। वह अदृश्य शक्तियों से बात करने लगता है, जिससे उसका दोस्त शुक्ला भ्रमित हो जाता है। मनोवैज्ञानिक स्थिति और सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देते इस नाटक ने यह अस्पष्ट छोड़ दिया कि वह वास्तव में ज्ञानी हो गया है या मानसिक रूप से बीमार।

### शांत, रहस्यमय वातावरण से हुई शुरुआत

नाटक की शुरूआत एक शांत, रहस्यमय वातावरण से होती है, जो धीरे-धीरे पात्रों के मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को उजागर करता है। संवादों की गहराई और मंच पर कलाकारों की सशक्त उपस्थिति ने दर्शकों को आरंभ से अंत तक बांधे रखा। कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों को इतनी सहजता और प्रामाणिकता से निभाया कि दर्शक स्वयं को कथा के भीतर महसूस करने लगे। कई दृश्यों में भावनात्मक तीव्रता इतनी प्रभावशाली रही कि सभागार में पूर्ण सन्नाटा छा गया। निर्देशक डॉ. प्रदीप वर्मा ने नाटक की संरचना को अत्यंत संतुलित ढंग से प्रस्तुत किया। मंच-सज्जा सरल लेकिन अर्थपूर्ण थी, जिसने कथा की संवेदनशीलता को और उभार दिया। प्रकाश योजना और ध्वनि संयोजन ने नाटक के भाव-बोध को प्रभावी बनाया। विशेष रूप से प्रकाश के माध्यम से पात्रों की मनःस्थितियों को दर्शाने का प्रयास दर्शकों को खूब पसंद आया।



# सृजन की प्रतीक 'शक्ति रूपेण' जिसमें अभिव्यक्त होता 'दिव्य स्त्री-तत्व'

**जनजातीय संग्रहालय में 'इंद्राणी' समारोह में भक्ति गीत संग कथक व लोक नृत्यों की प्रभावशाली प्रस्तुति**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव इंद्राणी समारोह के दूसरे दिन बुधवार को भक्ति-गायन के साथ-साथ शास्त्रीय व लोक नृत्यों की प्रस्तुति से सजा संयोजन देखने को मिला। गतिविधि की शुरूआत आस्था गोस्वामी एवं साथी द्वारा भक्ति गायन से हुई। उन्होंने नमोः देवी सरस्वती..., जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी..., कब तम कृपा करोगी ऊंचे बरसाने वाली..., तीहारो दरस मोहे भावे... जैसे देवी गीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद ऋतुश्री चौधरी एवं साथी द्वारा 'शक्ति' के रुप में सुंदर कथक नृत्य प्रस्तुति ने समा को मनभावन बना दिया। इस प्रस्तुति में शक्ति रूपेण मां दुर्गा के रुप में आदिशक्ति का आवाहन किया, जो सृष्टि के कण-कण में और हर नारी के अस्तित्व में स्पंदित होती है। जहां एक ओर शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा बनकर अधर्म का संहार करती है तो वहीं काली बनकर अंधकार को निगल जाती है, व लक्ष्मी बनकर समृद्धि तथा सौंदर्य का आशीष देती है।



सैताम नृत्य करती नृत्यांगनाएं



### 'कुंवारी' कन्याएं करती नौरता नृत्य तो ढोलक की थाप पर होता 'सैताम'

वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में नौरता लोकनृत्य की प्रस्तुति खास रही, जिसे दूर्वा नामदेव एवं साथी द्वारा प्रस्तुति किया गया, इस नृत्य को बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर कुंवारी कन्याओं द्वारा किया जाता हैं। जो पूरे नौ दिन तक चलता है। इसमें कुंवारी कन्याएं अच्छे जीवनसाथी की मनोकामना करती हैं। वहीं दूसरी प्रस्तुति अंकिता एवं साथी-छिंदवाड़ा द्वारा सैताम नृत्य की रही, जिसमें महिलाएं हाथों में मंजीरा लेकर ढोल या ढोलक की थाप पर गोल घेरे में मंजीरा बजाते हुए और गीत गाते हुए नृत्य करती है।

### संघर्ष और खुशी को दर्शाता 'गरबा, टीपणी नृत्य'



लोक नृत्यों से सजी इस मनभावन शाम में हसमुखराय एवं साथी- गुजरात द्वारा गरबा टीपणी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विवाह और अनुष्ठानिक अवसर पर किए जाने वाले इस नृत्य में 3 फीट की लंबी लकड़ी की छड़ी का प्रयोग होता है। वहीं अंत में श्रद्धा सतविदकर एवं साथी द्वारा लावणी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। लावणी नृत्य में गीत, नृत्य व वादन का सामान समावेश होता है।

# गलौटी कबाब,पनीर दो प्याजा माही-ए-गुलफाम... से सजेगी आईएचएम की शाम

**'सागारा 3.0 - जाम-ए-अवध': आईएचएम भोपाल में अवधी के शाही स्वादों का उत्सव 13 मार्च को**



' जाम-ए-अवध'की जानकारी देते आईएचएम प्राचार्य डॉ. रोहित व स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पाया शोरबा, टमाटर धनिया शोरबा, गलौटी कबाब,पनीर दो प्याजा, माही-ए-गुलफाम, मुर्ग टिक्का लहसुनी, मुर्ग बन्नो कबाब के साथ अवधी शैली में तैयार चिकन कबाब... मुंह में पानी लाने वाले अवध की शाही डिशेज का लुत्फ उठाया जा सकता है 13 मार्च को आईएचएम के 'सागारा 3.0 - जाम-ए-अवध' में। यह जानकारी बुधवार को आईएचएम में प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन ने दी। इसमें नवाबी मसालों के साथ ग्रिल किए हुए पनीर के रूप में लखनवी पनीर टिक्का, खट्टे-मीठे स्वाद वाली शकरकंद चाट, भरवां आलू, सब्ज गलौटी, तंदूरी फलों की चाट, शीरमाल, बाकरखानी, उल्टा तवा पराठा, रूमाली रोटी, लच्छा पराठा और बटर नान खास डिशेज होंगी।

### गीतों, गजलों और कव्वाली से सजेगी महफिल

सरीन ने बताया कि सागारा, एक प्रमुख फूड फेस्टिवल है, जो पिछले तीन वर्षों से अलग-अलग थीम के साथ किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष इसका तीसरा संस्करण अवधी व्यंजनों पर आधारित है, जिसे लखनवी अंदाज, अवध की सांस्कृतिक शान से प्रेरित विशेष माहौल के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

### दिखेगी लखनऊ की पाक कला

फेस्टिवल में अतिथियों को एक शाही पाक यात्रा का अनुभव होगा, जहां आईएचएम भोपाल के शेफ लाइव कुकिंग के माध्यम से प्रसिद्ध अवधी व्यंजन जैसे गलौटी कबाब, टिक्का और अन्य पारंपरिक अवधी डिशेज तैयार करेंगे।

## भाभा यूनिवर्सिटी में एकल नाट्य प्रस्तुति से आरती ने लूटी वाहवाही

# नारी मन की गहन संवेदना का प्रस्तुतीकरण है 'एक मुलाकात शकुंतला से'



मंचन के बाद कलाकार को पुरस्कृत करते विवि के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाभा यूनिवर्सिटी, भोपाल एवं आहान शिक्षा संस्कृति एवं सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में एकल नाट्य प्रस्तुति 'एक मुलाकात शकुंतला से' का प्रभावपूर्ण मंचन किया गया। इस विशेष प्रस्तुति का भाभा यूनिवर्सिटी परिसर में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कला और साहित्य प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

यह नाट्य प्रस्तुति सुप्रसिद्ध नाट्य अभिनेता, लेखक एवं निर्देशक आलोक चटर्जी तथा प्रख्यात रंगकर्मी एवं निर्देशक शोभा चटर्जी के सृजनात्मक मार्गदर्शन में प्रस्तुत की गई।

इस एकल नाट्य प्रस्तुति में कलाकार आरती विश्वकर्मा ने अपनी सशक्त और संवेदनशील अभिनय क्षमता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "एक मुलाकात शकुंतला से" केवल एक पौराणिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि नारी मन की उस गहन संवेदना का प्रस्तुतीकरण है जहाँ से एक स्त्री अपने जीवन, सामाजिक व्यवस्था और समाज के दृष्टिकोण को देखती और समझती है।

### हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर सप्रे संग्रहालय में समारोह 25 को

**भोपाल।** वर्ष 2026 की 30 मई को हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर सप्रे संग्रहालय द्वारा देश भर में कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 25 मार्च को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे, अध्यक्षता इंदिरा गांधी कला केंद्र नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी करेंगे। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी का मुख्य वक्तव्य होगा। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि समारोह में हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्ष की यात्रा का पुनरावलोकन होगा। इसके साथ ही 'समग्र भारतीय पत्रकारिता'(तीन भाग ) पर चर्चा होगी। साथ ही सम्मान समारोह में विकास मिश्र (नागपुर) को माधवराव सप्रे सम्मान, अरुण नैथानी (चंडीगढ़) को महेश गुप्ता सृजन सम्मान और ब्रजेश शर्मा (नरसिंहपुर) को अशोक मानोरिया आंचलिक सम्मान से नवाजा जाएगा।

# 12 से 15 मार्च तक आयोजित होगा मध्य भारत का सबसे बड़ा इनोवेशन फेस्ट 'नवोन्मेष 2026'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य भारत के पहले कौशल विवि स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का आयोजन 12 और 13 मार्च को किया जा रहा है। यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नवोन्मेष 2026 का प्रथम चरण है, जिसके बाद 14 और 15 मार्च को इनोवेशन फेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कॉन्फ्रेंस में भारत सहित सिंगापुर, जर्मनी, मलेशिया, यूएई, कोसोवो, वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक, शोधार्थी, एकेडमिक विशेषज्ञ और उद्यमी भाग लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान कोर एआई टेक्नोलॉजी, एआई इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एआई इन सोसाइटी एंड गवर्नेंस, क्रॉस कटिंग इश्यूज तथा एआई इन डिफेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रिसर्च पेपर और विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (बेंगलुरु), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (त्रिवेंद्रम), सीएसआईआर (नई दिल्ली), डीआरडीओ (हैदराबाद), एनआईटी रायपुर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (भोपाल) के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। इसके साथ ही पोस्टर प्रेजेंटेशन और एआई टूल/प्रोडक्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें देशभर के शोधार्थी और नवोन्मेषी प्रतिभागी प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। उद्घाटन सत्र में आईसेक्ट चेयरमैन और आरएनटीयू के कुलाधिपति संतोष चौबे, एनआईटीटीटीआर के डायरेक्टर प्रो. चारू चंद्र त्रिपाठी, के सीईओ श्यामबीर सिंह, स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो. एस.सी. चौबे तथा बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## दुष्यंत संग्रहालय में 'विचार एवं विचारधारा' पर केंद्रित व्याख्यान, वक्तव्य एवं स्मरण मुक्तिबोध

# जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना की सतत अभिव्यक्ति है 'भारतीयता'



कार्यक्रम में वक्तव्य देते वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुक्तिबोध सृजन पीठ द्वारा 'विचार एवं विचारधारा' विषय पर आधारित साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रही। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस व्याख्यान, वक्तव्य एवं स्मरण मुक्तिबोध को समर्पित रहा। जिसमें शशि बंसल ने स्मरण मुक्तिबोध के आलेख का वाचन किया। कार्यक्रम में 'वर्तमान हिंदी कविता में भारतीयता की पहचान' विषय पर डॉ. संतोष चौबे ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि समकालीन हिंदी कविता में भारतीय संस्कृति, लोक जीवन और मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप दिखाई देती है। भारतीयता केवल परंपरा का स्मरण नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना की सतत अभिव्यक्ति है।

### 'ब्रम्हराक्षस' कविता लिखने वाला सीधे सीधे भारतीयता की बात करने वाला कवि

वहीं द्वितीय सत्र 'स्मरण मुक्तिबोध' को समर्पित रहा। इस अवसर पर महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोध की रचनाओं और विचारों का स्मरण करते हुए साहित्यिक वाचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रममें वक्ताओं ने मुक्तिबोध की वैचारिक दृष्टि और समकालीन साहित्य में उनकी प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। मुक्तिबोध सृजन पीठ के निदेशक ऋषि कुमार मिश्र ने कहा कि मुक्तिबोध को भारतीयता के विरोध का कवि कहना मुक्तिबोध का गलत आकलन करना है। जिस कवि ने ब्रम्हराक्षस शीर्षक की कविता लिखी हो वह तो सीधे सीधे भारतीयता की बात करने वाला कवि है।

## महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज वार्षिकोत्सव 'अभिरंग 2026' में फेस पेंटिंग व फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता



# फायरलेस कुकिंग में वंशिका के लड्डुओं का चला जादू, तो रिया ने 'फेयरीटेल' में दिखाई परियों की दुनिया, जीता जजेस का दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'अभिरंग-2026' के दूसरे दिन बुधवार को छात्राओं का अद्भुत जोश देखने को मिला। जहां एक ओर छात्राओं की मैदान में शारीरिक क्षमता की परीक्षा हुई, वहीं दूसरी ओर कलात्मक और पाक कला के हुनर ने सबका दिल जीत लिया। फायरलेस कुकिंग में छात्राओं ने बिना आग का उपयोग किए स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। जहां वंशिका हिमतनी ने अपने हुनर से खास लड्डुओं के जरिए जजेस का दिल जीत लिया और प्रथम स्थान हासिल किया। तो वहीं सृष्टि पचपांडे दूसरे स्थान पर रहीं।



प्रतियोगिता के दौरान अपने रंगे हुए चेहरे दिखाती छात्राएं।

### रंगों का जादू दर्शाती फेयरीटेल फेस पेंटिंग



वहीं, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने फेयरीटेल थीम पर अपने चेहरे को रंगों से सजाया। फेस पेंटिंग में किसी ने परियों की मनमोहक कहानी को उकेरा तो किसी ने रंग बिरंगे पंखों से सजी बनावट को दर्शाया। फेयरीटेल थीम पर आयोजित इस स्पर्धा में इओना रिया फ्रांसिस ने प्रथम, संगीता विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### एसवी पॉलिटेक्निक के वार्षिकोत्सव 'शंखनाद' डिजिटल जॉम्बी मत बनो, असल जिंदगी जियो... का गूंजा संदेश

**भोपाल।** वार्षिकोत्सव की इस कड़ी में एसवी पॉलिटेक्निक के वार्षिकोत्सव 'शंखनाद' में बुधवार को नुक्कड़ नाटक और प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। जिसमें डिजिटल जॉम्बी मत बनो, असल जिंदगी जियो... के संदेश ने छात्रों पर गहरा प्रभाव डाला। हास्य से परिपूर्ण इस नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट किया साथ ही गहरा सामाजिक संदेश भी दिया। इस शानदार प्रस्तुति की सबसे बड़ी खासियत इसमें इस्तेमाल की गई मप्र की विभिन्न क्षेत्रीय बोलियां रहीं। बघेली, बुंदेली, मालवी, भोपाली और देसी एमपी लहजे के बेहतरीन तड़के ने नाटक को जीवंत बना दिया और दर्शकों को सीधे तौर पर कहानी से जोड़ लिया।





हरी सब्जियां हर मौसम में उपलब्ध रहती हैं। इन सब्जियों के सेवन से न केवल इम्यूनिटी बढ़ती है, जरूरी विटामिंस और मिनरल्स शरीर को मिलते हैं। साथ ही कई तरह के रोगों से भी बचाव होता है। हरी सब्जियों के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में जानिए।

## पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं हरी सब्जियां

डाइट सजेशन
डॉ. अनुजा चौहान
डाइटीशियन



आजकल की इस आपा-धापी भरी जीवनशैली में लोग स्वस्थ रहने के लिए नेचुरल चीजों के बजाय महंगे सप्लीमेंट्स और सुपर फूड्स पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। जबकि हर मौसम में प्रकृति हमें पोषक तत्वों से भरपूर ऐसे फल, सब्जियां प्रदान करती है, जो सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं। ये शरीर की जरूरत के अनुसार ऊर्जा और पोषण प्रदान करते हैं और हमें कई रोगों से भी बचाते हैं।

**हर मौसम में उपलब्ध:** हमारे देश में मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह की हरी सब्जियां उगाई जाती हैं। सर्दी के मौसम में जहां हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे-पालक, मेथी, बथुआ, सरसों, सोया और केल खूब मिलते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में करेला, भिंडी, तरोई, चौलाई का साग, पत्ता गोभी का सेवन किया जा सकता है। ब्रोकली, शिमला मिर्च, लौकी जैसी हरी सब्जियां लगभग हर मौसम में मिल जाती हैं। ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। ये सब्जियां हमारे स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।



**होते हैं कई पोषक तत्व:** सभी हरी सब्जियां, कैलोरी में कम और पोषण में अधिकतम होने की वजह से इनको 'न्यूट्रिएंट डेंसिटी' वाली डाइट भी कहा जाता है। ये सब्जियां विटामिंस, मिनरल, फाइबर और फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होती हैं। मेथी और सरसों का साग फोलेट, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स का प्रचुर स्रोत माने जाते हैं। देखा गया है कि एक कप कच्चे पालक में दैनिक आवश्यकता का विटामिन-ए, विटामिन-के, आयरन कैल्शियम मिलता है। इतना ही नहीं, हरी सब्जियां क्लोरोफिल से भरपूर होती हैं, जो खून की शुद्धिकरण और ऑक्सीजन परिवहन में सहायक होता है।

**कई रोगों से करे बचाव:** हरी सब्जियों में मौजूद ल्यूटिन, जियाजैंथिन और बीटा-कैरोटिन जैसे यौगिक, फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, उन्हें नष्ट कर शरीर से बाहर करने में सहायक होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट्स जैसे तत्वों की मौजूदगी हृदय रोग के जोखिम को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मददगार होती है। कुछ हरी सब्जियां जैसे सरसों, केल, ग्लूकोसाइनोलेट्स नामक यौगिक छोड़ती हैं, जो फ्री रेडिकल्स के विकास को रोकने में सहायक होता है। इनके अतिरिक्त विटामिन-के का अच्छा स्रोत होने की वजह से ये सब्जियां हड्डियों में कैल्शियम के जमाव और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च फाइबर के कारण ये ब्लड शुगर को स्थिर रखती हैं। हरी सब्जियां इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती हैं। इनमें मौजूद ल्यूटिन और जियाजैंथिन कंपाउंड आंखों की कोशिकाओं को मजबूती देता है। विटामिन सी और ए, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस प्रकार हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण का सबसे किफायती और प्रभावी स्रोत हैं। ये ना केवल बीमारियों से बचाती हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करती हैं। अपने संतुलित आहार में इन्हें प्रमुख स्थान दें और प्रकृति के इस अनमोल उपहार का पूरा लाभ उठाएं। लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी डाइट में मौसम के अनुसार अलग-अलग प्रकार की हरी सब्जियां शामिल करें। *

प्रस्तुति: संध्या रानी

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मनीषा सहाय
एचओडी-नेफ्रोलॉजी
उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद

स्पेशल: वर्ल्ड किडनी डे, 12 मार्च

शरीर में मौजूद छोटा सा एक जोड़ी अंग किडनी, बहुत महत्वपूर्ण काम करता है। इसमें गड़बड़ी होने से आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि किडनी में किन वजहों से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं? साथ ही यह भी जानिए कि किडनी की प्रॉपर केयर आप कैसे कर सकते हैं?

## किडनी की करें प्रॉपर केयर







शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई अंग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अंगों में से एक किडनी भी है। राजमा के आकार का शरीर का छोटा-सा अंग किडनी, क्लीनिंग मैकेनिज्म का महत्वपूर्ण काम करती है और शरीर में टॉक्सिंस, इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखती है।

**किडनी के कार्य:** किडनी में नेफ्रॉन नामक सूक्ष्म वाहिकाओं वाले फिल्टर यूनिट (करीब 10 लाख) होते हैं, जो ग्लोमेरूलर फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से शरीर में तकरीबन 140 लीटर खून साफ करते हैं। ग्लूकोज, अमीनो एसिड, प्रोटीन और इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम) जैसे एसेंशियल तत्व फिल्टर किए रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में वापस चले जाते हैं। जबकि यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन जैसे टॉक्सिक पदार्थ, अतिरिक्त पानी ब्लैडर में जमा होते जाते हैं और यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकल जाते हैं। साथ ही किडनी एरिथ्रोपोइटिन हार्मोन (रेड ब्लड सेल्स बनाने में सहायक), रेनिन हार्मोन (सोडियम लेवल को सामान्य बनाने और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने) का स्राव करती है। हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी एक्टिव विटामिन-डी के निर्माण में भी सहायक है।

**ऐसे होती है समस्या:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर किडनी के टिश्यू धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं और कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। अनदेखी करने या समुचित उपचार न कराने पर किडनी खराब होने लगती है। व्यक्ति एक्यूट किडनी फैल्योर, क्रॉनिक किडनी फेल्यॉर, नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी किडनी की बीमारियों का शिकार हो जाता है। व्यक्ति को असमय मौत का सामना भी करना पड़ सकता है। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है।



**किडनी प्रॉब्लम्स के कारण:** कई गलत आदतें और बीमारियां किडनी खराब होने का कारण बनती हैं। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पॉलिसिस्टिक किडनी डिजीज, किडनी डिस्प्लेसिया, यूटीआई इंफेक्शन जैसी गंभीर बीमारी होना। घर का बना पौष्टिक और संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना। खाने में ऊपर से नमक डालकर खाना। पानी या अन्य तरल पदार्थ जरूरत से कम मात्रा में लेने से डिटॉक्सीफाई न हो पाना। कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना। पेनकिलर, एंटी बायोटिक या अपने मन से दवाओं का ज्यादा सेवन करना। आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे- ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया, किडनी डिस्प्लेसियाएनेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर। इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी, यूटीआई एपाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना। लंबे समय तक यूरिन रोके रहना। नियमित रूप से व्यायाम न करना। एल्होहल का सेवन करना।

**किडनी रोगों के लक्षण:** किडनी की बीमारी को साइलेंट किलर कहा जाता है। कुछ लक्षण किडनी में गड़बड़ी होने की ओर इशारा करते हैं, जिनसे व्यक्ति को सचेत हो जाना चाहिए और यथाशीघ्र डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन आना। खासकर सुबह उठने पर आंखों के आस-पास सूजन होना और शाम होते-होते पैर और टखनों में सूजन आना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एरिथ्रोपोएटिन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना। कमजोरी और थकान महसूस करना। भूख कम लगना, पेट में जलन और दर्द रहना, घबराहट रहना जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होना। मांसपेशियों में खिंचाव होना।

**न करें इग्नोर:** स्वस्थ शरीर के लिए हेल्दी किडनी जरूरी है। किडनी संबंधी समस्या होने पर व्यक्ति को बिना देर किए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अर्ली स्टेज में बीमारी पकड़ में आने पर आगे का ट्रीटमेंट प्लान हो सकता है।

**डायग्नोसिस:** किडनी की फिल्टर क्षमता को जांचने के लिए ग्लोमेरूलर फिल्टरेशन रेट (जीआरएफ) टेस्ट, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, बायोप्सी जैसे टेस्ट कराए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से उसे ठीक किया जा सकता है। किडनी ज्यादा खराब होने पर डायलिसिस का सहारा लिया जाता है, जिसमें किडनी का ब्लड फिल्टर करने का काम मशीन अस्थाई तौर पर करती है। स्थिति गंभीर हो जाने पर किडनी ट्रांसप्लांट आखिरी उपाय है, जिसके लिए किडनी डोनेशन की जरूरत रहती है।



**ऐसे करें किडनी केयर:** इन बातों को फॉलो करके आप अपनी किडनी की प्रॉपर केयर कर सकते हैं।

- अगर आपकी किडनी डिजीज की फैमिली हिस्ट्री है, तो रेगुलर मेडिकल चेकअप कराएं। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग साल में एक बार होल बॉडी चेकअप कराएं। किडनी जांच के लिए केएफटी जरूर करवाएं।
- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर होने का पता चले तो आप अपना यूरिन टेस्ट और किडनी फंक्शन टेस्ट जरूर कराएं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए डायबिटीज को कंट्रोल में रखें।
- वेट कंट्रोल रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।
- न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट लें। कार्बोहाइड्रेट सीमित मात्रा में लें। यथासंभव रिफाइंड सफेद चीजों (चीनी, नमक, मैदा, चावल) के सेवन से बचें। इनके बजाय मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड को आहार में शामिल करें।
- पालक, साग, टमाटर जैसी चीजों से परहेज रखें। लौकी, तोरई, परवल, टिंडा और फूलगोभी, किडनी के लिए फायदेमंद हैं। इन में पानी ज्यादा और पोटेशियम कम होता है।
- फ्रूट्स का इनटेक अच्छा रखें। सेब, पपीता और अमरूद फायदेमंद हैं।
- रोजाना 3-4 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खासकर खाने में ऊपर से डाला गया सॉल्ट पूरी तरह अवॉइड करें। अचार, पापड़, नमकीन और डिब्बा बंद बिस्कुट से दूरी बनाकर चलें।
- जंक या फास्ट फूड का सेवन न करें।
- हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। कम पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ शरीर में इकट्ठे होने लगते हैं। लेकिन ज्यादा पानी पीना भी किडनी के लिए नुकसानदायक है।
- डेली कम से कम 6 घंटे की नींद जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### इसलिए मनाते हैं वर्ल्ड किडनी डे



**किडनी की** समस्या आज उम्रदराज लोगों में ही नहीं, युवाओं और बच्चों में भी देखी जा रही है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी डिजीज का शिकार हो रहा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करीब 85 करोड़ लोग किडनी डिजीज से जूझ रहे हैं। हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। हर साल क्रॉनिक किडनी डिजीज से तकरीबन 24 लाख लोगों की मौत भी हो जाती है। अनुमान है कि 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है- सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य: लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा।




प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम

## हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकते हैं डॉक्टर एआई

आज के समय में विभिन्न आयुवर्ग के बहुत से लोग अपने या अपने परिवार के सदस्यों की बिगड़ती सेहत या किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लेने की बजाय, पहले कदम के रूप में एआई का ही सहारा लेते हैं।

**निर्भरता हो सकती है रिस्की:** हर स्वास्थ्य समस्या के लिए सोशल मीडिया या एआई टूल का उपयोग करना रिस्की हो सकता है। साल 2023 में प्रकाशित एक स्टडी में यह दावा किया गया कि टेलीमेडिसिन पर दी गई हेल्थ कंसल्टेंसी 30 प्रतिशत मामलों में अधूरी या गलत होती है। आमतौर पर एआई से हम अपनी बीमारी के सामान्य लक्षण के आधार पर उनसे सलाह लेते हैं। किसी मरीज की पर्सनल मेडिकल हिस्ट्री या गंभीर बीमारी को एआई भला कैसे समझ सकता है। इसलिए इन पर निर्भर होना गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ा सकता है। मुंबई में कार्यरत पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेश बेंद्रे का कहना है, 'अधिकांश एआई उपकरण पश्चिमी आबादी के डेटा का उपयोग करके बनाए गए हैं, जो भारतीय संदर्भ का सही प्रतिनिधित्व नहीं करते और इससे उनकी सटीकता भी सीमित हो जाती है।'



**डॉक्टर से कंसल्टेशन है जरूरी:** एआई के विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी एआई उपकरण के साथ डॉक्टर की सलाह के बिना उस सलाह पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। खांसी, जुकाम, बुखार जैसी छोटी बीमारियों के अलावा यह गंभीर बीमारियों पर भी लागू होता है। एआई विशेषज्ञ जसप्रीत बिंद्रा का कहना है, 'डॉक्टर की निगरानी हमेशा इस प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए।' एआई हमें अधिक जानने, बेहतर शोध करने और यहां तक कि नई चीजों की खोज करने में मदद कर सकता है। लेकिन डॉक्टरी सलाह अभी भी बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बिंद्रा के अनुसार, 'मानव चिकित्सक रोगी का समग्र रूप से इलाज करते हैं न कि बाहरी लक्षणों के आधार पर। वे तनाव, जीवनशैली या छुपे हुए लक्षणों पर भी विचार करते हैं, जिन्हें एआई अनदेखा कर सकता है। इसलिए मेडिकल कंसल्टेंसी के लिए एआई का उपयोग करते समय डॉक्टर की सलाह लेना भी जरूरी है।'

**बरतें सावधानी:** सोशल मीडिया की सलाह आपकी हेल्थ को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इससे बचने में ही समझदारी है। इसी तरह सोशल मीडिया पर जो डॉक्टर कैमरे के सामने लोगों को फ्री कंसल्टेंसी देते हैं, उनकी भी सलाह तभी माननी चाहिए, जब आप उनसे पर्सनल कॉन्टेक्ट कर, मिलकर उनसे सलाह लें। सोशल मीडिया पर मेडिकल हेल्थ कंसल्टेंसी देने वाले व्यक्ति की योग्यता और उसकी प्रमाणिकता की भी जांच जरूरी है। *





# भूत बंगला का पोस्टर जारी अक्षय पेड़ से उल्टा लटके दिखे

**मुंबई।** अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है, लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है।

लाइफ Style

# अदा

## बर्बाद हो गई है मेरी जिंदगी

'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन, फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला।



## हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज

**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें।



# खुलकर बताया जेल के अंदर का अनुभव

**लॉस एंजेलिस ।** पूर्व फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन दुष्कर्म के आरोपों के चलते जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्होंने खुद पर जेल के अंदर हो रहे हमलों के बारे में बताया साथ ही घरवालों से बेहद कम संपर्क होने की बात की। फिलहाल हार्वी रिकर्स आइलैंड मे कैद हैं। 73 वर्षीय वेनस्टीन बलात्कार के आरोप में जेल में हैं। वह अब इस मामले में कोर्ट के पुनर्विचार की तैयारी में हैं। हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत के दौरान उन्होंने जेल में अपने दिनों के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कारावास काफी असुरक्षित है यहां हद से ज्यादा एकांत है। वह सारा दिन कोठरी में बिताते हैं और अन्य कैदियों से काफी कम संपर्क रखते हैं। फिल्म निर्माता हार्वी वाइंस्टीन ने अपने इंटरव्यू में दावा किया। एक बार जेल में उनपर हमला भी हो चुका है।



# अदिवि-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** आगामी 19 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है। इसकी रिलीज से पहले कई फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट में बदलाव किए हैं। इसमें अब 'डकैत' का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नीम करोली बाबा की भूमिका में दिखेंगे

**मुंबई।** भारत में धार्मिक मान्यताओं का अपना महत्व है। इन्हीं मान्यताओं के हिसाब से हनुमान जी के अवतार माने जानेवाले नीम करोली बाबा के भक्तों में देश और दुनिया भर के लोग शामिल हैं। कहा जाता है कि उनके भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग शामिल हैं। अब नीम करोली बाबा पर एक फिल्म बनकर तैयार है। इस फिल्म में नीम करोली बाबा के रोल में मराठी एक्टर सुबोध भावे नजर आनेवाले हैं। पूजनीय आध्यात्मिक गुरू नीम करोली बाबा के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है। फिल्म प्रड्यूसर शरद सिंह ठाकुर नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की जीवनी पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए नीम करोली बाबा के परिवार से सहमति ले ली गई है और उनकी जिंदगी को लेकर काफी रिसर्च भी किया गया है।

## टीवी मसाला



# बहन की मौत के बाद उसके बच्चों की मां बनी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** 'हप्पू की उल्टन पलटन' में राजेश हप्पू सिंह का रोल प्ले करने वालीं गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की खातिर कभी शादी न करने का फैसला किया। बहन की मौत हुई तो उनके बच्चों की जिम्मेदारी गीतांजलि ने ली और मिसाल कायम की। पर कभी रिश्तेदारों ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनकी कहानी भावुक कर देगी। गीतांजलि मिश्रा....इन्हें आपने 'क्राइम पेट्रोल' से लेकर 'सावधान इंडिया', 'बालिका वधू' और अब 'हप्पू सिंह की उल्टन पलटन' जैसे टीवी सीरियलों में देखा होगा। 'हप्पू की उल्टन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा ने एक्ट्रेस कामना पाठक को रिप्लेस किया और राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो इंस्पेक्टर हप्पू सिंह की पत्नी हैं। गीतांजलि मिश्रा भले ही राजेश सिंह का कॉमिक किरदार निभा रही हैं, पर उन्हें लोग उनके निभाए नेगेटिव किरदारों के लिए ही याद करते हैं। इस कारण उन्हें लोगों की भी खूब बातें और ताने सुनने पड़े। एक्ट्रेस आज भी सिंगल हैं? गीतांजलि मिश्रा 39 साल की हो चुकी हैं, पर उन्होंने बहन के बच्चों की खातिर अपना घर नहीं बसाया। बहन के गुजर जाने के बाद गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की मां बनकर एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसके बारे में जान हर कोई गर्व करेगा। गीतांजलि मिश्रा की जड़ें बनारस से जुड़ी हुई हैं। उनके मम्मी-पापा बनारस के रहने वाले हैं, पर वह खुद मुंबई में पैदा हुई थीं। हालांकि, पिता का कई साल पहले निधन हो गया, जिसके बाद मां ने उन्हें अकेले ही पाला। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 5 साल की थीं, तो तभी मां उन्हें लेकर मुंबई आ गईं। मुंबई में मां ने दूध और सब्जी बेचकर पैसे कमाए ताकि गुजारा हो सके। गीतांजलि की एक बहन भी थी, पर साल 2017 में उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## दीपिका के मन में बैठ गया है डर

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ को पिछले साल लिवर में कैंसर का पता चला था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था लेकिन ये बीमारी फिर उभर आई। जिसकी सर्जरी फरवरी महीने में हुई थी। उसके बारे में शोएब ने सारा अपडेट फैंस को दिया था। अब लेटेस्ट व्लॉग में उन्होंने और उनके पति शोएब इब्राहिम ने यूट्यूब चैनल पर डेली लाइफ रूटीन शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो गईं। क्योंकि उनका अगले हफ्ते ब्लड टेस्ट होना है। उन्होंने कहा कि उनके मन में एक डर बैठ गया है। दीपिका कक्कड़ ने अभिनय से दूरी बना ली है। वह अपनी हेल्थ के कारण परेशान रहती हैं। लेटेस्ट व्लॉग में शोबए ने बताया कि एक्ट्रेस को अपनी नई डाइट और रूटीन के कारण कुछ दिन अजीब लगे। उन्होने कहा, 'दीपिका की नई डाइट बनाई गई है। वह उसे फॉलो कर रही हैं। सुबह 7 बजे रोज उठती हैं और टहलने जाती हैं। इसके बाद शाम 7 बजे के बाद वह कुछ खा नहीं सकती हैं।'



## 98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह 15 को, ऑस्कर में ऐसा रहा भारत का इतिहास

# अब तक इन कलाकारों ने अपने नाम की द गोल्डन बॉय ट्रॉफी

### भारत की किसी फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर

ऑस्कर अवॉर्ड को अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इन्हें साल 1927 में शुरू किया गया था, लेकिन पहला अवॉर्ड 1929 में आयोजित हुआ था। 98 साल के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। साल 1957 में पहली बार भारत से महबूब खान की फिल्म 'मदर इंडिया'को ऑस्कर भेजा गया था। लेकिन, फिल्म सिर्फ एक वोट से हॉलीवुड फिल्म 'नाइट्स ऑफ कैबिरिया'से पीछे रह गई और अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसके बाद 1989 में 'सलाम बॉम्बे, 2003 में 'लगान' और 2004 में मराठी फिल्म 'श्वास'को फाइनल नॉमिनेशन मिला, लेकिन तीनों ही फिल्में अवॉर्ड नहीं जीत सकीं।

*नई दिल्ली। फिल्म जगत के सबसे प्रमुख ऑस्कर अवॉर्ड के 98वें संस्करण का आयोजन 15 मार्च को होगा। लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड समारोह में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देखा जा सकेगा।*



### सिर्फ 9 भारतीयों को मिला ऑस्कर

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से सिर्फ नौ भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉड्र्स मिला है। इनमें भानू अथैया से लेकर, सत्यजीत रे, एआर रहमान, गुलजार, रेसुल पूकुट्टी, एमएम कीरवानी, चंद्रबोस, गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस के नाम शामिल हैं।

### प्रियंका बनेंगी प्रेजेंटर

भारतीय फैंस के लिए इस बार का ऑस्कर और भी खास है। इस बार ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इस समारोह में प्रेजेंटर के तौर पर नजर आएंगी। वह मंच पर विजेताओं को अवॉर्ड देती दिखाई देंगी। उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और ऐन हैथवे जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे भी मंच पर नजर आएंगे, जिससे इस साल का शो और भी ग्लैमरस होने की उम्मीद है।



## लोकल खेल

#### जेएन भाया टी-20 प्रतियोगिता में उज्जैन के पार्थ साहनी और नर्मदापुरम के यश दुबे ने ठोकी सेंचुरी

# उज्जैन, शहडोल, जबलपुर, भोपाल और इंदौर संभाग की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ की जेएन भाया टी -20 प्रतियोगिता जो कि भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही है बुधवार को पहले मुकाबले में उज्जैन ने ग्वालियर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसमें उज्जैन के पार्थ साहनी ने शानदार शतक जड़ा। उन्होने 57 गेंदों में शानदार 114 रन बनाए। इससे पहले ग्वालियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए उज्जैन ने 18.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 192 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं, दूसरे मैच में शहडोल ने चंबल को 112 रन से हराया मैच के हीरो अक्षत द्विवेदी बने। शहडोल की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाए। 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल की टीम 76 रन पर सिमट गई। तीसरे मैच में जबलपुर ने रीवा को 37 रनों से हराया। जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन बनाए। रीवा की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। जबलपुर ने मुकाबला 37 रनों से जीत लिया। वहीं, चौथे मैच में भोपाल ने नर्मदापुरम को 4 विकेट से पराजित किया। नर्मदापुरम ने 20 ओवर में 233 रन बनाए। टीम की ओर से यश दुबे ने 67 गेंदों में 129 रन बनाए । भोपाल की ओर से अश्विन दास ने 4 विकेट लिए। जवाब में भोपाल डिविजन ने 18.6 ओवर में 6 विकेट खोकर 234 रन बनाकर मैच जीत लिया। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के सचिव शांति कुमार जैन, सीएस धाकड़ कोषाध्यक्ष बीडीसीए, राजीव सक्सेना चयनकर्ता बीडीसीए और नितिन श्रीवास्तव एमपीसीए ऑब्जर्वर ने प्रदान किया। इधर, इंदौर ने सागर को 91 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदौर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सागर की टीम 17 ओवर में 115 रन पर ऑल आउट हो गई।

#### एनएसटी 6वीं मीडिया खेल कार्निवाल 2026: एनडी मीडिया की एनएसटी पर आठ रन से रोमांचक जीत

# एकतरफा प्रदर्शन करते हुए डिजियाना-11 ने जनसंपर्क को 10 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान पर एनएसटी 6वीं मीडिया खेल कार्निवाल 2026 के लीग मुकाबले में डिजियाना-11 ने जनसंपर्क टीम को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले में एनडी मीडिया टीम ने एनएसटी को आठ रन से हराया।

पहले मुकाबले में जनसंपर्क टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी डिजियाना-11 ने 11.2 ओवर में ही बिना कोई विकेट खोए मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। ओपनर अजय यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 91 रन की नाबाद पारी खेली। दूसरे मुकाबले में एनडी मीडिया की टीम 124 रन बनाकर आलआउट हो गई। एनएसटी के अजय मौर्य ने 23 रन देकर 5 विकेट झटके। जवाब में एनएसटी तय 18 ओवर के मुकाबले में 8 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। कप्तान ललित कटारिया ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र सिंह, भूपेश गुप्ता असिस्टेंट कमिश्नर ग्रामीण विकास निगम और अनुराग उइके असिस्टेंट डायरेक्टर जनसंपर्क ने प्रदान किए।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

# बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी।

बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए। सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन,



जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया। टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी।

लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए इराकी खिलाड़ियों को मिला वीजा



**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने मॉन्टेरी में 31 मार्च को होने वाले विश्व कप अंतरमहाद्वीपीय क्वालीफायर के लिए इराक की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को वीजा जारी करना शुरू कर दिया है। ईरान युद्ध के कारण इराक की टीम को यहां पहुंचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'सऊदी अरब में स्थित मैक्सिको के दूतावास में आठ मार्च को कुछ खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया पूरी की गई। अन्य खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया कतर में स्थित दूतावास में पूरी की जाएगी।' सरकार ने खिलाड़ियों के नाम या वीजा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इराक में मैक्सिको का कोई दूतावास नहीं है। विश्व कप में जगह बनाने के लिए इराक का में मुकाबला सूरीनाम और बोलीविया के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। अगर वह क्वालीफाई करने में सफल रहता है तो उसे विश्व कप में फ्रांस, नॉर्वे और सेनेगल के ग्रुप में रखा जाएगा। मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा विश्व कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, जो 11 जून से शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया की शरण में दो ईरानी महिला फुटबॉलर

**वेलिंगटन।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। देश के गृह मंत्री टोनी बर्क ने यह जानकारी दी। यह टीम ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थी। बर्क ने कैनबरा में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने पांच खिलाड़ियों को पहले शरण दी थी और अब दो अन्य खिलाड़ियों को शरण दी गई है। दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई जिसके बाद टीम को अपने देश लौटना था, जहां युद्ध के कारण हालात खराब हैं। ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली ईरान की टीम में 26 खिलाड़ी तथा सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे।

### पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी



सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

### एचआरटी फोर्ड रेसिंग के साथ बने रहेंगे मैनी

**नई दिल्ली।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी 2026 के डीटीएम सत्र में भी एचआरटी फोर्ड रेसिंग टीम के साथ बने रहेंगे। टीम ने बुधवार को यह घोषणा की। मैनी एचआरटी फोर्ड रेसिंग के प्रमुख ड्राइवरों में से



एक हैं। टीम फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ के साथ डीटीएम के नए सत्र के लिए तैयार है। फोर्ड रेसिंग के ड्राइवर मैनी के पास डीटीएम का व्यापक अनुभव है और वह टीम के अभिन्न अंग बने हुए हैं। मैनी डीटीएम के नए सत्र में जिस नंबर 36 फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ को चलाएंगे वह एक 'अपडेटेड रेवेनोल डिजाइन' कार होगी। इस 28 वर्षीय भारतीय ड्राइवर ने एचआरटी के साथ 78 डीटीएम रेस में भाग लिया है। इनमें से वह तीन बार पोडियम पर पहुंचे जबकि एक बार उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की।

## ईशान किशन और सैमसन ने लगाई लंबी छलांग, अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का एक बार फिर जलवा

> आईसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कई सारे उलटफेर और बदलाव हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाज छाए हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से रैंकिंग जारी कर दी है। टी20 विश्व कप के बाद ये पहली रैंकिंग है। इस बीच टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जलवा फिर से देखने के लिए मिल रहा है। ईशान किशन ने लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। अब अभिषेक शर्मा की पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा खड़ा हो गया है। संजू सैमसन भी अपने शानदार खेल की बदौलत उड़ान भरने में कामयाब रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को हल्का सा नुकसान हुआ है।

### अभिषेक नंबर एक बल्लेबाज

टी20 विश्व कप के बाद आईसीसी ने नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि उनकी कुर्सी पर खतरा आ गया है, क्योंकि पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच अब ज्यादा गैप नहीं है। अभिषेक शर्मा की रेटिंग 875 की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर ईशान किशन हैं। उन्होंने इस बार दो स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग 871 की हो गई है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल चार अंकों का ही फासला है।



### संजू ने 18 स्थानों की मारी छलांग

इस बीच संजू सैमसन का भी जिक्र किया जाना जरूरी है। इस बार उन्होंने एक साथ 18 स्थानों की छलांग मारी है और वे सीधे 22 नंबर पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 के आखिरी के तीनों मैचों में संजू ने 80 से अधिक रन बनाए थे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिलता हुआ नजर आ रहा है।





### बुमराह और अक्षर को फायदा

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं।

### वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हटे

टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

### टिम सिफर्ट को जबरदस्त फायदा



पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान अब एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे नंबर पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 848 की है। इंग्लैंड के फिल साल्ट को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे 792 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर हैं। श्रीलंका के पथुम निसंका पहले की ही तरह नंबर पांच पर हैं। न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को इस बार जबरदस्त फायदा हुआ है। वे चार स्थानों की छलांग लगाकर सीधे नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 749 की हो गई है। भारत के तिलक वर्मा को भी इस बार एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर 7 पर चले गए हैं। साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नंबर आठ पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी दो स्थानों का नुकसान उठाना पड़ा है। वे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं।

## वनडे सीरीज

# बांग्लादेश ने पाक को 8 विकेट से हराया, 91 गेंदों में जीता मैच

### पाकिस्तानी टीम 114 रन पर सिमटी



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज का जीत से आगाज किया है। पाकिस्तान की टीम का इस मुकाबले में बुरा हाल हो गया। बांग्लादेश ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में पाकिस्तान की टीम टॉस हारकर पहले खेलने उतरी और 114 रन पर सिमट गई। जवाब में मेजबान टीम ने 15.1 ओवर यानी 91 गेंदों में ही मुकाबला जीत लिया। बांग्लादेश के लिए गेंदबाजी में जहां नाहिद राणा ने जलवा बिखेरा था। वहीं उसके बाद बल्लेबाजी में तंजिद हसन तमीम ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा और टीम को आसान जीत दिला दी। तमीम ने नाबाद रहते हुए 42 गेंद पर 67 रन की बेहतरीन पारी खेली। पाकिस्तान के लिए मात्र दो विकेट ही गेंदबाज ले पाए। एक विकेट कप्तान शाहीन अफरीदी और एक विकेट मोहम्मद वसीम जूनियर को मिला।

### पाकिस्तान की बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लाप

पाकिस्तान की टीम टॉस हारते हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहले खेलते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक थी। वनडे डेब्यू करते हुए दोनों ओपनर्स साहिबजादा फरहान और माज सदाकत ने सधी हुई शुरुआत की और 60 गेंद पर 41 रन जोड़ दिए। इसके बाद पूरी टीम सिर्फ 73 रन जोड़ पाई और ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की टीम के 4 खिलाड़ी ही दहाई का आंकड़ा छू पाए। अंत में फहीम अशरफ ने 37 रन बनाए और जैसे-तैसे स्कोर 114 तक पहुंचाया। 82 रन पर ही पाकिस्तान के 9 विकेट गिर गए थे। बांग्लादेश के लिए नाहिद राणा ने 5 विकेट झटके और कप्तान मेहदी हसन मिराज को 3 सफलताएं मिलीं। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान और तस्किन अहमद को 1-1 विकेट मिला। सीरीज का पहला मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेला गया।

## इंडियन वेल्स

# भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार गोरान गोरानसन ने सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भांबरी और गोरानसन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एरेंड्स और लेहेका को 6-4 6-4 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 14 मिनट तक चला। मैच में उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और इस बीच उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों की दो बार सर्विस तोड़ी। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने मैच में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा। उन्होंने प्रत्येक सेट में एक-एक ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और आसानी से जीत दर्ज की। भांबरी और गोरानसन इस प्रतिष्ठित एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावासोरी का सामना करेंगे।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप स्थगित

*नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अप्रैल में अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप को मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता पहले एक से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाली थी लेकिन अब इसे एक महीने से अधिक समय तक आगे बढ़ाकर 12 से 17 मई के बीच आयोजित किया जाएगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने कहा कि यह बदलाव सभी प्रतिनिधिमंडलों की 'सुरक्षित और सुचारु भागीदारी' सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। एडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, ''मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाली वर्तमान स्थिति के कारण 2026 एडब्ल्यूएफ एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का कार्यक्रम बदल दिया गया है।' बयान में आगे कहा गया, 'सभी प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित और सुचारु भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अब यह प्रतियोगिता 12 से 17 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।*

# गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच बने सहरावत

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आगामी सत्र से पहले पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रणधीर सिंह सहरावत को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। सहरावत के पास पीकेएल के 11 सत्र



में खेलने का अनुभव है। उनके नाम पर एक खिताब दर्ज है जबकि उनकी मौजूदगी में उनकी टीमें छह बार प्लेऑफ में पहुंची। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सहरावत ने रेलवे को कई राष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 1990 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी गणना सबसे सफल कोच में भी होती है। सहरावत ने एक खिलाड़ी के रूप में कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप (1988), दक्षिण एशियाई खेल (1989) और एशियाई खेल (1990) शामिल हैं, जहां वह टीम के उपकप्तान थे।

# विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कपः प्रियांश अंबेकर व साहिल का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने बुधवार को यहां आसान जीत दर्ज की जिससे भारत की युवा मुक्केबाजी टीम ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के चौथे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सुबह के सत्र में प्रियांश (70 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की सकारात्मक शुरुआत करते हुए लातविया के मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया।

शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों ने दो और आसान जीत दर्ज की। अंबेकर ने 50 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से शिकस्त दी जबकि साहिल ने भी 60 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के ही मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

इस बीच अमन सिवाच (65 किग्रा) को यूक्रेन के मुक्केबाज के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जब रैफरी ने दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रुकवा दिया।

**सार्वजनिक सूचना / किराये हेतु आमंत्रण**
**गौरीशंकर परिसर कौशल आवासीय परिसर रखरखाव सहकारी सोसायटी**

के परिसर में स्थित दुकान (दूध पार्लर हेतु उपयुक्त) को किराये पर दिए जाने के लिए इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से जिनके पास मिल्क पार्लर के लायसेंस है आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विवरणः
- स्थानः गौरीशंकर परिसर, (समिति कार्यालय के पास वार्ड क्रमांक 85, कटारा हिल्स बर्रई भोपाल)
- उपयोगः केवल दूध/डेयरी पार्लर हेतु
- क्षेत्रफलः 100 वर्गफुट
- सुरक्षित एवं आवासीय परिसर
- ग्राहकों की अच्छी उपलब्धता

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में दिनांक 26/03/2026 तक जमा करें।
अधिकतम किराया प्रस्ताव (Highest Rent Offer) के आधार पर चयन किया जाएगा।
समिति को किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
मो.: 9399448693

**सचिव / अध्यक्ष**

**मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम**
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
न्यू ब्रायलर भवन, मेन रोड न-3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष-0755-2776086 (कार्यालय), mplpdcbpl@rediffmail.com

**निविदा सूचना (लेबर टेंडर)**

निगम कार्यालय एवं निगम के अधीन संचालित संस्थानों पर कार्य हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्धकुशल, अकुशल, हम्माल एवं सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराये जाने के लिए के लिए ऑनलाइन प्रणाली द्वारा निविदा (निविदा आईडी - 2026_MLPDC_489276_1) आमंत्रित की जाती है।
निविदायें दिनांक 12.03.2026 से क्रय कर दिनांक 01.04.2026 तक प्रस्तुत की जा सकती है। विस्तृत निविदा, प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु **https://mptenders.gov.in** पर लॉग-ऑन करें।
म.प्र. माध्यम/124870/2026 **प्रबंध संचालक**

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्र 04 वीर सावरकर नगर, भोपाल**
(सार्वजनिक सूचना)
लीज रेण्ट / नामांतरण बाबत्
जोन क्र 04 के अतंर्गत लीज रेण्ट खातो का निम्नानुसार नामांतरण प्रस्तावित है ।

| क्र. | वर्तमान खातेदार का नाम | सम्पति / भवन/भूमि/ दुकान का पता | सम्पति कर खाता क्र. | प्रस्तावित नामान्तरण हेतु आवेदक का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शांती बाई पति श्री शादीलाल | दुकान 05 नादरा बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स | L000005296 | 1. कमला बाई, 2. गायत्री कुशवाहा 3. लक्ष्मी सराठे, 4. प्रेम सराठे 5. विनय सराठे, 6. राजेश सराठे | आवेदन पत्र / शपथ पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 2. | श्री शंकरलाल पिता श्री शादीलाल | दुकान 06 नादरा बस स्टेण्ड कॉम्पलेक्स | L000005297 | 1. कमला बाई, 2. गायत्री कुशवाहा 3. लक्ष्मी सराठे, 4. प्रेम सराठे 5. विनय सराठे, 6. राजेश सराठे | आवेदन पत्र / शपथ पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |

उक्त नामांतरण पर यदि किसी भी संस्था / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर आपत्ति लिखित मे साक्ष्य एंव दस्तावेजों सहित आपत्ति वार्ड क्र 18 जोन क्र 04 वीर सावरकर (मंगलवारा) कार्यालय में 15 दिवस मे प्रस्तुत करें। यदि नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत अभिलेखों में नामांतरण कर दिया जावेगा ।

नि.क्र. 3299/025/026

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र. 04 नगर निगम भोपाल**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Water Work Department**
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Ph. No. 0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 12/EE/NWSP / WWD /2025-26 First call | 2026_ UAD _489123_1 | Overhauling of Stator and Rotor, Shaft replacement work, Bearing replacement work including Testing of MC-207142203, 1720 KW (2306 HP) Motor, Crompton Greaves make at Khatpura Pump House under Narmada Water Supply Project | 13,20,000.00 | 9,900.00 | 09.04.2026 |
| 2. | 13/EE/NWSP WWD/2025-26 First call | 2026_UAD _489133_1 | Supply of UPVC Pipe and Filter fittings for replacement of existing GI pipe line with new UPVC line from tank to VT pump at Raw water Hirani under NWSP Bhopal. | 3,26,875.00 | 3268 | 25.03.2026 |

T.N. 3295/025/026

**Executive Engineer (WWD)**
**Municipal Corporation, Bhopal**




## बफर जोन में चल रहा मैरिज गार्डन, पार्क बनाकर पक्की सड़क बनाई

# पचास मीटर में मैरिज गार्डन, सरकारी जमीन पर बने मिले चार पक्के मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के एफटीएल से पचास मीटर दायरे में सीमांकन का काम जारी है। टीटी नगर की टीम ने बुधवार को विशनखेड़ी, गौरा और गौंडीपुरा में सीमांकन शुरु किया तो वहां सत्येंद्र अग्रवाल और मिली अग्रवाल पत्नी अभय अग्रवाल का मैरिज गार्डन और मकान पचास मीटर के दायरे में मिला। टीम ने यहां लाल निशान लगाकर दस्तावेज तलब किए हैं। इसके साथ यहां श्यामा शर्मा पत्नी शशिकांत शर्मा पक्का मकान, सांई स्पोर्टस अथॉरिटी का पंप हाउस, शीला दादलाना पत्नी लखन का पिलर और पक्की बाउंड्रीवॉल, भारती सक्सेना पत्नी अमित सक्सेना का दो मंजिला पक्का मकान और अशोक बिलगैया का मकान और टीनशेड अतिक्रमण की जद में मिला है।

बड़े तालाब के सीमांकन में टीटी नगर क्षेत्र के 40 अतिक्रमण दर्ज किए गए हैं। इन प्रॉपर्टी मालिकों से दस्तावेज लिए जाएंगे, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। तीसरे दिन के सर्वे में चार मकान सरकारी जमीन पर बने मिले हैं, जिसको लेकर कार्रवाई की जानी है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि एनजीटी के निर्देश पर तालाब का सीमांकन कराया जा रहा है। चिन्हित अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।

### टीटी नगर में तीसरे दिन मिले 19 अतिक्रमण



### यह अतिक्रमण भी सामने आए

*टीम को टीएस चौहान पिता एनएस चौहान पक्की दीवार वाला 900 वर्गफीट का मकान, गणेशी बाई पत्नी रामदयाल पक्की दीवार वाला 900 वर्गफीट मकान, महेश विश्वकर्मा पिता चूंदू विश्वकर्मा पक्की दीवार वाला टीनशेड मकान, प्रभाश्री लाल पिता किशन जाटव कच्चा मकान सरकारी जमीन पर बना मिला है, जबकि किशन चौहान पिता रनजीत चौहान की पक्की फेंसिंग निजी जमीन पर है।*

### बिल्डर ने पार्क बनाकर डाल दी पक्की सड़क

*टीम को सीमांकन में कुणाल बिल्डर्स विजय अग्रवाल का पार्कऔर पक्की सीमेंट रोड पचास मीटर की जद में मिली है। जबकि लक्ष्मण मारन टीनशेड, विपिन चड्ढा पक्की बाउंड्री, किरण गोयल पत्नी नरेंद्र गोयल तीन सौ वर्गफीट में पक्का मकान, शीलाराम गुप्ता का पक्का मकान, मधु बैरावत टीनशेड बाउंड्री, निगम का पंप हाउस पक्की बाउंड्री, देवेंद्र जैन का पक्का मकान अतिक्रमण में चिन्हित किया गया है।*

## नगर पालिका जनता से कोई सफाई टैक्स नहीं वसूल रही : माधुरी

छतरपुर। सोशल मीडिया पर चल रही खबरें मैंने संज्ञान में ली है। मध्य प्रदेश की छतरपुर नगर पालिका ने जनता पर कोई सफाई कर अधिरोपित नहीं किया है। इस संबंध में आम जनता की कोई शिकायत भी नगर पालिका में नहीं आई है। दरअसल होटल, अस्पताल सरीखे वो संस्थान जहां बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है, उन पर एक साल पहले राज्य सरकार ने उपभोक्ता प्रभार दर तय की थी। दर की वसूली नगर पालिका ने प्रारंभ की है। उसकी बौखलाहट में अनेक डॉक्टरों, होटल संचालकों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने उपभोक्ता दर प्रभार वसूले जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपे हैं, जिन्हें राज्य सरकार के पास पहुंचाया जा रहा है। यह बात एमपी की छतरपुर नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने कही। एक सवाल के जवाब में माधुरी ने कहा कि व्यावसायिक इमारतों से शुल्क वसूली में अनियमिताओं की ख़बरें मिलने के बाद मैंने एक पांच सदस्यीय जाँच समिति गठित कर दी है।



## लंबे समय से कल्पना नगर में समीर मार्डन मिडिल स्कूल का हो रहा था संचालन

# कम्युनिटी हॉल पर कब्जा कर संचालित हो रहा था निजी स्कूल, कराया खाली

***स्थानीय रहवासियों ने मदरसे के संचालन की निगम को की थी शिकायत***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के कल्पना नगर में नगर निगम के कम्युनिटी हाल में लंबे समय से कब्जा कर संचालित हो रहे निजी मिडिल स्कूल को बुधवार को अतिक्रमण अमले ने खाली करवा लिया। उक्त भवन पर अवैध रूप से कब्जा कर स्कूल संचालित किया जा रहा था।

स्थानीय रहवासियों ने उक्त भवन में मदरसे के संचालन की शिकायत निगम को की, इस पर स्कूल संचालिका को भवन खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया, लेकिन जब भवन नहीं खाली किया गया तो निगम ने इसे खाली करवाकर अपने कब्जे में लिया। निगम के जोन नं-15 का अमला व अतिक्रमण टीम संयुक्त कार्रवाई करने बुधवार को कल्पना नगर के कम्युनिटी हाल को खाली करवाने पहुंची। अमले ने स्कूल संचालन में



उपयोग हो रही कुर्सी, टेबल, अलमारी व अन्य सामग्री को भवन से बाहर रखवाकर भवन को अपने कब्जे लिया और ताला लगवाया। उक्त भवन में मदरसे का संचालन किए जाने की शिकायत कॉलोनी वासियों द्वारा की गई थी। मामला संज्ञान में आते ही जोनल अधिकारी ठाकुर सिंह ने कम्युनिटी हॉल में स्कूल का संचालन करने वाली रूशदा सुल्तान को भवन खाली करने के लिए नोटिस जारी किया, लेकिन उक्त संचालिका द्वारा हॉल से अपना सामान नहीं हटाया गया, जिस पर अमले व अतिक्रमण दस्ते ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए भवन को खाली करवाया। इस कार्रवाई के दौरान जोन-15 के जोनल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा अतिक्रमण विरोधी अमले की टीम मौजूद रही। जोनल अधिकारी की मौजूदगी में संपत्ति को कब्जे लेकर ताला लगवाया गया।

## कट्टा लेकर घूम रहे और बेचने वाले आरोपी को दबोचा

# देशी कट्टा व कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस ने इसरानी मार्केट में अवैध कट्टा लिए घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने कट्टा बेचने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस




के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक देशी कट्टा लिए घूम रहा है। मुखबिर के बताए ठिकाने पर पुलिस की टीम पहुंची। इस दौरान समानांतर रोड इसरानी मार्केट कॉलोनी में देखा कि तो एक संदिग्ध युवक पैदल-पैदल बस स्टैंड की तरफ तरफ आता हुआ दिखा। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास देशी कट्टा और कारतूस मिला। आरोपी ने अपना नाम समीर अली पिता कल्लु अली (25) ईसाईगंज कब्रिस्तान होंडा शोरूम के पीछे हनुमानगंज बताया।

## बैठक में प्रभारी नगर निवेशक को दिए अधिकार

# 165 से लेकर 223 स्क्वायर तक निर्माण की अनुमति दें सकेंगे प्रभारी नगर निवेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगम प्रशासन ने पहली बार विधानसभावार प्रभारी नगर निवेशक तैनात किए हैं। इसके मद्देनजर बुधवार को निगमायुक्त संस्कृति जैन और मुख्य नगर निवेशक नीरज आनंद लिखार की मौजूदगी में पावर डेलीगेशन बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि मुख्य नगर निवेशक और प्रभारी नगर निवेशक के पास कितने क्या अधिकार रहेंगे। मुख्य नगर निवेशक नीरज आनंद लिखार ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब जनता को छोटे-मोटे निर्माण की अनुमति के लिए भवन अनुज्ञा शाखा के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रभारी नगर निवेश विधानसभा के जोन कार्यालय में बैठेंगे, हालांकि फाइलों का काम निपटने के लिए वह भवन अनुज्ञा शाखा आ सकते हैं। अभी तक असिस्टेंट इंजीनियर के पास महज 165 स्क्वायर फीट तक के निर्माण की फाइल पास करने का अधिकार था। अब नए प्रभारी नगर निवेशक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में 165 से लेकर 223 स्क्वायर फीट तक के निर्माण की फाइलों को मंजूरी दे सकेंगे। इसके अलावा आवासीय और गैर आवासीय कंपाउंडिंग की फाइल भी यही निपटाएंगे।

## डीके कॉटेज में घरों पर चलाया हथौड़ा, बिना नोटिस तोड़फोड़

**भोपाल।** शाहपुरा के डीके कॉटेजमें बुधवार सुबह तब हड़कंप मच गया, जब कॉलोनी की रहवासी समिति ने अचानक तोड़फोड़ शुरू कर दी। समिति ने लोगों के घरों के सामने 'कब्जा' बताकर ढहा दिया। रहवासियों का आरोप है कि समिति ने इस पूरी कार्रवाई से पहले किसी भी घर के मालिक को कोई नोटिस नहीं दिया। इधर, तरुण सिंह, अध्यक्ष, डीके कॉटेज मेंटेनेंस कोआपरेटिव सोसाइटी का कहना है कि कॉलोनी में लोगों ने अपने घरों के बाहर बने रैंप पर टाइल्स लगा लिए। जबकि कॉलोनी में कई जगह सीवेज, पेयजल की पाइप लाइन और स्ट्रीट लाइट की केवल खराब हो गई है, जिसे सुधारने के लिए घरों के बाहर किए निर्माण को तोड़ा है।

## दिलीप गुप्ता के घर दिल्ली की आईटी टीम ने मारी रेड, जांच जारी

# भोपाल में माइनिंग कारोबारी पर इनकम टैक्स का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आयकर विभाग ने माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के ठिकानों पर बुधवार सुबह छापा मारा है। दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने शहर के कई स्थानों पर एक साथ रेड डालकर जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक टीम सुबह से ही दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित ठिकानों पर पहुंच गई।

टीम ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच शुरू की। छापे की कार्रवाई के दौरान आयकर अधिकारी कारोबारी से जुड़े कागजात, बैंक लेनदेन और अन्य



वित्तीय दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं। टीम पूरे मामले में आय और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है। इससे पहले आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भी दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित दो ठिकानों पर छापा मार चुका है। उस कार्रवाई में टीम को बड़ी मात्रा में नकदी, दस्तावेज और कई महत्वपूर्ण फाइलें मिली थीं। फिलहाल आयकर विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों के अनुसार दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि जैन परिवार से पांच करोड़ रुपए के लेनदेन के मामले में एक्शन आईटी का हो रहा है। शेयर में मुनाफा का हवाला देकर जैन परिवार को 5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में संभवतः आईटी ने दस्तावेज और निवेश को लेकर हुई आर्थिक गड़बड़ी की जांच कर रही है। फिलहाल यह जानकारी सामने आई है कि 35 करोड़ रुपए की एक और धोखाधड़ी के मामले में भी जांच की जा रही है।

# जननी और मुख्यमंत्री प्रसूति योजना के भुगतान में लापरवाही पड़ी महंगी, तीन कर्मचारी का काटा 10 दिन का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रसूताओं को समय पर जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना की राशि के निर्धारित समयावधि में भुगतान न करने पर रीवा एवं सीधी के तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों पर हुई कार्यवाही करते हुए 10 दिन का वेतन काटा गया है। मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओ में अनावश्यक विलंब करने तथा कार्य में रूचि न लेने के संबंध में स्वास्थ्य कर्मचारी रोहित सिंह, अरूण सिंह और रोहित सिंह को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। कार्य में



लापरवाही बरतने, राज्य कार्यालय के आदेशो की लगातार अवहेलना करने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन कर्मचारियों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुये 10 दिवस का वेतन कटौत्रा किया गया एवं चेतावनी दी गई है कि वे अपने कार्यो को सुचारू रूप से संपादित करे। कार्य में सुधार न होने पर इनके विरूद्ध दीर्घशास्ति अधिरोपित किये जाने की कार्यवाही की जाएगी।




## सीएमएचओ डॉ.शर्मा ने थमाया नोटिस, कार्रवाई की तैयारी

# लाइसेंस रिन्यूअल नहीं कराया तो एक अप्रैल से बंद होंगे 6 निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में लाइसेंस और पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराने वाले आधा दर्जन निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय ने ऐसे छह अस्पतालों को नोटिस जारी कर स्पष्ट किया है कि 31 मार्च के बाद बिना नवीनीकरण के उनका संचालन नहीं किया जा सकेगा। तय समय में आवेदन नहीं करने पर अब इन अस्पतालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। सीएमएचओ कार्यालय भोपाल द्वारा शहर के छह निजी अस्पतालों को लाइसेंस नवीनीकरण का आवेदन नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया है। इन अस्पतालों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने अस्पताल के लाइसेंस और पंजीयन के नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया था।

मध्यप्रदेश उपचारगृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (पंजीयन तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 (संशोधित 2021) के तहत निजी स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीयन अनिवार्य है। इस अधिनियम की धारा 3 के अनुसार बिना पंजीयन के निजी स्वास्थ्य संस्था का संचालन नहीं किया जा सकता।




### इन अस्पतालों को थमाया नोटिस

- लालघाटी चौराहा स्थित जहरा अस्पताल
- मोतिया तालाब रोड स्थित सरदार पटेल अस्पताल
- कैपिटल पेट्रोल पंप के पास राय हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
- बीडीए कॉलोनी गोदरमऊ गांधीनगर स्थित हेल्थ केयर हॉस्पिटल
- दानिश कुंज कोलार रोड स्थित भगवती गौतम अस्पताल,
- सोनागिरी पिपलानी पेट्रोल पंप के पास स्थित सचिन ममता अस्पताल।

### अस्पतालों ने ढाई महीने में भी नहीं किया आवदेन

*सीएमएचओ कार्यालय से अस्पताल संचालन के लिए पंजीयन और लाइसेंस लेना अनिवार्य होता है, जो हर तीन वर्ष के लिए जारी किया जाता है। इस वर्ष निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को एनएचएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के लिए करीब ढाई महीने का समय दिया गया था, लेकिन इन छह अस्पतालों ने निर्धारित अवधि में नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया।*

### 31 मार्च के बाद होगी कार्रवाई

*नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों के तहत रिन्यूअल आवेदन जमा नहीं करने पर इन अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 31 मार्च के बाद भी ये अस्पताल संचालित पाए गए तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

***डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ***

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930